रांची, बुधवार
12.03.2025
वर्ष : 10, अंक : 101 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरे हमारी, विश्वास आपका




website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री विधि-व्यवस्था को लेकर आज करेंगे समीक्षा बैठक

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की विधि-व्यवस्था को लेकर 12 मार्च को समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री जिले के डीसी और एसपी के साथ प्रोजेक्ट भवन में समीक्षा बैठक करेंगे। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री इस बैठक में विधि व्यवस्था पर समीक्षा के अलावा भी राज्य में नक्सल, संगठित आपराधिक गिरोह, अवैध खनन, नारकोटिक्स जैसे कई अहम मुद्दों पर भी चर्चा व समीक्षा करेंगे।

### जल्द जारी होंगे 100 और 200 के नए नोट : आरबीआई




**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जल्द ही महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में 100 और 200 रुपये मूल्य के नए बैंक नोट जारी करेगा। आरबीआई के मुख्य महाप्रबंधक पुनीत पंचोली ने मंगलवार को बताया कि इन नए नोटों पर रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। इन नए नोटों का डिजाइन मौजूदा महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 और 200 रुपये के नोटों के समान होगा।

### संसद में 13 मार्च को भी रहेगा अवकाश

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा की 13 मार्च को यानि होली के एक दिन पहले कोई बैठक नहीं होगी। दोनों सदनों की कार्य मंत्रणा समितियों ने इस संबंध में फैसला किया है। राज्यसभा सचिवालय की ओर से जारी बुलेटिन में सदस्यों को सूचित किया गया है कि सर्वसम्मति से कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में फैसला किया गया था और सदन में घोषित किया गया कि गुरुवार 13 मार्च को तय राज्यसभा की बैठक नहीं होगी। इसी तरह से लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति ने भी 13 मार्च को सदन की बैठक नहीं करने का फैसला किया है। इसमें सिफारिश की गई है कि लोकसभा शनिवार, 29 मार्च को इस नुकसान की भरपाई के लिए बैठ सकती है।

# झारखंड विस परिसर में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

बिभा संवाददाता

**रांची।** बजट सत्र के दौरान मंगलवार को सदन की कार्यवाही समाप्ति के बाद झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सहित मंत्री और सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के विधायक उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे पर फूलों की बारिश तथा अबीर-गुलाल लगाकर पवित्र त्योहार होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।





इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने समस्त झारखंडवासियों को पवित्र त्योहार होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने होली मिलन समारोह के बाद मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्योहार निकट है, रंगों के इस त्योहार को हम सभी लोग उत्सव के रूप में मनाना शुरू कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अपनी तथा राज्य सरकार की ओर से आप सभी को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि मैं आशा एवं उम्मीद करता हूं कि इस होली त्योहार के रंग-बिरंगे रंगों की तरह आपके जीवन में भी सुख, समृद्धि तथा खुशहाली आए। कामना है कि आप सभी लोग स्वस्थ रहें एवं एक सुंदर वातावरण में आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ यह त्योहार मनाए। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बसंत ऋतु का खास त्योहार होली, झारखंड के समस्त जनता के लिए जश्न और उमंग से भरा हो।

उल्लेखनीय है कि बजट सत्र में सदन की कार्यवाही अब 18 मार्च से शुरू होगी। होली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए सदन की कार्यवाही का औपबंधिक कार्यक्रम में कुछ बदलाव किए गए हैं। सदन की कार्यवाही 17 मार्च तक के लिए स्थगित की गई है। इस कार्य दिवस की समस्त कार्यवाही को अब 22 मार्च को लिये जाने का निर्णय लिया गया है।

# झारखंड का कुख्यात अपराधी अमन साहू पुलिस मुठभेड़ में ढेर

बिभा संवाददाता

**पलामू:** झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू पुलिस एनकाउंटर में मारा गया है। ये एनकाउंटर चैनपुर के अंधारी ढोडा इलाके में हुआ है। अमन साहू, रायपुर जेल से झारखंड आ रहा था। अमन साहू ने आज एक एसटीएस (स्पेशल टास्क फोर्स) जवान से इंसास राइफल छीनी थी और भागने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान पुलिस ने उसे गोली मारी। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अमन साहू को ढेर कर दिया। घायल जवान को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा एजेंसियां भी घटना से जुड़े अन्य



पहलुओं की जांच कर रही हैं।

झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बने कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू को पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। यह घटना मंगलवार की सुबह पलामू के चैनपुर के अंधारी ढोडा में हुई। अमन साहू को रांची पुलिस की टीम पूछताछ के लिए रायपुर से रांची ला रही थी। पुलिस ने उसे रिमांड पर लिया था। रायपुर से रांची लाने के दौरान पुलिस की गाड़ी पलामू के चैनपुर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

दुर्घटना के बाद अमन साहू ने पुलिस का हथियार छीन लिया और भागने लगा। पुलिस ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो उसने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। पुलिस की टीम ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें अमन साहू को कई गोलियां लगीं। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

उल्लेखनीय है कि झारखंड में अमन साहू गिरोह का आतंक और उत्पात अन्य आपराधिक गिरोहों की तुलना में बढ़ा है। तीन दिन पहले इसी गिरोह के अपराधियों ने रांची के बरियातू रोड में कोयला ट्रांसपोर्टर बिपिन मिश्रा पर फायरिंग की थी।

झारखंड पुलिस ने अमन साहू गिरोह के खिलाफ सबसे अधिक कार्रवाई की है, लेकिन अमन साहू गिरोह का उत्पात कम नहीं हुआ है। पिछले साल राज्य के अलग-अलग जिलों में इस आपराधिक गिरोह से जुड़े करीब 30 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### झारखंड को अपराध मुक्त बनाना है : डीजीपी



**रांची।** झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने कहा कि झारखंड को अपराध मुक्त बनाना है। अपराधी को कोई मैसेज नहीं, उस पर कार्रवाई होगी। मंगलवार को डीजीपी ने कहा कि अमन साहू मारा गया और एक हमारा जवान भी घायल हुआ है। मैंने एटीएस एसपी को पलामू भेजा है, मामले की जांच हो रही है, कैसे क्या हुआ? अमन साहू को पूछताछ के लिए नहीं लाया जा रहा था, उसे ट्रांजिट डिमांड पर लाया जा रहा था। एक केस में उसका रांची में ट्रायल होने वाला था। वह इतना शातिर अपराध कर्मी था कि उसे ट्रांजिट रिमांड पर लाने के लिए साधारण पुलिस कर्मी की टीम को नहीं बल्कि एटीएस की टीम को भेजा गया था। डीजीपी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झारखंड में अमन साव, विकास तिवारी, अमन श्रीवास्तव और प्रिंस खान गिरोह सक्रिय है। इन सभी पर नकेल कसा जाएगा। झारखंड अपराध मुक्त राज्य हो, इसके लिए पुलिस अपना काम कर रही है।

## शादी समारोह से लौट रहे तीन युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर में मंगलवार को एक स्कार्पियो ने खड़े ट्रक में टक्टर मार दी, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों में बरिष्ठ भाजपा नेता बास्को बेसरा के बड़े पुत्र अग्नि बेसरा भी शामिल है। इस हादसे में मृतकों की पहचान पश्चिमी सिंहभूम (जमशेदपुर) सुजीत कुमार सिंकू(20), पृथ्वी कुमार सहदेव (17) और सरायकेला-खरसांवा निवासी अग्नि बेसरा (25) के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार अलसुबह करीब 03 बजे जमशेदपुर से आ रही स्कॉर्पियो ने रामलखन सिंह कॉलेज के पास खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गये। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।



घायलों को अस्पताल भेजा गया। भाजपा नेता बास्को बेसरा ने बताया कि पुत्र अग्नि बेसरा रांची एक्सआईएसएस जेवियर कॉलेज रांची में एमबीए की पढ़ाई कर रहा था। सोमवार देर रात एक शादी समारोह से शिरकत कर अपने दोस्तों के साथ गम्हरिया लौट रहा था। इसी दौरान सड़क दुर्घटना में बड़े पुत्र समेत दो दोस्तों की मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि 04 अगस्त 2023 को चांडिल के कांदरबेड़ा के पास सड़क हादसे में बास्को बेसरा के छोटे पुत्र अनमोल बेसरा एवं उसकी साथी अनन्या वर्मा की मौत हो गई थी।

सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। परिजनों की मामले की सूचना दे दी गयी है। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

## अवामी एक्शन कमेटी, जम्मू-कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन पर पांच साल के लिए लगा प्रतिबंध

एजेंसी

**नई दिल्ली/श्रीनगर :** गृह मंत्रालय ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर के दो समूहों मीरवाइज के नेतृत्व वाली अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) और मसरूर अब्बास अंसारी की अध्यक्षता वाली जम्मू-कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन (जेकेआईएम) को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत पांच साल के लिए प्रतिबंधित संगठन घोषित किया।

मंत्रालय ने यह निर्णय जम्मू-कश्मीर में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों, अलगाववादी प्रचार और आतंकवाद को समर्थन देने में संगठन की कथित संलिप्तता का हवाला देते हुए लिया गया।

गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि एएसी गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त है, जो देश की अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा के लिए हानिकारक है और इसके सदस्य जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए आतंकवादी गतिविधियों और राष्ट्र विरोधी प्रचार में शामिल रहे हैं।

अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अलगाववाद को बढ़ावा देने और राष्ट्र विरोधी भावनाओं को बढ़ाने के लिए भारत सरकार के खिलाफ लोगों को भड़काने में उनकी कथित भूमिका के लिए मीरवाइज सहित अन्य सदस्यों के खिलाफ कई मामले दर्ज किए हैं। मंत्रालय ने मसरूर अब्बास अंसारी के नेतृत्व वाली (जेकेआईएम) पर भी यह कहते हुए प्रतिबंध लगाया है कि समूह के सदस्य सक्रिय रूप से आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करने के साथ ही राष्ट्र विरोधी प्रचार में लगे हुए हैं और केन्द्र शासित प्रदेश में अलगाववादी एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए धन जुटा रहे हैं।

## मॉरीशस सिर्फ एक साझेदार देश नहीं, हमारे लिए एक परिवार है : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मॉरीशस सिर्फ एक साझेदार देश नहीं है। हमारे लिए मॉरीशस एक परिवार है। यह रिश्ता इतिहास, विरासत और मानवीय भावना में गहरा और मजबूत है। उन्होंने कहा कि मॉरीशस भारत को व्यापक वैश्विक दक्षिण से जोड़ने वाला एक पुल भी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मॉरीशस भारत के सागर विजन के केन्द्र में है। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले, 2015 में उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में भारत के सागर विजन की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि सागर का मतलब क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास है। आज भी मॉरीशस इस विजन के केंद्र में है।



प्रधानमंत्री मोदी ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करने के लिए मॉरीशस की जनता और सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मॉरीशस की जनता और यहां की सरकार ने मुझे अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने का फैसला लिया है। मैं आपके इस निर्णय को विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूं। यह सिर्फ. मेरे लिए सम्मान नहीं है, यह भारत और मॉरीशस के बीच ऐतिहासिक रिश्तों का सम्मान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जब भी मॉरीशस आते हैं तो ऐसा लगता है कि अपनों के बीच आया हूं। उन्होंने कहा कि यहां की हवा, मिट्टी और पानी में अपनेपन का एहसास है। उन्होंने कहा कि वह 10 साल पहले इसी दिन मॉरीशस आए थे। होली के एक हफ़्ते बाद की बात है और मैं अपने साथ फगवा की खुशियां लेकर आया हूं। इस बार मैं होली के रंग अपने साथ भारत ले जाऊंगा।

# राजस्व विभाग का 7.58 अरब की अनुदान मांग स्वीकृत

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दौरान मंगलवार को भोजनावकाश के बाद राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग का 07 अरब, 58 करोड़, 97 लाख, 31 हजार रुपये की अनुदान मांग की स्वीकृति दी गई। इस दौरान विपक्ष सदन से अनुपस्थित रहा। इसलिए विपक्ष की ओर से लाया गया कटौती प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया। विपक्ष की ओर से अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव को विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने रखा था।



### भूमि के व्यावसायिक उपयोग पर सरकार लगाएगी टैक्स

विभागीय मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि राज्य सरकार भूमि का व्यावसायिक इस्तेमाल करने पर टैक्स लगाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सही है कि राज्यों में दाखिल-खारिज कराने को लेकर समस्याएं हो रही हैं। इसे लेकर विभाग की ओर से अधिकारियों को कहा गया है कि दाखिल-खारिज का यदि कोई मामला का रिजेक्ट किया जाता है तो उस पर 50 शब्दों की टिप्पणी जरूर दें।

### जीएम लैंड को किया जाएगा लैंड बैंक से बाहर

मंत्री ने कहा कि राज्य में पेसा कानून के तहत जमीन को संरक्षित करने का प्रयास राज्य सरकार कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण कानून के तहत प्रावधान था कि यदि कोई उद्योगपति अधिग्रहित जमीन का उपयोग नहीं करता है तो पांच वर्षों के भीतर उसे रैयत को लौटाने का प्रावधान था, जबकि भाजपा शासन के दौरान इस जमीन को भी लैंड बैंक में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने राज्य के गोचर जमीन और गैरमजरूआ जमीन को लैंड बैंक में डाला गया है। इस जमीन को राज्यर सरकार लैंड बैंक से बाहर करने का प्रयास करेगी।

### 13 सीमावर्ती जिलों में बनेंगे चेक पोस्ट

मंत्री ने कहा कि सरकार सीमावर्ती 13 जिलों में चेक पोस्ट बनाएगी। इससे सरकार को एक हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। वहीं मंत्री ने राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में हुई वृद्धि पर कहा कि सरकार सड़क सुरक्षा को स्कूलों की पाठ्य पुस्तकों में शामिल करेगी। ताकि अधिक से अधिक लोग इसे लेकर जागरूक हो सकें।

### राज्य में बने विस्थापन आयोग : जयराम

**रांची।** बजट सत्र में मंगलवार को भोजनावकाश के बाद जेकेएलएम के विधायक जयराम महतो ने कहा कि राज्य में भूमि को लेकर कई आंदोलन हुए हैं। रांची में लोग सरना झंडा गाड़कर जमीन बचा रहे हैं। सरकार सीएनटी से जुड़े जमीन की वापसी रैयतों को कराए। उन्होंने सरकार से विस्थापन आयोग के गठन करने की मांग की। उन्होंने कहा कि लोगों का जमीन में एवज में मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। कंपनियों को जमीन 999 साल की लीज पर दी जा रही है। मुआवजे की आस में लोगों की कई पीढ़ियां खप जाएंगी।

### खान नीति के चलते बंद हो रहे उद्योग : अरूप

मासस विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि राज्यों में खनन नीति नहीं होने के कारण संबंधित खनिजों पर आधारित उद्योग बंद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमीन की कमी के कारण अंचलों में जमीन से जुड़े काम लंबित हैं। उन्होंने सरकार से मानकी मुंडा के मानदेय का भुगतान कराने का आग्रह किया।

### 29 में से केवल खान के तीन ब्लॉक में ही काम शुरू : सरयू

जदयू विधायक सरयू राय ने कहा कि पड़ोसी राज्या छत्तीसगढ और उत्तराखंड की तुलना में झारखंड के खान विभाग का बजट बेहद कम रखा गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य में 29 खान के ब्लॉ?क का आवंटन किया है। इसमें से महज तीन ब्लॉ क में ही काम शुरू किया जा सका है, जबकि एक ब्लॉक में य?दि काम शुरू हो तो राज्य को 500 करोड़ रुपए के राजस्वर की प्राप्ति होती। उन्होंने कहा कि बजट में खान विभाग को लेकर एक लाइन में भी जिक्र नहीं है। इससे पता चलता है कि सरकार को खान विभाग को लेकर कितनी रूचि है।

## मतदाता सूची, परिसीमन के मुद्दे पर राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मतदाता सूची में कथित हेराफेरी और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे पर कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सहित अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को राज्यसभा में भारी हंगामा किया, जिसके कारण उच्च सदन की कार्यवाही शुरू होने के करीब बीस मिनट बाद दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर उपसभापति हरिवंश ने आवश्यक कामकाज पटल पर रखवाने के बाद बताया कि कांग्रेस, द्रमुक, आम आदमी पार्टी, बीजू जनता दल (बीजद) सहित कुछ अन्य दलों के सदस्यों की ओर से नियम 267 के तहत कुल 27 नोटिस मिले हैं। उन्होंने सभी नोटिस अस्वीकार कर दिए।

इसके बाद विपक्षी दलों ने हंगामा और नारेबाजी आरंभ कर दिया। द्रमुक के कुछ सदस्य आसन के निकट आकर नारेबाजी भी करने लगे। हंगामे के बीच ही उपसभापति ने शून्यकाल आरंभ किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजीव भट्टाचार्य सहित कुछ अन्य सदस्यों ने अपने-अपने मुद्दे उठाए।

इसी बीच, द्रमुक के आर गिरिराजन ने शून्यकाल के तहत दक्षिणी राज्यों में प्रस्तावित परिसीमन का मुद्दा उठाया और कहा कि यह तमिलनाडु को कतई स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा कि दक्षिण के राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है लेकिन वहां की लोकसभा सीटों की संख्या में कटौती करके उन्हें दंडित किया जा रहा है।

# संक्षिप्त खबरें

## शांतिधारा फाउन्डेशन ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया



**रामगढ़(बिभा)** : शांतिधारा फाउन्डेशन के सौजन्य से थाना रोड स्थित सुकलयाणी हेल्थ सेंटर में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। डा० के० चन्द्रा, नूपुर चन्द्रा, स्नेह लता तथा सुरेश पी अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। इससे पूर्व शांतिधारा फाउन्डेशन के सदस्यों ने सभी डाक्टरों तथा अतिथियों का पुष्प गुच्छ प्रदान कर अभिनंदन किया गया। डा० के० चन्द्रा ने कहा कि शांतिधारा फाउन्डेशन निरन्तर समाज सेवा का कार्य कर रही है॥ हम लोगों को भी सेवा करने का अवसर मिला है। शिविर में हृदय तथा मधुमेह रोग विशेषज्ञ डा० के० चन्द्रा, हड्डी नस एवं गठिया रोग विशेषज्ञ डा० मानस चन्द्रा महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा० प्रज्ञा श्रीवास्तव ने लगभग 80 मरीजों की जाँच कर उन्हें चिकित्सीय परामर्श दिया। शिविर में ईसीजी, एक्स-रे तथा मधुमेह की निःशुल्क जाँच की गई तथा जरूरतमंद मरीजों को दवाई भी प्रदान की गई॥ इस अवसर पर आयुष कुमार, मनजीत साहनी, रतन जैन, ओंकार मल्होत्रा, जीवन जैन, राजेश अग्रवाल उपस्थित थे।

## भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में फूड फेस्टिवल प्रतियोगिता का आयोजन



**मांडर(बिभा)** : प्रखण्ड स्थित कन्दरी में मंगलवार को भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में होली के शुभ अवसर पर फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन महाविद्यालय के अध्यक्ष महोदया श्रीमति छवि सिन्हा, महाविद्यालय के सचिव श्री नितिन पराशर तथा शैक्षणिक सचिव श्रीमति दीपाली पराशर ने फीता काट कर किया। इस फूड फेस्टिवल में अनेको फूड स्टॉल लगाये गये जिसमें मडुवा वरफी, मडुवा लडूडू, मिल्क शेक, एपे, इटली, डोसा भेलपुरी, फूचका, रसमलाई, जैसे अनेकों व्यंजन के स्टौल थे। यह फूड स्टॉल भले ही एजुकेशन विभाग के छात्र-छात्रों द्वारा लगाया गया लेकि इसके व्यंजनों का आन्नद नर्सिंग, फामेर्सी, जीएनएम के व्याख्याता छात्र-छात्राओं द्वारा भी खुब लिया गया। यहीं नहीं छात्र-छात्राओं के अभिभावक के साथ-साथ मांडर प्रखण्ड के ग्रामीणवासी भी इसका खुब लुप्त उठाये। महाविद्यालय के सचिव श्री नितिन पराशर ने कहा कि महाविद्यालय गुणवणतापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए भी एक प्लेटफार्म देने का प्रयास सदैव करता रहा है। महाविद्यालय के शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या श्रीमति दीपाली पराशर ने कहा कि महाविद्यालय में नामांकित बच्चे भले ही ग्रामीण क्षेत्र से आये हो परन्तु उनके द्वारा बनाये गये व्यंजन अपने आप में लाजवाब है। कार्यक्रम में बी०एड० के एच० ओ० डी० श्री राकेश कुमार राय, आई०क्यू०ए०सी० कॉर्डिनेटर श्री मनोज कुमार गुप्ता, रिभा कुमारी, विवेक राज जायसवाल, अमित कुमार, जलीस अहमद, शिव्या सक्सेना, कार्यालय अध्यक्ष एस०एन० सहाय कर्मचारी तुलसी दास, चंदन कुमार, सलमान, इमरोज आदि उपस्थित थे। फूड फेस्ट में टोकन की भी व्यवस्था की गई थी। जिस स्टॉल में सबसे ज्यादा बिक्री हुई उसको महाविद्यालय द्वारा मोमेंटों कप और सार्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया प्रथम विजेता ज्ञानवी ग्रुप, द्वितीय विजेता समीर ग्रुप तथा तृतीय विजेता के रूप में प्रज्ञा ग्रुप रहें।

## होली को लेकर शांति समिति की बैठक



**मांडर(बिभा)**। मांडर थाना परिसर में होली महापर्व एवं रमजान के महीने को लेकर मांडर अंचल अधिकारी सह विकास पाधिकारी चंचला कुमारी की अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक मंगलवार को किया गया। इस शांति समिति बैठक में प्रखंड के जन प्रतिनिधि सहित गणमान्य लोगो ने हिस्सा लिया। प्रशासन ने सभी समुदाय के लोगो से आपसी भाईचारे के साथ शांति बनाए रखने की अपील किया। मांडर थाना प्रभारी राहुल कुमार ने कहा कहा कि त्योहारों का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। अफवाहों और गलतफहमियों से माहौल खराब नहीं होने दिया जाएगा। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। धार्मिक स्थलों के आसपास सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई होगी। शांति समिति के सदस्यों और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया। सभी ने त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की प्रतिबद्धता जताई। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अफवाहों से बचने और किसी भी समस्या की सूचना तुरंत देने की अपील की। मौके पर आईएचएम प्राचार्य डॉ भूपेश, विधायक प्रतिनिधि नसीम अंसारी व आबिद अंसारी, उप प्रमुख अमानत अंसारी, जहीर खान, रामबालक ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## खूँटी राइफल शूटिंग क्लब ने मनाया दूसरा स्थापना दिवस



**खूँटी(बिभा)** ।जिले के राइफल शूटिंग क्लब का दूसरा स्थापना दिवस सोमवार को मनाया गया। जो कि हेल्थ क्लब में रायफल शूटिंग क्लब के निशानेबाजों व सदस्यों ने क्लब के दो वर्ष पूरा होने की खुशी जताई। इस मौके पर प्रशिक्षु खिलाड़ियों के बीच मिठाई वितरण किया गया। इस स्थापना दिवस समारोह में राइफल शूटिंग क्लब के सभी खिलाड़ी शामिल हुए। इस दौरान आगामी कई प्रतिस्पधाओं में अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया।

# पंचायत समिति की बैठक में मुरहू प्रखंड के योजनाओं की हुई मासिक समीक्षा



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । मुरहू प्रखण्ड सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की बैठक की गयी। इस बैठक में लगभग सभी पंचायत समिति सदस्यों का स्वागत किया गया। उक्त बैठक का संचालन उपप्रमुख अरुण कुमार साबू ने किया तथा सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की गयी। उप प्रमुख ने कहा आंगनबाड़ी की कार्यशैली से हताश हूँ। उन्हें पूर्व बैठक की अनुपालन हेतु कार्यालय से प्रतिवेदन देने के पश्चात भी अनुपालन समर्पित नहीं किया। इसके साथ ही, बैठक में अन्य विभागों की समीक्षा के दौरान जनहित में कार्य को बढ़ाने और नियमित भुगतान करने सहित अन्य निर्णय उप प्रमुख ने लिया कहा अबुवा आवास का भुगतान करते हुए। सुयोग्य लाभुकों का चयन प्रधानमंत्री आवास के लिए करेंगे। साथ ही ग्रीन कार्ड में मैया सम्मान योजना के तहत अयोग्य लाभुकों का चयन कर कार्ड से नाम हटाया जाएगा । प्रमुख ने कहा शिक्षा बिभाग ब्लॉक प्रोग्राम अधिकारी के शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की अनुपस्थित पर असंतोष जताया साथ ही आंगनबाड़ी के द्वारा पूर्व बेठक का अनुपालन नही करने पर असंतोष जाहिर किया ।

अंचल अधिक्कारी ने बताया कि प्रत्येक बुधवार को उनके कार्यालय में समाधान केंद्र का शुरूआत किया गया है जो जनहित काफी लाभकारी होगा । उप प्रमुख ने पंचायत समिति के आमदनी के लिए योजना के तहत कार्य लेने हेतु सभी सामिति सदस्य से आग्रह किया।

शिक्षा बिभाग द्वारा बताया गया कि लगभग 4500 बच्चों का आधार कार्ड आज भी लंबित है जिसे बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र में बिलंब का करना बताया जिसे त्वरित संधान करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि फार्म 14 सांख्यकी विभाग से लेकर माता पिता भरे और आवेदन कर दे कार्य हो जायेगा । उप प्रमुख ने बैठक में सरकार के अबुवा आवास के सम्बंध में कहा कि योजना का बोर्ड लागये जाय। पशुपालन बिभाग से उप प्रमुख ने कहा कि योजना का संचालन लाभुकों को ट्रेनिग देकर ही करे अन्यथा आजीविका का योजना खराब हो रहा है । मनरेगा की समीक्षा में मनरेगा पादधिकारी ने बताया कि लंबित ययोजना को ओरण करने हेतु बिभाग के पाया राशि स्वीकृति हुतु फाइल गई है ।

बेठक में मुरहु साइको थाना ,वन बिभाग ,इसके अलावा वैसे और भी बिभाग थे जो नही आये उन्हें प्रमुख ने कहा कि स्पस्टीकरण पूछा जाए ।

बैठक में मुरहू में एक ऑटो स्टैंड अस्थाई तोर पर हो इसके लिए स्थान चिनिहत करने हेतु कहा गया है ।

जल नल योजना के तहत बिभाग से उप प्रमुख अरुण साबू ने बताया जिन संकुलों के योजना पूरी हो गई है उसका सूची प्रदान करें औ? जिन संकुलों के कार्य चल रहा है उसकी जानकारी दें। तथा गुणवत्ता पूर्वक कार्य संवेदक करे इसपर आश्वास्त करे।

सहकारिता विभाग की पदाधिकारी ने प्रखण्ड के कार्यो की जानकारी लेकर अगली बैठक में आने हेतु आग्रह किया कहा सहकारिता के अंतर्गत योजना की जाँच की जा रहेहै ।प्रमुख ने बैठक में कहा कि आने वाले समय में योजना की जांच होगी इससे पहले आप अयोग्य लाभुकों की सूची बना ले ।और उसे ततकाल रद्द करे। संसद प्रतिनिधि ने कल्याण विभाग से कहा कि सरकार की आपूर्ति साइकिल को इस माह के अंत तक वितरण कर समाप्त करें। बैठक में 12 मार्च को प्रखण्ड परिसर में रंगों का पर्व होली मिलन कार्यक्रम का निर्णय लिया गया ।धन्यबाद औरना साबू ने किया और आज की बैठक की समाप्ति की घोषण के गयी।

## शांति समिति की बैठक मे, सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील



बिभा संवाददाता

**खलारी**। खलारी प्रखंड सभागार में मंगलवार को रंगो का त्योहार होली को लेकर शांति समिति सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता पुलिस उपाधीक्षक राम नारायण चौधरी,खलारी थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो अंचलाधिकारी प्रणव अमबषट,प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने की।बैठक में डीएसपी राम नारायण चौधरी ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है,लेकिन कई बार असामाजिक तत्व इस उल्लास में खलल डालने की कोशिश करते हैं।ऐसे में प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है,लेकिन समाज के सहयोग के बिना हर जगह मौजूद रहना संभव नहीं। उन्होंने दोनों समुदायों से शाति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।अंचलधिकारी प्रणव अमबषट ने कहा कि रमजान का महीना चल रहा है और इसी दौरान होली का पर्व भी है।दोनों समुदायों को चाहिए कि वे आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ अपने-अपने त्योहार मनाएं।थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।किसी भी तरह की गड़बड़ी या डीजे बजाने से हुए नुकसान की शिकायत मिलने पर डीजे संचालक और आयोजक दोनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।साथ ही, होली के दिन जबरन रंग लगाने या हुड़दंग मचाने वालों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी।इंदिरा देवी ने कहा कि होली मेलजोल और खुशी का पर्व है, जिसे सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से आग्रह किया कि रमजान को ध्यान में रखते हुए किसी दूसरे समुदाय के व्यक्ति पर जबरदस्ती रंग न डालें।और उन्होंने प्रशासन को यह भी कहा कि जुआ पर विशेष निगरानी रखने को कहा।

# बंता में जल जीवन योजना की राशि का बंदरबांट, 3 साल बीतने को है पड़ा है अधूरा





बिभा संवाददाता

**सिल्ली** : सिल्ली में जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर में नल से जल देने की योजना फेल होती नजर आ रही है. विभाग की इस योजना का ग्रामीणों को कोई लाभ मिलता नजर नही आ पा रहा है. बंता में अधूरी योजना विभाग की पोल खोलने का काम कर रही है.स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी है योजना की लागत राशि 18 करोड़ बताया जाता है जिसमें अधिकांश लागत राशि का बंदरबाँट हुआ है और निर्माण कार्य आधा से अधिक अधूरा पड़ा है। कार्य स्थल पर संबंधित ठेकेदार और विभाग का कोई अता पता नही है। इस संबंध में पूछने के लिए ठेकेदार से संपर्क किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया ठेकेदार उत्तर प्रदेश निवासी बताया जाता है। इधर विभाग के जेई से इस संबंध में पुछे जाने पर बताया पेमेंट का इशू है।

### निर्माण स्थल फेंका पड़ा है दो-दो शिलान्यास पट्ट

योजना का शिलान्यास पूर्व विधायक सुदेश महतो के कर कमलों से स्थानीय सांसद संजय सेठ का गरिमामयी उपस्थिति में 8 मई 2023 को शिलान्यास किया गया था. दूसरा शिलान्यास पट्ट के मुताबिक बंता सभा एंव मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कर कमलों द्वारा किया गया है। इस योजना का शिलान्यास होने से लोगों को उम्मीद जगी थी कि यह योजना शायद उनकी प्यास बुझाएगी. परन्तु तीन साल बीतने को और निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हैं जिसे ग्रामीण निराश भी और गुस्से में भी। ग्रामीण कहते है बड़ी तामझाम के साथ शिलान्यास किया जाता है शिलान्यास के दौरान योजना का क्रेडिट लेने के लिए बड़ी बड़ी बातें कही जाती है योजना का लाभ मिलें ना मिलें इसे कोई मतलब नही।

## कोयलांचल के वरिष्ठ पत्रकार का मेदांता अस्पताल मे निधन

**खलारी( बिभा)**। खलारी के वरिष्ठ पत्रकार मुक्ति नाथ गिरि का मंगलवार को रांची के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया.सोमवार तड़के खलारी पत्रकार कॉलोनी स्थित उनके आवास पर ब्रेन स्ट्रोक के बाद गंभीर स्थिति में इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था.अस्पताल में उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था.वेंटिलेटर से हटते ही चिकित्सकों ने उन्हें शाम 4:05 बजे मृत घोषित कर दिया.वे पिछले पांच साल से बीमार थे.दोनों किडनी फेलियर होने के कारण सप्ताह में तीन दिन डायलिसिस हो रहा था.उन्होनें वर्ष 1988 में रांची विश्वविद्यालय से पत्रकारिता की पढ़ाई पूरी करने के साथ-साथ उसी वर्ष से 2000 तक प्रभात खबर के लिए काम किए बाद में हिन्दुस्तान और एनआईए से जुड़े रहे.कोयला क्षेत्र में नक्सली और अपराधिक गतिविधियों पर उनकी मजबूत पकड़ थी और अपने पत्रकारिता के माध्यम से खलारी कोयलांचल के विकास में बड़ा योगदान दिया.खलारी को प्रखंड बनाने के लिए उन्होंने जो जन आंदोलन खड़ा कराया इसके लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी उनकी प्रशंसा की थी.अपने पीछे पत्नी सहित दो पुत्र छोड़ गए हैं.उनके निधन की खबर सुनकर पूरे कोयला क्षेत्र में शोक की लहर है.

## होली मिलन कार्यक्रम कर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने किया समिति का पुनर्गठन



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । खूँटी क्लब में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के द्वारा एक दिवसीय सम्मेलन व होली मिलन समारोह मनाया गया।

इस समारोह में झारखंड आंदोलनकारियों के राजकीय मान सम्मान ,अलग पहचान, रोजी रोजगार व नियोजन की गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए सम्मान पेंशन राशि 50 - 50 हजार रुपया सरकार से देने की मांग को लेकर 24 मार्च को विधानसभा घेराव- प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही खूँटी जिला समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें विजय कुमार सिंह को अध्यक्ष, सामुएल सांगा, बलराम माझी, कंचन होरो को उपाध्यक्ष, राजेन कुजु- सचिव, मनोज गोप- उपसचिव, महबूब अंसारी- कोषाध्यक्ष, अनवर जावेद- उप कोषाध्यक्ष, सूरज गोप- संगठन सचिव ,अजय सिंह मीडिया प्रभारी, बद्री साहू एवं जावेद पासा को जिला संयोजक चुना गया। इस अवसर पर राजेंद्र मनोज राम, सुदर्शन भोक्ता, मंगल देव मुंडा , कंचन कुमार होरो, बुधराम मुंडा, जोसेफ धान, एंथोनी लकड़ा, बसंत पूर्ति के अलावे अन्य आंदोलनकारी उपस्थित थे।

## आयरन गोली खाने से 1.5 वर्ष के बच्चे की हालत बिगड़ी, रिम्स रेफर



**खूँटी (बिभा)**। अड़की थाना क्षेत्र के उलिहातु गाँव निवासी सामुएल गुड़िया का डेढ़ वर्षीय पुत्र ने मंगलवार को खेल खेल के क्रम में आयरन गोली खा गया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। जिसके बाद उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए सदर अस्पताल लाया गया जहाँ से बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। अभी बच्चे की स्थिति गम्भीर बनी हुई है। घर वालों ने बताया कि 1.5 वर्षीय जोरोंग गुड़िया ने पाँच छह आयरन गोली खा गया। जिसके बाद उल्टी आया और बेहोशी की हालत में आने से घर के लोगों को चिंता हुई। फिर उल्टी करने में कुछ गोलियाँ तो निकली पर स्थिति गम्भीर होती चली गयी। जिसकी जानकारी गाँव के एमपीडब्ल्यू जैतून पूर्ति को दिया। तभी एमपीडब्लयू जैतून पूर्ति का बच्चे को सदर अस्पताल पहुँचाने में अहम भूमिका रहा ।जिसे उन्होंने उपचार कराकर रिम्स रेफर कराया ।

## सदर अस्पताल में डायलिसिस यूनिट एवं रनिया तथा अड़की में खुलेगी कुपोषण उपचार केंद्र

### खूँटी स्वास्थ्य विभाग के साथ द हंस फाउंडेशन ने निःशुल्क डायलिसिस एवं कुपोषण उपचार केंद्र की स्थापना हेतु किया एकरारनामा

बिभा संवाददाता

**खूँटी** । खूँटी ।उपायुक्त के नेतृत्व में मंगलवार को जिले के सदर अस्पताल में डायलिसिस केंद्र एवं रनिया तथा अड़की प्रखंड में अब नया कुपोषण उपचार केंद्र की शुरूआत हुई ।यह डायलिसिस तथा उपचार केंद्र द हंस फाऊंडेशन की ओर से निःशुल्क संचालित किए जाएंगे, जिसको लेकर सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय कक्ष में द हंस फाउंडेशन के साथ दो इकरारनामा पर हस्ताक्षर हुई। इस मौके पर जानकारी देते हुए सिविल सर्जन ने कहा डायलिसिस केंद्र किडनी से सम्बंधित रोगियों के लिए एवं कुपोषण उपचार केंद्र कुपोषित बच्चों के लिए वरदान है। इन केंद्रों पर किडनी से सम्बंधित रोगी आजीवन निःशुल्क सेवा ले सकते हैं। वहीं द उपचार केंद्र पर कुपोषित बच्चों की पहचान होने के बाद भर्ती करा दिया जाता है जिसके बाद यहां कुपोषित बच्चे को आधुनिक तरीके से इलाज किया जाता है। बच्चे में सुधार होने के बाद, उसे घर भेजा जाता है। बच्चे को घर भेजे जाने के बाद भी स्वास्थ्यकर्मी बच्चे की लगातार देखभाल करते हैं। उन्होंने कहा केंद्र में कुपोषित बच्चों को लाने का काम स्वयं अभिभावकों के द्वारा, आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा कुपोषित बच्चों की पहचान करके उसे केंद्र में भर्ती कराया जाएगा। भर्ती किए गए बच्चों को गुणवत्तापूर्वक पौष्टिक आहार एवं अत्याधुनिक जाँच कर, बेहतर चिकित्सा चिकित्सकीय सेवा दिया जाएगा, मुफ्त दवा एवं इलाज, मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन के अलावा मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। यह जानकारी हंस फाउंडेशन के प्रबंधक राम राज ने दी।

## कर्रा में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



बिभा संवाददाता

**खूँटी** ।जिले के अंतर्गत आनेवाले कर्रा व जरियागढ़ थाना में मंगलवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक तोरपा एसडीपीओ खिस्टोफर केरकेट्टा की अगुवाई में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी वंदना भारती, तोरपा अंचल निरीक्षक अशोक सिंह उपस्थित रहे। वहीं प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा होली पर्व प्रेम पूर्वक तरीके मनाने कि बात कही। वहीं रमजान के महिना चलने के कारण जबरन किसी को रंग नहीं लगने का अपील किया गया जिससे त्योहार आपसी भाईचारगी व खुशी बनी रही। वहीं होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए शांति समिति के सदस्यों ने अपने अपने विचार साझा किया. कर्रा में? 13 मार्च के रात्रि को बड़ाईक टोली कर्रा में होलिका दहन है और 15 मार्च शनिवार को धूमधाम से होली मनाने बात कही गयी । जिसमें जुलूस में अश्लील गाना बजाने पर रोक लगाई गयी एवं त्योहार के दौरान कुछ ऐसा ना करें जिससे दुसरो को परेशानी हो वही त्योहार मनाने में प्रशासन की तरफ से भी सहयोग देने कि बात कही गयी और शांति समिति की बैठक पर सभी ने एक दूसरे गुलाल अबीर होली की बधाई दिया। मौके पर कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार, जरिया गढ़ थाना प्रभारी राजू कुमार, मुखिया रश्मि लकड़ा, मुखिया सुनिता चोचा, पूनम बारला, क्षत्रि हेमरोम, मिना देवी, विनोद प्रसाद सोनी, मकसूद अंसारी, परवेज खान, केदार प्रसाद, दिलीप सिन्हा, विष्णु कुमार सोनी, नागेश्वर महतो, शिव कुमार लाल, रिंकू भगत, आशिष लाल, महादेव लोहरा,अफजल मिरयासी, बंधना उरांव के अलावे अनेक लोग उपस्थित थे।

## शिव मंडा पूजा समिति के नई कार्यकारिणी का गठन



**रांची( बिभा)** : शिव मंडा पूजा समिति, चुटिया, रांची की एक आम बैठक समिति के संरक्षक राधेश्याम केसरी के अध्यक्षता में राम, लखन, जानकी स्मृति भवन, महादेव मंडा के प्रांगण में संपन्न हुआ। वर्ष 2024-25 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया जो सर्व सहमति से पारित हुआ, साथ ही इस वर्ष शिव मंडा पूजा धूमधाम से मनाने के लिए मंदिर के पुजारी पं. हरिमोहन पांडे जी ने पूजन कार्यक्रमों की घोषणा की और सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

# बुढीरोमा गाँव में देवी पूजा के लिए निकला भव्य कलश यात्रा



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । जिले के कर्रा प्रखंड अंतर्गत बुढ़ीरोमा गाँव में मंगलवार को गाँव स्थित देवी मंडप में शक्ति की देवी का पूजा अर्चना पंडित सीताराम पाठक द्वारा विधि विधान के साथ कराया गया। इसके पहले एक सौ एक युवतियों और महिलाओं कारो नदी में नंगे पांव जाकर माता गंगा एवं सूर्य भगवान का स्तुति करते हुए जल उठाये। उसके बाद कलश यात्रा निकाला गया सभी महिलाएँ और युवतियों ने देवी, दुर्गा की जय, सरना, सनातन की जय, जय बजरंगबली का उदोष लगाते हुए पूरा गांव का भ्रमण करने के बाद देवी मंडप में आकर जल अभिषेक किया।

पंडित सीताराम पाठक द्वारा देवी मंडप का शुद्धिकरण करने के बाद देवी मां के साथ गांव इष्ट देव को सुमरते हुए पुजारी रघु पहान को पूजा विधि विधान के साथ कराया। पुजारी रघु पाहन ने माँ देवी से आराधना करते हुए कहा कि हमारे घर गांव को शक्ति प्रदान करते हुए निरोग के साथ हरियाली और खुशहाली सभी के चेहरे में हमेशा बनाए रखें।

माँ देवी आपही की शक्ति से यह संसार के सभी जीव जंतु जीवित हैं। पूरे भारतवर्ष में कभी भी महामारी जैसा बीमारी ना हो।

### निर्जला उपवास किया था बुढीरोमा गांव के ग्रामीण

गांव में पूजा को लेकर मंगलवार को सुबह से ही महिलाएं युवतियां अपने-अपने घर आंगन को सफाई करने के बाद सभी कोई निर्जला उपवास रखकर माता देवी का पूजा अर्चना दिन भर किया।

इसके बाद प्रसाद के साथ खीर,पुडी और खिचड़ी का भोग लगाया गया उसके के बाद सभी उपस्थित लोगों के बीच वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लव सिंह, सनम उरांव, भंगा पाहन, सोमरा, पाहन, विष्णु सिंह, वार्ड सदस्य बसंती उराईन, हेमलता देवी, प्रीति देवी, महादेव, एतवा महतो, सुरेन्द्र हजाम, राजेन्द्र हजामत, कुश सिंह, बंधना लोहरा, विनोद सिंह के अलावा ग्रामीणों ने सहयोग किया।

## जिला स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित



बिभा संवाददाता

**खूँटी** । सिविल सर्जन कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में मंगलवार को सिनी संस्था द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में सिविल सर्जन नागेन्द्र मांझी, कानन बाला तिर्की, श्वेता सिंह, उदयन शर्मा, सिनी के कार्यक्रम प्रबंधक रेहान सिद्दीक, राजेश मिश्रा सहित अनेक सम्बंधित लोगों ने भाग लिया। जिसमें गैर संचारी रोग स्क्रीनिंग के परिणामों पर चर्चा के साथ-साथ सत्र में मूल गैर-संचारी रोगों और अन्य जीवन शैली से संबंधित रोगों पर ध्यान केंद्रित किया गया। सिनी के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### आजसू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता ने झामुमो की सदस्यता ली



**रांची(बिभा):** रांची के हरमू स्थित झामुमो के केंद्रीय कार्यालय मे सिल्ली प्रखंड के पंचायत समिति सदस्य सह आजसू के पूर्व सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष अनिल कु मांझी एवं वरिष्ठ नेता पिंटू कु बेदिया के साथ अन्य ने पार्टी के नीति सिद्धांतों व केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन जी और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व पर आस्था व्यक्त करते हुए झामुमो की सदस्यता ली। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता श्री विनोद कुमार पांडेय जी ने सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर और सदस्यता रसीद देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम जी के अगुवाई मे सभी ने पार्टी की सदस्यता ली। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, धर्मेंद्र सिंह, पूर्व जिला प्रवक्ता अरविंदर सिंह देवल और पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष मो फकरुद्दीन उपस्थित रहे।

### झारखंड कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने के बयान पर भाजपा ने के राजू को घेरा

**रांची(बिभा)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू को उनके बयान को लेकर घेरा है। प्रतुल ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के राजू के झारखंड कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने की बात कह कर पूरी की पूरी झारखंड कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर दिया है। अब कांग्रेस के कार्यकर्ता ही एक दूसरे को शंका की दृष्टि से देख रहे हैं। मंगलवार को भाजपा के प्रदेश वक्ता ने कहा कि प्रदेश प्रभारी राजू को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर भाजपा का स्लीपर सेल कांग्रेस में कौन है। क्या वह प्रदेश अध्यक्ष हैं या मंत्रियों में कोई है या विधायकों में कोई है। प्रदेश पदाधिकारी में कोई है या फिर दूसरे नेता है। प्रतुल ने कहा ऐसा बयान देकर प्रदेश प्रभारी ने दशकों से निष्ठा से कांग्रेस का झंडा उठा रहे हजारों कांग्रेसियों के निष्ठा पर ही प्रश्न चिन्ह कर दिया है। प्रतुल ने कहा कि अफसोस कांग्रेस का कोई एक नेता भी प्रभारी के इस बयान का विरोध नहीं कर रहा है। किसी समय कांग्रेस में आंतरिक प्रजातंत्र जीवित हुआ करता था, लेकिन अब तो अपने बड़े नेताओं के सामने कांग्रेस के कार्यकर्ता गलत बात का विरोध भी नहीं करते हैं। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस प्रभारी राजू कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी का अनुसरण कर रहे हैं। राहुल गांधी ने गुजरात में गुजरात कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने की बात कही थी। इसका गुजरात के कांग्रेस के कुछ नेताओं ने जबरदस्त विरोध किया था। गुजरात में तीन दशकों से सत्ता से बाहर कांग्रेस अब अपने कार्यकताओं को ही इसका जिम्मेदार बता रही है। प्रतुल ने कहा कि इस पूरे मुद्दे का आश्चर्यजनक पहलू है कि कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा के पीठ पर चढ़कर दो बार झारखंड में चुनावी बैतरणी पार कर चुकी है। फिर भी कांग्रेस के प्रभारी को कांग्रेस में भाजपा का स्लीपर सेल दिख रहा है। उन्होंने ने कहा अगर प्रभारी स्लीपर सेलों की लिस्ट सार्वजनिक नहीं करेंगे तो पूरी की पूरी प्रदेश कांग्रेस पर ही सवालिया निशान हमेशा के लिए खड़ा रह जाएगा।

### विकसित भारत के लिए स्वच्छ वातावरण जरूरी : कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास



**रांची(बिभा) :** स्वच्छ वातावरण जरूरी है सही मायने में विकसित भारत के लिए और सीयूजे कटिबद्ध है झारखंड और राष्ट्र के संपूर्ण विकास के लिए। यह बातें कुलपति सीयूजे, प्रो. क्षिति भूषण दास ने सीयूजे में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार, क्लीन एनवायरमेंट इनविजनड टुवर्ड्स विकसित भारत के उद्घाटन सत्र में की। यह दो दिवसीय सेमिनार पर्यावरण विज्ञान विभाग, सीयूजे द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कुलपति ने आगे कहा कि सीयूजे में पर्यावरण, भूविज्ञान, भूगोल शास्त्र, एनर्जी इंजीनियरिंग और कई विशेषज्ञ विभाग हैं जो झारखंड और देश के समग्र विकास में योगदान दे रहे हैं और साथ ही पर्यावरण जैसे जटिल मुद्दे पर भी सही समाधान दे सकते हैं। सेमिनार में मुख्य अतिथि के तौर पर कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन, श्री पी. एम. प्रसाद भी मौजूद थे। श्री प्रसाद ने कोल इंडिया के पर्यावरण के प्रति सजगता और कटिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कोल इंडिया के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी और कहा की इंडस्ट्री - एकेडमिया और सभी को जोड़कर एक समग्र योगदान से ही पर्यावरण जैसे जटिल मुद्दे का समाधान हो सकता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व भारतीय वन सेवा अधिकारी अजय कुमार रस्तोगी, चेयरमैन टास्क फोर्स - सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन एंड ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, झारखंड सरकार, ने पर्यावरण के संबंध में झारखंड राज्य की अच्छाई और चुनौतियों पर अपना विचार रखा। लगातार बढ़ती गर्मी से देश के जीडीपी का बहुत बड़ा नुकसान होता है। उन्होंने कहा जलवायु परिवर्तन के संबंध में अभी के युवाओं और हम सभी को एक ठोस कदम उठाने चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रो. यू सी मोहंती, शांति स्वरूप भटनागर सम्मान से सम्मानित, डिस्टिंग्विश्ड प्रोफेसर, शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय, ओडिशा ने भी अपने विचार रखे। प्रो. मनोज कुमार, संकायाध्यक्ष, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संकाय ने उद्घाटन में सबका स्वागत किया और सेमिनार की रूपरेखा पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के संयोजक, डॉ भास्कर सिंह, विभागाध्यक्ष, पर्यावरण विभाग ने सेमिनार की महत्ता पर जोर दिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनुराग लिंडा ने दिया और कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. निर्मली बोरदोलोई ने किया। कार्यक्रम में प्रो. ए. सी पांडे, प्रो. के. बी पांडा, प्रो. आर. के दे, श्री बी बी मिश्रा और डॉ सुशील कुमार शुक्ला मौजूद थे।

### महानगर महावीर मंडल के बैठक में खूब उड़े अबीर गुलाल

**रांची (बिभा):** मंगलवार को मैन रोड स्थित संकट मोचन मंदिर के तीसरे तल्ले पर श्री महावीर मंडल राँची महानगर की बैठक मंडल के अध्यक्ष कुणाल अजमानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।जिसमें संकट मोचन मंदिर के तीसरे तल्ला में राँची का सबसे बड़ा और सुंदर नवनिर्मित सभागार स्व तिलकराज अजमानी की स्मृति में राम वाटिका सभागार का निर्माण उनके पुत्र कुणाल अजमानी के द्वारा बनाया गया जिसके उद्घाटन 1008 महामंडलेश्वर श्री सूरज नारायण त्यागी जी एवं गणमान्य लोगों के करकमलों द्वारा किया जाएगा । साथ ही रामनवमी के तैयारी के संबंध में चर्चा किया गया एवं होली के बाद नया सत्र के चुनाव की तिथि की घोषणा की जाएगी । ततपश्चात सभी पदाधिकारियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी ।

# रिम्स के डॉक्टरों को जल्द मिलेगी पदोन्नति : मंत्री इरफान

बिभा संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही 11 बजकर 08 मिनट पर शुरू हुई। सदन में स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि जीबी की बैठक बुलाकर रिम्स के डॉक्टरों को जल्द ही पदोन्नति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में पदोन्नति में विसंगतियां हुई है, इसे वह स्वीकार करते हैं। इसके लिए उन्होंने फाइल भी मंगाया है। अब जीबी की बैठक बुलाकर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

डॉक्टर अंसारी कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप के ध्यानाकर्षण का जवाब दे रहे थे। विधायक कच्छप का कहना था कि डॉक्टरों को पदोन्नति नहीं मिलने से पूर्व में जो पदोन्नति दी गई उसमें भारी गड़बड़ी हुई है। 60 साल की उम्र के बाद ज्वाइन करने वाले डॉक्टर पदोन्नति नहीं मिलने के कारण जूनियर हो गए हैं और नियमित डॉक्टर जिन्हें सीनियर चिकित्सकों ने पढ़ाया है वह जूनियर हो गये। कच्छप ने राज्य के ही विशेषज्ञ चिकित्सकों को रिम्स डायरेक्टर बनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले डायरेक्टर कार्यकाल पूरा किए बगैर बीच में ही चले जाते हैं इससे रिम्स की व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ता है।

#### हजारों एकड़ भूमि को फ्री होल्ड किया जाएगा: दीपक बिरुवा

भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि खासमहल की हजारों एकड़ जमीन को जल्द ही फ्री होल्ड किया जाएगा। उन्होंने सदन में बताया कि खासमहल की जमीन को रैयतों के नाम करने के लिए सदस्य राजस्व परिषद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की 3-4 बैठके हो चुकी हैं। अब अंतिम बैठक के बाद 45 दिनों के अंदर निर्णय ले लिया जाएगा। इससे पूर्व भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से सरकार से जानना चाहा था कि जो लोग बरसों से खासमहल की जमीन पर रह रहे हैं उन्हें उस जमीन का मलिकाना हक क्यों नहीं दिया जा रहा।

चौरसिया का कहना था कि डाल्टनगंज में बड़ी संख्या में लोग खासमहल की जमीन पर रहते आए हैं। राज्य के अन्य जिलों में भी यही स्थिति है लेकिन उन्हें जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल रहा है। वह अपना घर नहीं बना पा रहे हैं। जो घर बना चुके हैं उन्हें परेशान किया जा रहा है।

भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का भी कहना था कि कृषि योग्य भूमि पर भी रैयतों का 100 वर्ष से अधिक का कब्जा है लेकिन सरकार सड़क निर्माण व अन्य कार्यों के लिए जब भूमि अधिग्रहित करती है तो उसे सरकारी जमीन बता कर कोई मुआवजा नहीं देती है। राज्य में इससे हजारों लोग परेशान हैं।

# होली को लेकर 4 दिन बंद रहेंगे सरकारी कार्यालय और स्कूल, विधानसभा सत्र भी 5 दिन स्थगित

बिभा संवाददाता

रांची : होली की छुट्टी को लेकर झारखंड में कितने दिनों की सरकारी छुट्टी है. किस किस दिन छुट्टी है ? इसे लेकर लोगों में अभी भी असमंजस की स्थिति है. अगर आप भी इसी उलझन में है तो हम आपकी इस परेशानी को दूर करेंगे. दरअसल कार्मिक विभाग ने दो दिन 13 और 14 मार्च को होली की छुट्टी रखी है. लेकिन 15 को शनिवार और 16 को रविवार पड़ रहा है. शनिवार और रविवार को वैसे भी सचिवालय कर्मियों की छुट्टी रहती है. इस तरह से सरकारी कर्मी लगातार चार दिन छुट्टी का आनंद ले सकेंगे !

#### अधिकतर प्राइवेट स्कूलों में 13 से 15 मार्च तक छुट्टी

वहीं, शास्त्र के अनुसार होली 15 मार्च को रखी गयी है. ऐसे में उस दिन बैंक समेत तमाम सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति कम ही देखने को मिलेगी. हालांकि, बैंक कर्मचारियों ने यूनियन के माध्यम से सरकार को होली की छुट्टी बिहार की तरह 14-15 मार्च को करने की मांग की है. वहीं, अधिकतर प्राइवेट स्कूलों में भी 13 से 15 मार्च तक होली की छुट्टी दी गयी है. 16 मार्च को रविवार है. ऐसे में आप कह सकते हैं कि होली की छुट्टी लगातार 4 दिन मिल रही है !

### विधानसभा की कार्यवाही 12 से 17 मार्च तक स्थगित



होली का असर झारखंड विधानसभा के सत्र पर भी पड़ रहा है. विधानसभा की छुट्टी होने की वजह से सदन की कार्यवाही 12 से 17 मार्च तक स्थगित रहेगी. इससे पहले 16 मार्च तक ही होली की कार्यवाही स्थगित थी. लेकिन बाद में सर्वसम्मति से इस पर निर्णय लेते हुए सदन की कार्यवाही 17 मार्च को भी स्थगित कर दी गयी. 17 मार्च को होने वाली सदन की कार्यवाही 22 मार्च को होगी. जबकि 22 मार्च को शनिवार होने की वजह से पूर्व में छुट्टी निर्धारित की गई थी।

## अमन साव एनकाउंटर: बाबूलाल मरांडी बोले- कानून को चुनौती देने वाले का यही हश्र होगा

बिभा संवाददाता



**रांची।** झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साव मंगलवार को मुठभेड़ में मारा गया। इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड पुलिस की ओर से एक कुख्यात अपराधी का एनकाउंटर प्रदेश में आपराधिक साम्राज्य चलाने वालों के लिए कड़ा संदेश है।

विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में मरांडी ने कहा कि जो कानून को चुनौती देगा, उसका यही हश्र होगा। जनता की सुरक्षा और शांति के लिए ऐसे अपराधियों पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है। पुलिस प्रशासन को इसी दृढ़ता से अपनी कार्रवाई जारी रखनी चाहिए।

वहीं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इस मामले में सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि डीजीपी पहले ही स्वीकार कर चुके हैं कि जेल से सबकुछ संचालित हो रहा है तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। आप अमन साव को कस्टडी में ला रहे थे तो फिर एनकाउंटर की बात कहां से आ गई। उन्होंने कहा कि सीबीआई से मामले की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि अमन साव को सुरक्षा में ला रहे थे। आप उसे पकड़ने नहीं गये थे। जब कोई क्राइम करके दौड़ के जाता है और तब उसको मारा जाता है तो उसे एनकाउंटर कह सकते हैं। जब सारी सुरक्षा के बीच लाया जा रहा था तब एनकाउंटर हुआ तो यह जांच का विषय है। इसकी जांच होनी चाहिए।

## सरला बिरला के नर्सिंग के विद्यार्थियों ने मानव सेवा, दृढ़ता, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की शपथ ली

बिभा संवाददाता



**रांची :** महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी (सरला बिरला यूनिवर्सिटी) रांची में लैंप लाइटिंग और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्वलित कर और फ्लोरेंस नाइटिंगल को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों ने मानव सेवा, दृढ़ता, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की भावना रखने की शपथ ली।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. चंद्र किशोर शाही, मुख्य निदेशक, स्वास्थ्य सेवा, झारखंड सरकार ने कहा कि आज के दौर में अस्पतालों में नर्सों की भूमिका चिकित्सकों के मुकाबले ज्यादा हो चुकी है। मरीज की सेवा- सुश्रुषा से लेकर इलाज तक की अहम जिम्मेवारी नर्सों की होती है। पहले नर्सिंग के पेशे को लेकर लोगों का नजरिया नकारात्मक हुआ करता था, लेकिन आज लोग इस पेशे से जुड़े लोगों का सम्मान करते हैं। नर्सिंग के मूल मंत्र 'सेवा' की भावना को उन्होंने पवित्र बताया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि केंद्रीय मनः चिकित्सा संस्थान के निदेशक डॉ. वी. के. चौधरी ने नर्सों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक नर्स के लिए मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं होती। उन्होंने नर्सों को अस्पताल की रीढ़ करार दिया। सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने समाज में नर्सों के योगदान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि नर्सों को ईश्वर ने ही मानवता की सेवा करने के लिए भेजा है। माननीय कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने अपने संबोधन में मानव सेवा को ही ईश्वर की सेवा करार दिया। सेवा की भावना को आत्मसात कर अपना जीवन समर्पित करने नर्सों का उन्होंने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उपस्थित श्रोताओं को विवि के कुलसचिव प्रो. विजय कुमार सिंह, विभाग की प्राचार्या डॉ. सुभानी बाड़ा एवं नर्सिंग और योग विभाग के प्रशासक आशुतोष द्विवेदी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर श्री प्रफुल्लो बारजो और धन्यवाद भाषण उप प्राचार्या श्रीमती मीनल श्वेता ने दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

## प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी की पुनर्गठन सह सदस्यता अभियान को लेकर बैठक संपन्न

बिभा संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह की अध्यक्षता में आज कांग्रेस भवन, रांची में प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी की पूर्ण गठन सह सदस्यता अभियान को लेकर एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, विधायक ममता देवी, श्वेता सिंह, लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह उपस्थित हुईं।

बैठक के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रिम्स के डॉक्टर्स किरण त्रिवेदी, डॉ पुष्पांजलि, डॉ सुषमा, डॉ अनुपा एवं हाईकोर्ट के अधिवक्ता मनिषा, अदविता आदिविता आर्या समेत अन्य को सम्मानित किया गया। इसके बाद मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें रांची से सीमा श्रीवास्तव, खूंटी से जसीता बारला, पलामू से रेखा सिंह, पाकुड़ से शहनाज खातून ने अपने समर्थकों के साथ प्रदेश महिला कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को तुरंत लागू करने और उसमें ओबीसी कोटे की महिलाओं को शामिल करने की मांग को लेकर मार्च के अंतिम सप्ताह में राजभवन घेराव कार्यक्रम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिला कमिटी को 100 एवं प्रखंड कमिटी को 50 मेंबरशिप करना अनिवार्य है तभी कमिटी में जगह मिल पायेगा।

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने मईया सम्मान योजना के तहत सभी प्रदेश की गरीब महिलाओं के खाता में प्रोत्साहन राशि दिये जाने पर गठबंधन सरकार को बधाई दी है तथा कहा कि राज्य के महिलाऐं राज्य सरकार के क्रियाकलापों से काफी खुश हैं।

बैठक के अंत में प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने उपस्थित सभी महिला कांग्रेस पदाधिकारियों को लाल गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। इसके बाद सभी एक-दूसरे को अबीर लगाकर होली की बधाई दी।

बैठक में मुख्य रूप से कंचन चौधरी, पुनीता चौधरी, पिंकी सिंह, संगीता टोप्पो, नीलम सहाय, पार्वती सिंह, सीमा साहु, शहनाज खातून, शिल्पी चक्रवर्ती, सीमा मोहंती, नमिता सिंह, मीनू सिंह, अनीता सिन्हा, राम दुलारी देवी, क्रिस्टीना बारला, रांची मेरी तिर्की, वर्षा, रेखा सिंह, सीता राणा, मंजू जोशी, बैबी देवी, प्रमिला देवी, अनमोल कुमारी, रींकु प्रिया आदि शामिल थीं।

#### केंद्रीय संचार ब्यूरो व पत्र सूचना कार्यालय रांची द्वारा हिंदी कार्यशाला एवं बैठक और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

# हिंदी विश्व की एक संपन्न भाषा : प्रोफेसर रत्नेश विष्वक्सेन

बिभा संवाददाता




**रांची :** केंद्रीय संचार ब्यूरो व पत्र सूचना कार्यालय , रांची के संयुक्त तत्वावधान में कल प्रादेशिक कार्यालय रांची के परागण में हिंदी कार्यशाला एवं बैठक और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व मुख्य अतिथियों को शॉल व पौधा देकर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड, रांची के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रो.(डॉ) रत्नेश विष्वक्सेन ने सरकारी कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी विश्व की एक संपन्न भाषा है। हिंदी ने बहुत सहजता के साथ कई भाषाओं को अपने में समायोजित किया है । भाषा का सम्मान का अर्थ भाषा का अधिकाधिक उपयोग करना है।

सरकारी कार्यालय में हिंदी भाषा का प्रयोग आसान है और अधिकतर कार्यों के लिए पूर्व के प्रारूप का उपयोग कर सरकारी नोट व संचिकाएं इत्यादि चलाई जा सकती हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह पर प्रकाश डालते हुए प्रोफेसर रत्नेश ने कहा कि समाज के लगभग सभी क्षेत्रों में महिलाओं का आगे आना शुभ संकेत है और आशा है कि आने वाले दिनों में देश व दुनिया के भलाई व प्रगति के लिए वे और अधिक योगदान देंगी।

राकेश मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी हमेशा पूजनीय रही हैं । श्री मिश्रा ने भारतीय धार्मिक पुस्तकों का उल्लेख करते हुए कहा कि नारियों के परम सम्मान के कई उदाहरण इन पुस्तकों में मिलते हैं । घर से लेकर बाहर तक हर जगह नारी को सम्मान की दृष्टि से देखना और उनके साथ सम्मानित व्यवहार करना एक सफल समाज की पहचान है।

श्री रत्नेश ने भाषा को प्रयोग द्वारा प्रचिलत करने पर बल दिया। सहज व सरल हिंदी तथा बच्चों के संग हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग भाषा के उपयोग व चलन में सहायक होगा।

पत्र सूचना कार्यालय की मीडिया का संचार अधिकारी राजेश सिन्हा ने कहा की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का आयोजन अच्छी पहल है और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय उपलब्धि है।

श्री दिवाकर ने कहा कि सरकारी कार्यों में हिंदी का प्रयोग क क्षेत्र में सामान्यतः होता है और इसे और भी बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

श्रीमती शिल्पी ने महिला सशक्तिकरण का एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्तमान में आकाशवाणी, रांची का समाचार प्रभाग दो महिला अधिकारियों के द्वारा सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है जिनका भारतीय सूचना सेवा में चयन अंग्रेजी भाषा कैटिगरी के तहत हुआ है।

गौरव पुष्कर ने कहा कि हिंदी का प्रयोग बहुत आसान है व प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकारों की रचनाएं प्रेरणास्त्रोत व मार्गदर्शी है।

अतिथि वक्ता व अधिवक्ता श्रीमती सुरैया ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला संघर्ष की बात कही । उन्होंने बताया की महिला बेड़ियों के अंदर रहती थीं जिसे तोड़ने के लिए पहला संघर्ष 1908 ईस्वी में शुरू हुआ । 1911 आते-आते पूरे यूरोप में यह संघर्ष फैल गया ।इसे देखते हुए समाज में महिलाओं की भागीदारी व जागरूकता हेतु 1975 ईस्वी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का शुरूआत किया गया। आज भी कई स्थान पर महिलाएं विषम परिस्थितियों से जूझ रही है लेकिन साथ ही साथ महिलाओं के बीच जागरूकता भी बढ़ी है व जागरुक महिलाएं एक नया युग रच रही हैं।

सीबीसी के कार्यालय प्रमुख सह सहायक निदेशक शाहिद रहमान ने अतिथियों को अपना कीमती समय निकालकर कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आभार व्यक्त किया तथा हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने पर बल दिया।बैठक व कार्यशाला में पत्र सूचना कार्यालय, रांची व केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के सभी अधिकारी व कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

### रांची विवि नियम विरूद्ध कार्य करेगी तो इसका विरोध करेगी एनएसयूआइ

**रांची :** एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा है कि रांची विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी को देखते हुए कुलपति डॉ.अजीत कुमार सिन्हा रिसर्च स्कॉलर को पढ़ाने की जिम्मेदारी देने पर विचार कर रहे हैं जो उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के लिए घातक है। वहीं, दूसरी ओर यूजीसी, जेपीएससी तथा विश्वविद्यालय अधिनियम में भी यह प्रावधान नहीं है कि आप रिसर्च स्कॉलर को परमानेंट फैकल्टी की जगह कार्यभार सौंप दें । दूसरी ओर नियमित शिक्षक का कार्यभार पहले से इतना ज्यादा है कि उसके बाद उन पर अतिरिक्त भार देना कहीं से भी उचित नहीं है। वे स्वयं कार्य नहीं कर पाएंगे बल्कि इस कार्य के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होगी। इसलिए यदि रांची विश्वविद्यालय इस तरह का निर्णय लेती है, तो संगठन द्वारा इसका जोरदार विरोध किया जाएगा। विश्वविद्यालय शिक्षकों की कमी का रोना रो रही है जबकि गत कई वर्षों से अतिथि शिक्षकों ने इस कार्यभार को बखूबी संभाला है। बावजूद उन्हें भी कार्य करने से रोक दिया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि विश्वविद्यालय को शिक्षा से कोई वास्ता नहीं रह गया है। कुलपति सिर्फ राजनीति करना चाह रहे हैं। उनका कार्यकाल महज चंद दिनों का है इसलिए वे विश्वविद्यालय में समस्याएं खड़ी कर और चीजों को उलझा कर जाना चाहते हैं। संगठन उन्हें ऐसा नहीं करने देगी। छात्रहित में जो भी न्यायसंगत कदम होगा संगठन उठाएगी। श्री अहमद ने कहा जब तक जेपीएससी द्वारा स्थाई बहाली नहीं हो जाती है, तब तक अस्थायी तौर पर अतिथि शिक्षकों की सेवा ली जाए लेकिन इसमें भी भाई भतीजावाद को दरकिनार करना होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## ब्रह्मर्षि परिवार का होली मिलन समारोह आयोजित



**बोकारो(बिभा) :** ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो का होली मिलन समारोह मां अम्बे गार्डेन सेक्टर 2 में आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिवार के सभी उपस्थित सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ब्रह्मर्षि परिवार के वरीय सदस्य जगरनाथ शाही ने अपने संबोधन में कहा की इस परिवार के युवा सदस्यों द्वारा सदस्यों के अंतिम संस्कार, चिकित्सा में मदद किया जा रहा है इसके लिए इस परिवार के सभी सदस्यों के साथ- साथ, आयोजक मंडल बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर पिछले दिनों में सूचना मिलने पर स्वतः अस्पताल जाकर रक्त दान करने वाले कार्यकर्ता देवनारायण सुधांशु, एस. एन. शाही,पीयूष कुमार राय, सुधीर कुमार सिंह, मधु मधुसुदन कुमार और शिवपूजन कुमार तथा अंतिम संस्कार में बढ़ चढ़ कर भाग लेने वाले श्याम मनोहर सिंह, प्रेम कुमार,अनुरंजन कुमार शर्मा, दिन दयाल शर्मा, संजय कुमार,सुशील ठाकुर, नवल सिंह,संजय ठाकुर नवल सिंह को सम्मानित किया गया। समस्त कार्यक्रम का संचालन देवनारायण सुधांशु, तथा धन्यवाद ज्ञापन कमलेश राय ने किया। मौके पर मुख्य रूप से सुरेश राय, नरेंद्र राय, राधेश्याम सिन्हा,कृष्णा राय, महेंद्र सिंह लालन सिंह, दुर्गेश कुमार, पीयूष राय, अनुरंजन शर्मा, सुशील ठाकुर, प्रमोद कुमार, राजीव, संतोष चौधरी, प्रेम प्रकाश, अनिल पांडे,बांटी कुमार, देव दयाल , सियाराम शर्मा, मनीष , अरुण कुमार, सचिन कुमार,दिलीप कुमार, एवं ब्रह्मर्षि परिवार के अन्य हजारों सदस्य उपस्थित थे।

## बीएसएल कर्मियों को मिला दीर्घकालीन सेवा सम्मान




**बोकारो (बिभा):** बोकारो स्टील प्लांट में 25 सालों की सेवा दे चुके 114 इस्पातकर्मियों को 11 मार्च को आयोजित दीर्घकालीन सेवा पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया. मानव संसाधन विभाग के प्रेक्षागृह में आयोजित इस समारोह में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक -प्रभारी श्री बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक सी आर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधकगण, अन्य वरीय अधिकारी, मुख्य महाप्रबंधकगण तथा अन्य वरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे. समारोह के आरम्भ में मुख्य महाप्रबंधक हरि मोहन झा ने सभी का स्वागत किया. निदेशक प्रभारी बी के तिवारी ने अपने संबोधन में पच्चीस वर्षों की सेवा पूरी कर चुके कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई दी और उन्हें अपना व्यापक अनुभव अन्य सहकर्मियों से भी साझा करने का आहवान किया. अन्य मंचासीन अधिकारियों ने भी दीर्घकालीन सेवा सम्मान प्राप्त कर रहे बीएसएल कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी. समारोह के दौरान 6 अधिशासी व 108 अनधिशासियों को दीर्घ कालिक सेवा प्रमाण पत्र व उपहार अतिथियों द्वारा दिए गए. कार्यक्रम का संचालन सहायक महा प्रबंधक डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने किया. कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक प्रभाकर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

## होली आपसी भाईचारा के साथ मनाए :रणधीर



**बोकारो(बिभा) :** राष्ट्रवादी इस्पात मजदूर संघ एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की संयुक्त तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन आवासीय कार्यालय सेक्टर 9 में हुआ इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रवादी इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रणधीर सिंह ने कहा कि होली आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सहार्द का पर्व है इसे सभी मिलजुल कर आपसी भेदभाव मीटाकर मनाएं होली के रंगों की तरह ही आप सवो के जीवन में हरियाली, सुख समृद्धि और शांति बनी रहे इस कार्यक्रम में न्यू बोल बम रामायण मंडली के द्वारा फागुन के गीतों से लोगों का दिल जीत लिया मंडली में शर्मा व्यास, सुनील व्यास ,अनिल चौबे, बांकेलाल ,अयोध्या ठाकुर ने मुख्य रूप से अपनी कला एवं गीतों से लोगों का दिल जीते इस मौके पर मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष श्री सच्चिदानंद सिंह, प्रदेश महामंत्री ,आदर्श सिंह ,बोकारो जिला अध्यक्ष जसवीर सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे इसके अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एवं राष्ट्रवादी इस्पात मजदूर संघ के दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर मांग रहा था घूस, एसीबी ने पकड़ा रंगे हाथ



**बेरमो(बिभा):** धनबाद एंटी करप्शन ब्यूरो ( अउइ ) ने गांधी नगर थाना में पदस्थापित एएसआई अजय प्रसाद को 10 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई मंगलवार को उनके निवास स्थान पर की गई, जहां एसीबी ने जाल बिछाकर उन्हें रिश्वत लेते पकड़ा। जानकारी के अनुसार, जरीडीह बाजार निवासी अनुराग गुप्ता ने धनबाद एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी कि एएसआई अजय प्रसाद ने उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी थी और मामला निपटाने के बदले 10 हजार रुपये की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने तुरंत कार्रवाई की और जैसे ही अजय प्रसाद ने रिश्वत ली, उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें पूछताछ के लिए एसीबी कार्यालय ले जाया गया, जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है और भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की मुहिम को और मजबूती मिली है।

# बोकारो पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो कुख्यात वाहन चोर गिरफ्तार, 45 मोटरसाइकिलें बरामद

बिभा संवाददाता

बोकारो : बोकारो शहर और आसपास के क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएँ तेजी से बढ़ रही थीं। इस बढ़ती आपराधिक गतिविधि से नागरिकों में भय व्याप्त हो गया था। पुलिस अधीक्षक मनोज स्वगीर्यारी ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपाधीक्षक (नगर) आलोक रंजन के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया। इस टीम ने गुप्त सूचना, तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अनुसंधान करते हुए दो कुख्यात वाहन चोरों को गिरफ्तार किया।





गिरफ्तार अपराधियों–मो. परवेज और मो. मासूम अंसारी–ने स्वीकार किया कि उन्होंने बोकारो शहरी क्षेत्र और आसपास के इलाकों से कई मोटरसाइकिलें चुराई थीं। पुलिस की कार्रवाई के दौरान उनके कब्जे से विभिन्न कंपनियों की 45 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं, जिन्हें वे कथारा, तेनुघाट, गोमिया और पेटरवार थाना क्षेत्रों में छिपाकर रखे थे। ये वाहन चोरी के बाद अवैध रूप से कोयला ढुलाई और अन्य गैरकानूनी कार्यों में उपयोग किए जा रहे थे।

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर पार्क करें, अतिरिक्त लॉक का उपयोग करें और सीसीटीवी कैमरों का अधिक से अधिक प्रयोग करें। दुकानदारों, स्कूलों, कॉलेजों और अन्य प्रतिष्ठानों को भी निगरानी के लिए कैमरे लगाने की सलाह दी गई है।

इस कार्रवाई से बोकारो पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, जिससे न केवल वाहन चोरी की घटनाओं में कमी आएगी बल्कि अपराधियों के हौसले भी पस्त होंगे। पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई ने शहरवासियों में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया है। पुलिस का यह प्रयास भविष्य में अपराधों की रोकथाम में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। बोकारो पुलिस अधीक्षक मनोज स्वगीर्यारी ने आम जन से अपील कर कहा कि अपने वाहनों को सुरक्षित एवं निर्धारित स्थानों पर पार्क करें, अपने वाहनों को पार्क करते समय अतिरिक्त लॉक अवश्य लगायें , यथा संभव सी०सी०टी०वी० कैमरों के दायरें में लगाये, सभी दुकानदार ,स्कुल ,कॉलेज , कोचिंग , घरों एवं अपने-अपने प्रतिष्ठानो में अंदर एवं बाहर आवश्यक रूप से सी०सी०टी०वी० कैमरा लगावें। जिससे कि किसी के भी आवागमन पर निगरानी रखी जा सके, जिनके प्रतिष्ठान / घरों में पूर्व से सी०सी०टी०वी० कैमरा लगा है वह उसे चालु एवं दुरूस्त हालत में रखें। अगर कोई लंबे समय के लिए अपने घर को बंद कर बाहर जाते हैं तो अपने नजदिकी थाना को आवश्य रूप से सूचित करें। जिससे कि निगरानी रखी जा सके।

### गिरफ्तार व्यक्ति का नाम एवं पता

मो0 परवेज उम्र 34 वर्ष पिता मो० शमीम सा० साडम बाजार, दलाल टोला थाना गोमिया, जिला बोकारो । 2. मो० मासुम अंसारी उम्र 19 वर्ष पिता मो० सवारिस वारसी, सा० झिरकी, थाना कथारी ओ०पी, जिला बोकारो ।

पूर्व अपराधिक इतिहास (मो० परवेज) 1. रांची सदर थाना काण्ड संख्या 383/16 दिनांक 15.09.16 धारा 395 भा०द०वि० ।

### जप्त समानों की विवरणी

हिरो पैशन प्रो – 4 , बजाज पल्सर – 2, हिरो स्पलेन्डर 26 , हिरो सी0डी0 डिलक्स – 1, बजाज डिस्कवर 3 ,होन्डा सी0बी0जेड – 2 ,होन्डा साईन 2, हिरो होन्डा ग्लेमर – 1 ,स्कुटी – 4 कुल – 45 वाहन।

### छापामारी दल में शामिल पदाधिकारी एवं बल

पु0अ0नि0 महती बोयपाय, बी०एस० सिटी थाना ,पु0नि0 सुदामा कुमार दास, थाना प्रभारी बी०एस० सिटी थाना , पु०नि० संजय कुमार, थाना प्रभारी सेक्टर 4 थाना , पु०नि० सुभाष चन्द्र सिंह, थाना प्रभारी सेक्टर 12 थाना , पु०नि० अनिल कच्छप, थाना प्रभारी हरला थाना , पु0अ0नि0 प्रभात कुमार, सेक्टर 6 थाना , पु0अ0नि0 शैलेन्द्र पासवान, बी०एस० सिटी थाना , पु०अ०नि० नित्यानन्द भोक्ता, थाना प्रभारी गोमिया , पु0अ0नि0 राजेश प्रजापति, प्रभारी, कथारा ओ०पी , पु0अ0नि0 अजित कुमार गिरी, प्रभारी तेनुघाट ओ०पी। पु0अ0 नि० गुल्टन मिस्त्री बी०एस० सिटी थाना , आरक्षी 1205 मदन प्रसाद बी०एस० सिटी थाना , आरक्षी 63 सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह बी०एस० सिटी थाना , आरक्षी 939 इलियास अंसारी सेक्टर 4 थाना , आरक्षी 478 योगेन्द्र कुमार रजक, अंगरक्षक पु०उपा० नगर , आरक्षी 733 प्रफुल्ल कुमार मंडल अंगरक्षक पु०उपा० नगर ,आरक्षी 700 विजय कुमार सिंह बी०एस० सिटी थाना , चालक आ0 1509 सुधीर कुमार हेम्ब्रम चालक पु०उपा० नगर ,गृ00 356 चालक पंकज कुमार सिंह बी०एस० सिटी थाना मौजूद रहे।

# अलर्ट मोड में रहेंगे सभी दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी : उपायुक्त

**डीजे में अश्लील गानों के इस्तेमाल पर रोक, सोशल मीडिया की होगी मानिटरिंग-अफवाह फैलाने पर एडमिन पर होगी कार्रवाई**

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** होली और रमजान पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक श्री मनोज स्वर्गियारी ने जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक किया। मौके पर डीपीएलआर निदेशक श्रीमती मेनका, अपर नगर आयुक्त चास नगर निगम श्री संजीव कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी श्री मुकेश मछुआ आदि उपस्थित थे।



उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने कहा कि होली एवं रमजान त्योहारों को लेकर संप्रदायिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए सभी पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अलर्ट मोड पर रहेंगे। जिन्हें जो दायित्व दिया गया है,उसका वह पालन सुनिश्चित करेंगे। डीजे में अश्लील/भड़काऊ गानों का इस्तेमाल नहीं हो,इसे संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। कोई किसी को जबरन रंग नहीं लगाएगा। किसी भी तरह की घटना होने या कोई मामला प्रकाश में आने पर तत्काल उसकी सूचना अपने वरीय पदाधिकारी को देंगे। जिला एवं अनुमंडल नियंत्रण कक्ष चालू रहेगा।

उपायुक्त ने कहा कि सभी बीडीओ/सीओ थाना प्रभारी आपस में समन्वय बनाकर क्षेत्र में काम करेंगे। उन्होंने संवेदनशील स्थानों एवं आसामाजिक तत्वों को चिन्हित करने का निर्देश दिया। साथ ही, धारा 126 की कार्रवाई के लिए दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों को प्रतिवेदन/तामिला ससमय समर्पित करने को कहा।

उपायुक्त ने क्रमवार थाना क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों/क्षेत्रों की जानकारी थाना प्रभारियों झ बीडीओ/सीओ से प्राप्त की। उन्होंने *संवेदनशील स्थानों/क्षेत्रों पर विशेष निगरानी बरतने, आसामाजिक तत्वों की सूची तैयार कर उनकी गतिविधि पर नजर रखेंगे। सभी थाना झ अंचलाधिकारी आपस में बैठक कर क्षेत्र से संबंधित सूचनाओं को एक दूसरे से साझा कर,संयुक्त रणनीति पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि *होलिका दहन की रात अगलगी की घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में अधिकारियों एवं अग्निशमन विभाग को सतर्क रहने की जरूरत है।

## बोकारो में एमएसएमई इकाइयों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, 65 लाभुकों ने लिया भाग

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** जिला उद्योग केंद्र बोकारो स्थित हाल ही में राष्ट्रीय इस्पात परिषद भारत सरकार (पटना) द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि आपको यूनिट यूनिट उद्योग में अधिक से अधिक संख्या में लाभ मिलना चाहिए। कार्यक्रम की शुरूआत कुन्दन कुमार उपाध्याय, राज्य अध्यक्ष, झारखण्ड, स्मॉल टिनी सर्विस एवं बिजनेस इन्टरप्राइजेज एसोसिएशन, बोकारो द्वारा मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद महामहिम जिला उद्योग केंद्र बोकारो एवं डॉ. प्रियनायबर जरूहार, निदेशक, गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल एंड टेक्निकल सोसाइटी कैंपस, कांड्रा (बोकर्स) एवं संजय सिंह, अध्यक्ष जैनमॉड चेम्बर ऑफ कॉमर्स, (जैनम स्टूडियो) ने फोटोग्राफर से स्वागत किया। श्री कुन्दन उपाध्याय कुमार ने कहा कि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक संख्या में लेने का आग्रह किया गया है।

श्री प्रियदर्शन जरूहार, निदेशक ने कहा कि आज के समय में उद्योग की स्थापना के तहत किसी भी योजना की योजना बनाना जरूरी है कि आप आज बाजार में बहुत सारी कंपनियों का चयन करें। जैनामॉड चैंबर ऑफ कॉमर्स (जैनमोड) के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा एमएसएमई सेक्टर के लिए कई तरह की योजनाएं बनाई जा रही हैं और एक दिन में भारत सरकार नई एमएसएमई योजना का लाभ उठा सकती है। श्री विक्रमा मैथ्यू ने कहा कि बैंको राज्य सरकार के विंदु पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस समस्या का निवारण करें, ताकि इस विंदु पर जल्द से जल्द सुधार किया जा सके। इसमें करीब 65 लाभुकों (एमएसएमई यूनिट) का हिस्सा लिया गया।

## बोकारो विधायक श्वेता सिंह के खिलाफ आरोप बेबुनियाद, प्रवक्ता ने की निंदा

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** विधायक श्रीमती श्वेता सिंह के निर्देश पर विधायक के आवास पर प्रवक्ता कुंज बिहारी पाठक द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया इस प्रेस वार्ता के दौरान कुंज बिहारी पाठक ने कहा कि जब से बोकारो की विधायक श्वेता सिंह जी बनी हैं उस समय से वर्तमान समय तक कुछ जनता के विकास विरोधी मानसिकता के लोग लगातार क्षेत्र की जनता को दिग्भ्रमित करने में लगे हुए हैं

आज एक प्रकरण सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें की एक यूनिक एंड यूनिटी फाउंडेशन के द्वारा बोकारो विधायक श्वेता सिंह को आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें आवेदक द्वारा बताया गया कि अंतरास्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बोकारो के पूर्व विधायक वीर समरेश सिंह दादा के नाम पर खेल महोत्सव का आयोजन किया जाना है क्यों कि समरेश सिंह दादा फुटबाल के बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं और अपने जनप्रतिनिधि काल में बोकारो में एकत्रित बिहार का प्रथम आधुनिक व्यायामशाला का निर्माण कराया था इस महोत्सव में विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन होना है इसी निमित यूनिक एंड यूनिटी एन जी ओ को 20,75,000 रुपए की आवश्यकता है। यह आवेदन पर संज्ञान लेते हुए बोकारो विधायक ने जिला उपायुक्त को एक पत्र भेजा जिसमें इस आयोजन के लिए जो राशि खर्च होनी है उसकी व्यवस्था कर युवाओं के हित में यह खेल महोत्सव आयोजित हो इसी संदर्भ में जिला उपायुक्त कार्यालय बोकारो द्वारा षड्यंत्र के तहत यह पत्र सुनियोजित तरीके कार्यालय के गोपनीयता को भंग कर वायरल करवा कर क्षेत्र की जनता को दिग्भ्रमित किया गया और विधायक के विकासशील छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया । श्री पाठक ने उक्त मामले की निंदा की और कहा कि बोकारो विधायक क्षेत्र के विकास के प्रति सजग है और ऐसे आरोप बेबुनियाद हैं जिसका कोई औचित्य नहीं है साथ ही जिला उपायुक्त के कार्यालय की गोपनीयता भंग करने वाले लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई जाए.हमारी विधायक गंगा जल की तरह पवित्र है और इनके एक एक कदम 24 घंटे बोकारो की जनता के विकास की भागीरथी प्रयास को समर्पित है।

## जनसमस्याओं को लेकर प्रभारी निदेशक से मिले कुमार अमित किया शहिद मंगल पांडेय की प्रतिमा को शहर में लगाने की माँग

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो की जनसमस्याओं के समाधान को लेकर भाजपा नेता कुमार अमित सोमवार को बीएसएल के प्रभारी निदेशक श्री बी.के तिवारी से मिले। कुमार अमित ने प्रभारी निदेशक को पंद्रह सूत्री माँग पत्र सौंपा। इस माँग पत्र में ठेका मजदूरों के लिए बोकारो में इएसआई हॉस्पिटल लगाने, मेडिकल के नाम पर ठेका मजदूरों की छटनी बंद करने, शहीद मंगल पांडेय की प्रतिमा स्थापित करने, सेल कर्मियों के बकाया वेतन का भुगतान करने, बोकारो के विकास और संसाधनों के सदुपयोग हेतु सेल के खाली पड़े भवनो को उच्च एवं व्यवसायिक शिक्षण संस्थान, स्वास्थ्य सेवाएँ, कौशल विकास, आई.टी जैसे क्षेत्रों के लिए उद्देश्य तय करके हीं प्रतिष्ठ निजी



संस्थानों को देने, शेष बचे विस्थापित गाँवों को पंचायत का दर्जा देने हेतु पहल करने, अप्रैन्टिस ट्रेनिंग कर चुके विस्थापित बेरोजगारों को नियोजित करने, बीजीएच को जल्द सुपरस्पेलिटी हॉस्पिटल के रूप में विकसित करने एवं मरिजों को सस्ती दवाई उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री जनऔषधी केन्द्र स्थापित करने, सेल के चतुर्थवर्गीय पदों को विस्थापित एवं स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित करने, दुन्दाबाग झुग्गी-झोपड़ी खटाल वासियों को तय शुल्क पर बिजली पानी की आपूर्ति कर प्रबंधन की वित्तीय बोझ को कम करने, शहर को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु ठोस रणनीति बनाकर झुग्गी-झोपड़ियों को पुनर्वासित करने, स्ट्रीट वेंडर एक्ट के तहत लाइसेंस गुमटी योजना लाकर फुटपाथ दुकानदारों को व्यवस्थित और स्थाई करने, बोकारो के बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता देते हुए रोजगार मेला लगाकर प्लांट में कार्यरत विभिन्न आउटसोर्सिंग कम्पनियों में जॉब दिलाने, राउरकेला कि तरह सेल के अप्रेंटिस ट्रेनिंग को झारखण्ड के सभी इच्छुक अभ्यर्थियों को अवसर देने, बीजीएस पर बोझ कम करने के लिए बंद पड़े स्वास्थ्य केन्द्रों को भी निजी अस्पताल संचालकों को लाइसेंस योजना के तहत देने, बहाली में पूर्व की भाँति खिलाड़ियों का कोटा आरक्षित करने आदि की माँग शामिल है। इन सभी विषयों पर निदेशक प्रभारी से कुमार अमित ने विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यवाही करने की माँग की। प्रभारी निदेशक ने भाजपा नेता को इन माँगों पर सकारात्मक पहल करने की बात कही। इस अवसर करण गोरांई, लालबाबू, राजीव सिंह, चन्द्रप्रकाश, शैलेश कुमार भी उपस्थित थे।

## होली व उर्स को लेकर कसमार थाना में शांति समिति की बैठक

## शराब सेवन व शराब का अवैध धंधा करने वालों के विरुद्ध सख्त कारवाई की जायेगी : सीओ

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** कसमार थाना परिसर में सोमवार को होली व उर्स को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता सीओ प्रवीण कुमार व संचालन शकुर अंसारी ने किया। बैठक में प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी दे, बीडीयो नम्रता जोशी, थाना प्रभारी भजनलाल महतो, ज़िप सदस्य अमरदीप महाराज प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम मुख्य रुप से उपस्थित थे। इस दौरान सीओ प्रवीण कुमार ने कहा कि शराब का सेवन करने वालों व शराब का अवैध धंधा करने वालों के विरुद्ध सख्त कारवाई की जायेगी । होली का पर्व महान पर्व है। इसमें लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल का प्रयोग कर के खुशी मानते हैं। होली व उर्स त्योहार को हिन्दू-मुस्लिम एकता व भाईचारे के बीच पर्व को मनाने की अपील की। त्योहार में विद्वेष फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने शांति समिति के सदस्यों से आपसी प्रेम एवं भाईचारे के साथ रंगोत्सव मनाने की अपील की। होली कसमार का इतिहास सदा ही सौहार्दपूर्ण व शांतिप्रिय रहा है। इसलिए अपनी पहचान को बरकरार रखते हुए सद्भाव के साथ होली का त्योहार मनाएं। होली व रमजान को देखते हुए सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है। साथ ही रंगों के इस पावन त्यौहार में हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। सभी समुदाय के लोगों से शांतिपूर्ण वातावरण में उत्सव मनाने की अपील की। मौके पर मुखिया राजेन्द्र महतो, अमरलाल महतो, विजय जायसवाल, चन्द्र शेखर नायक, हारू रजवार, चन्द्र शेखर हेम्ब्रम, पंसस इन्द्रजीत पांडेय, विनोद कुमार महतो, नागेन्द्र नायक, रवि कुमार, पूर्व 20सूत्री अध्यक्ष यदुनंदन जायसवाल, शेर ए आलम, धनलाल किरदार, भुवनेश्वर महतो, सोहेल अंसारी, छोगालाल सिंह, शेखावत अंसारी, बानेश्वर महतो, सनातन महतो, इरफान अंसारी, मुन्ना अंसारी, प्रताप सिंह, परमेश्वर नायक, भोला स्वर्णकार, दिनेश महतो, मोबिन अंसारी, हसन अंसारी, मिथलेश जायसवाल, अखिलेश मरांडी आदि मौजूद थे।



## अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ ने मनाया होली मिलन समारोह

**रांची :** अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में आज सिविल कोर्ट परिसर स्थित न्यू बार भवन के प्रथम तल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के सदस्यों ने एक दूसरे पर अबीर लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। संघ के प्रधान महासचिव भरत चन्द्र महतो ने इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं को अबीर लगाकर एवं अंग वस्त्र देकर होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली रंगों और हंसी खुशी का त्योहार है। होली आपसी भाईचारा और प्रेम को प्रगाढ करता है। होली के अवसर पर जो रंग हम एक दूसरे को लगाते हैं उससे आपसी प्रेम प्रगाढ होता है। इस अवसर पर अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, विजय कुमार कोईरी, जीतेन्द्र प्रसाद,निरंजन राम, विजय कुमार गुप्ता, अंजु कुमारी, डोली, सुजाता, ब्रजेन्द्र नाथ महतो, बिपिन बिहारी देवरत्न, मीडिया प्रभारी मृत्युंजय प्रसाद समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

# संक्षिप्त खबरें

## श्री श्याम टाबरिया के द्वारा श्री श्याम फागुन रंग भरी एकादशी कीर्तन का भव्य आयोजन



**हजारीबाग (बिभा):** फाल्गुन माह के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का भव्य आयोजन श्री श्याम फागुन रंग भरी एकादशी कीर्तन के रूप में संपन्न हुआ। इस दिव्य आयोजन का आयोजन श्री श्याम टाबरिया हजारीबाग के तत्वावधान में राणी सती मंदिर प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुआ। मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा द्वारा बाबा श्याम की विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। इस दौरान यजमान के रूप में नीरज अग्रवाल मुनका एवं उनकी धर्मपत्नी ने पूरे श्रद्धा भाव के साथ पूजा कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।इसके पश्चात भव्य रूप से अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई, जिसकी ज्योतिर्मय आभा ने समूचे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के जयकारों के साथ कीर्तन में भाग लिया और अपनी भक्ति का समर्पण किया।कार्यक्रम में हजारीबाग के प्रसिद्ध स्थानीय कलाकारों ने बाबा श्याम के भजन प्रस्तुत किए, जिन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों में खाटू वाले का प्यार,श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम जैसे लोकप्रिय गीतों ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजनों के दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे भाव और भक्ति के साथ बाबा श्याम के समक्ष नृत्य भी किया।फागुन माह को बाबा श्याम के प्रति विशेष आस्था का प्रतीक माना जाता है, और इसी भाव को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन बेहद हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। इस भव्य आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं का आभार प्रकट करते हुए भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## हजारीबाग के दीपूगढ़ा में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन



**हजारीबाग(बिभा):** हजारीबाग के दीपूगढ़ा स्थित सिन्हा बैंक्विट हॉल में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनील कुमार और धर्मेंद्र ठाकुर शामिल हुए। उन्होंने समारोह में उपस्थित सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। हमें इस पर्व को हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए ताकि समाज में एकता और प्रेम बना रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा, ?मैं इस भव्य आयोजन के लिए आयोजक मंडली के सभी सदस्यों का हृदय से धन्यवाद करता हूं। विशेष रूप से आशीष तिवारी, सिद्धार्थ, विवेक सनी और ऋषि का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह आयोजन समाज को एकजुट करने और आपसी प्रेम को बढ़ावा देने के लिए किया गया है।?उन्होंने आगे कहा कि होली एक ऐसा पर्व है, जहां सभी भेदभाव मिटाकर लोग एक-दूसरे के गले मिलते हैं और प्रेम का संदेश फैलाते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं और इस तरह के आयोजन भविष्य में भी होते रहें, इसकी कामना की।समारोह के दौरान लोगों ने रंग-गुलाल उड़ाकर होली का आनंद लिया और एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। पूरा माहौल रंगीन और उत्साहपूर्ण बना रहा। आयोजकों में प्रमुख रूप से आशीष तिवारी, सिद्धार्थ, विवेक सनी और ऋषि ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहने का आश्वासन दिया। समारोह का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक होली गीत गाने के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे के साथ होली के रंगों का आनंद उठाया और सामाजिक एकता का संदेश दिया।


## संस्कार भारती हजारीबाग इकाई की होली मिलन समारोह गीत,संगीत रंग-गुलाल के साथ संपन्न



**हजारीबाग(बिभा):** संस्कार भारती हजारीबाग इकाई के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन संस्था के मानद मंत्री राजीव झा के निवास स्थान कालिका भवन, बाबा पथ में होली के गीतों एवं रंग-गुलाल के साथ विगत दिन संपन्न हुई,आयोजन की शुरूआत संस्था के ध्येय गीत से हुई जिसका गान जिलाध्यक्ष कुमार केशव तथा रिया चंद्रा,अंकिता पुरुषोत्तम,जीवन ज्योति, संजना कुमारी ने सामुहिक रूप से किया,उसके बाद गणेश वंदना छोटी सी बालिका परी ने किया,तत्पश्चात जिलाध्यक्ष कुमार केशव जो खुद प्रसिद्ध गायक,लेखक,गीतकार,संगीतकार हैं, अपनी स्वरचित होली गीत से सभी का मन मोह लिया,माहौल को अपने कविता के रंग में रंगने के लिए राष्ट्र कवि संगम के प्रतिभाशाली कवियों का साथ रहा,होलीयाना कविता के रंगों के संग आशीष ओझा,विजय कुमार कर्ण,सौरभ मिश्रा ने अपनी प्रस्तुति देते हुए,मौजूदा राजनीतिक दलों के हालात पऱ भी व्यंगात्मक कविता से सभी का मन जीत लिया,होली के मस्ती भरे माहौल को चार चांद श्रीमती रेखा झा ने अपनी मखमली आवाज से किया, श्रीमती निर्मला दास ने भी रंगों की खूबसूरती को बयान करते हुए अपनी जादुई प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया,राष्ट्र कवि संगम के जिलाध्यक्ष डॉ सुबोध सिंह शिवगीत ने अपने गीत के माध्यम से सभी को झूमने के लिए मजबूर कर दिया,आयोजन का संचालन संस्कार भारती हजारीबाग इकाई के जिला महामंत्री विनीत कुमार जैन ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ किशोर कुमार गुप्ता ने किया,आयोजन को सफल बनाने मे जिलाध्यक्ष कुमार केशव,उपाध्यक्ष डॉ किशोर कुमार गुप्ता, जिला महामंत्री विनीत कुमार जैन,जिला मंत्री राजीव कुमार झा,जिला कोषाध्यक्ष अनिल पांडे, रेखा झा ,राष्ट्र कवि संगम के महासचिव हिमांशु कुमार तथा ढोलक मे राजेश गुप्ता,ऑर्गन मे विकास कुमार सिन्हा की महत्वपूर्ण भूमिका रही साथ ही समारोह मे अमित झा,चंदन ,राम प्रवेश मिश्रा, अमित मिश्रा,प्रवीण कुमार,ओम शंकर झा,राजू आर्यन,अमित,आयुष,सिगम देवी,ममता देवी, संदीप,रेखा देवी ,मालती सिंह ,सक्षम,श्रेयम, संदीप, नैतिक सहित होलियाना प्रेमी उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार की लापरवाही से झारखंड के विकास कार्य ठप डीएमटी फंड के हजारों करोड़ रुपए पड़े निष्क्रिय : प्रदीप प्रसाद

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग :** सदन में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने डीएमटी फंड के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया उन्होंने कहा की झारखंड में जनहित और विकास कार्यों में हेमंत सरकार की उदासीनता निरंतर उजागर हो रही है। राज्य के खनन क्षेत्रों के निवासियों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए गठित डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड ट्रस्ट का समुचित उपयोग न होने के कारण हजारों योजनाएं अधर में लटकी हुई हैं।

### डीएमटीफंड में भारी राशि निष्क्रिय

विधानसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में सरकार ने स्वीकार किया कि झारखंड को अब तक डीएमटी फंड के तहत कुल रु 15145.0141 करोड़ प्राप्त हुए हैं। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से इसमें से मात्र रु 10485.3376 करोड़ ही खर्च किए गए हैं, जबकि रु 4659.6765 करोड़ की बड़ी राशि आज भी उपयोग के इंतजार में पड़ी है। इतना ही नहीं,डीएमटी फंड के तहत स्वीकृत 25622 योजनाओं में से केवल 15761 योजनाएं ही पूर्ण हुई हैं। शेष योजनाओं में से कई अधूरी हैं, जबकि 729 योजनाएं रद्द कर दी गई हैं। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है क्योंकि डीएमटी फंड का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को बुनियादी सुविधाएं और बेहतर जीवन स्तर प्रदान करना है।

### हजारीबाग का प्रसिद्ध नृसिंह स्थान मंदिर भी उपेक्षा का शिकार

केवल खनन क्षेत्र ही नहीं, बल्कि झारखंड के धार्मिक स्थलों की उपेक्षा भी साफ दिखाई दे रही है। हजारीबाग जिले का प्रसिद्ध नृसिंह स्थान मंदिर,जो एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल है, आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यहां प्रतिवर्ष होने वाले भव्य मेला और सालों भर विवाह जैसे आयोजन इसे सांस्कृतिक रूप से भी बेहद महत्वपूर्ण बनाते हैं। बावजूद इसके, सरकार द्वारा इस स्थल के विकास के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हालांकि, सरकार ने स्वीकार किया है कि नृसिंह स्थान मंदिर को श्रेणी-सी पर्यटन स्थल के रूप में अधिसूचित किया गया है और इसके लिए प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। लेकिन अब तक इसकी स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे साफ है कि सरकार की योजनाएं केवल कागजों पर सीमित हैं।

### विधायक प्रदीप प्रसाद की मांग

डी.एम.टी फंड का शीघ्र उपयोग कर सभी लंबित योजनाओं को पूरा किया जाए। हजारीबाग स्थित नृसिंह स्थान मंदिर के आधुनिकीकरण के लिए ठोस कार्य योजना बनाई जाए ताकि इस महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल को राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों में उचित स्थान मिल सके। लंबित योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को मॉनिटरिंग का अधिकार प्रदान किया जाए ताकि योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। झारखंड के विकास के लिए फंड की कोई कमी नहीं है, लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण आम जनता को उनका हक नहीं मिल पा रहा है। मैं जनता की आवाज बनकर इन मुद्दों को लगातार उठाता रहूंगा ताकि झारखंड के विकास को गति मिल सके।

# सांसद मनीष जायसवाल के मेडिकल कॉलेज अस्पताल निरीक्षण का दिखा असर, जनहित में हुए कई बदलाव

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग:** हजारीबाग के सदर अस्पताल/ मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर निरंतर गंभीर और सक्रिय रहने वाले हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बीते शुक्रवार को अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था और अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अनुकरण पूर्ति, उपाधीक्षक डॉ.ए.के.सिंह से मिलकर अस्पताल की कुव्यवस्था पर कई सवाल खड़े किए थे। सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा किए गए सवालों पर अस्पताल प्रबंधन के अधिकारी गिरते नजर आए थे। सांसद मनीष जायसवाल ने जनहित में अस्पताल परिसर में अधिष्ठापित दो पीएसए ऑक्सीजन प्लांट वर्षों से बंद होने, पंजीकरण काउंटर में मेन पावर की कमी, विभिन्न वार्डों में बेडशीट, कम्बल, व्हील चेयर, स्ट्रेचर के लिए मरीजों के परिजनों से मोबाइल या 100 रुपए जमा कराए जाने, विभिन्न वार्डों में कैथेटर लगाने, ड्रेसिंग करने सहित अन्य सुविधाओं के लिए मनमानी वसूली किए जाने, रविवार की रात को अस्पताल का जांच घर कार्य नहीं करने, हॉस्पिटल में सीनियर डॉक्टर दूसरी पाली के ओपीडी और विशेषकर रात्रि में उपलब्ध नहीं रहने, लेबर रूम में मनमानी वसूली किए जाने, अस्पताल का अल्ट्रासाउंड अब तक चालू नहीं किए जाने, पोस्टमार्टम में देरी एवं चिकित्सकों की मनमानी के कारण कईबार मुर्दों के साथ परिजनों को घंटे इंतजार कराए जाने, ब्लड बैंक का प्लाज्मा सेपेरेशन का कार्य शुरू नहीं हो पाने और हॉस्पिटल कैम्पस में कर्मियों द्वारा व्यसन का सेवन किए जाने सहित अन्य मामलों पर गंभीरता से सवाल उठा और इस पर लिखित जवाब मांगा। जरूरतमंद मरीजों के हितार्थ जमीनी हकीकत से रूबरू कराते सांसद मनीष जायसवाल के इन सवालों के उठाए जाने के बाद अस्पताल प्रबंधन और यहां के कर्मियों में हड़कंप मच गया।सांसद मनीष जायसवाल के जरूरतमंद मरीजों के हित में सक्रियता और सजगता का प्रतिफल हुआ की उनके अस्पताल निरीक्षण के कुछ ही घंटे बाद अस्पताल प्रबंधन हरकत में आया और तत्काल उन्हें लिखित जवाब भेजा साथ ही उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर पहल करते हुए सुधार की गई मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक ने सांसद मनीष जायसवाल को जो लिखित जवाब दिया उसमें बताया गया कि रविवार को क्लीनिकल पैथोलॉजी में जांच सुचारू करने का निर्देश दे दिया गया है, बेड्शीट, कम्बल, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर सहित अन्य मरीजों के जरूरत के समान में कोई राशि या सामान सिक्योरिटी के रूप में जमा नहीं लेने का निर्देश दे दिया गया है, लेबर रूम सहित अन्य वार्डों में कैथेटर लगाने या ड्रेसिंग करने सहित अन्य जरूरी इलाज सेवा में किसी प्रकार की मनमानी नहीं करने का निर्देश कर्मियों से दिया गया है साथ ही इन मामलों में दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है, पोस्टमार्टम हाउस के विभागाध्यक्ष को पोस्टमार्टम का समय करने का निर्देश दिया गया है, ब्लड बैंक का प्लाज्मा सेपेरेशन का कार्य शुरू करने की प्रक्रिया की जा रही है, पीएसए ऑक्सीजन प्लांट मरम्मती का कार्य डीएमएफटी हजारीबाग के द्वारा कराया जा रहा है और सभी विभागाध्यक्षों की बैठक कर चिकित्सकों की ड्यूटी ससमय सुनिश्चित कराने की दिशा में सकारात्मक पहल किया गया है।सांसद मनीष जायसवाल के निरीक्षण के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल के विभिन्न वार्डों के सभी बेड में बेडशीट उपलब्ध कराया जा रहा है। यहां के चिकित्सक और चिकित्सा कर्मी भी मुस्तैद देखे जा रहें हैं।सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि जन- जरूरतों की सेवा में अस्पताल से संबंधित विषयों पर हम सक्रिय और मुस्तैद रहें हैं और आगे भी रहेंगे ।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने किया गोविंदपुर व धनबाद अंचल कार्यालय का निरीक्षण



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग :** आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग श्री पवन कुमार ने सोमवार को गोविंदपुर एवं धनबाद अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने दोनों अंचल कार्यालय में सेवा पुस्तिका, कैश बुक, म्यूटेशन के मामले, विभिन्न पंजी का संधारण सहित अन्य का निरीक्षण किया।दोनों अंचल कार्यालयों का निरीक्षण करने के बाद आयुक्त ने बताया कि सोमवार को सर्वर डाउन होने के कारण कई बिंदुओं का निरीक्षण नहीं कर सके।साथ ही कहा कि उन्होंने अंचल अधिकारियों को नियत समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने, दाखिल खारिज सहित अन्य मामलों का समय पर निष्पादन करने, त्रुटि रहित काम करने का निर्देश दिया है।वहीं लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे बीचौलियों से दूर रहें।? व्यक्तिगत रूप से अंचल कार्यालय जाएं और अंचल अधिकारी से मिलकर अपना काम कराएं। आयुक्त ने कहा कि बीचौलियों को रोकने के लिए लोगों को जागरूक होना होगा और सहयोग करना होगा।गोविंदपुर और धनबाद अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान आयुक्त के साथ अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार मौजूद थे। जबकि गोविंदपुर अंचल कार्यालय में सीओ गोविंदपुर श्री धर्मेन्द्र कुमार दुबे तथा धनबाद अंचल कार्यालय में सीओ धनबाद श्री शशिकांत सिंकर मौजूद थे।

### राष्ट्रीय युवा महोत्सव में आईसेक्ट विश्वविद्यालय का शानदार प्रदर्शन

# निधि ने रंगोली में कांस्य तो कार्टूनिंग में कृष्ण ने जीते रजत पदक

बिभा संवाददाता




**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के परफॉर्मिंग आर्ट्स की सहायक प्राध्यापिका कुमारी सीमा के नेतृत्व में बीते तीन से सात मार्च के बीच नोएडा स्थित अमिटी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 38वां एआईयू यूथ फेस्टिवल में भाग लेने पहुंचे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने दो मेडल अपने नाम कर लिए। बता दें कि इससे पूर्व कोलकाता में आयोजित 38वां एआईयू ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने पांच पदक अपने नाम कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया था। इसी के बाद कार्टूनिंग में आईसेक्ट विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट्स के विद्यार्थी कृष्ण कुमार दांगी और रंगोली में निधि कुमारी को नेशनल यूथ फेस्टिवल के लिए आमंत्रित किया गया था, जहां बेहतर प्रदर्शन करते हुए निधि ने रंगोली में कांस्य तो कार्टूनिंग में कृष्ण कुमार दांगी ने रजत पदक जीतने में कामयाबी हासिल की। इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विद्यार्थियों के समावेशी विकास को आधार बनाकर विश्वविद्यालय जिस प्रकार आगे बढ़ रहा है, उसी का परिणाम है कि यहां के विद्यार्थी शिक्षा के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल यूथ फेस्टिवल में पहली बार आईसेक्ट विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और दोनों पदक हासिल करने में कामयाब रहे, इससे विद्यार्थियों के लगनशीलता भी साफ तौर पर प्रदर्शित होता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने सफल विद्यार्थियों के साथ साथ सभी प्राध्यापक - प्राध्यापिकाओं व कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक सहित अन्य गतिविधियों को लेकर अनुकूल वातावरण तैयार करने में सभी का योगदान रहा है। यही वजह है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हर क्षेत्र में परचम लहरा रहे हैं और विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के नियमित परिश्रम के लिए प्रेरित करने और प्राध्यापक-प्रध्यापिकाओं का उचित मार्गदर्शन ही प्रतिभागियों के सफलता का आधार बना है! पदक हासिल करने के बाद कृष्ण और निधि ने कहा कि फाइन आर्ट्स के सह प्राध्यापक शिवदेव कुमार सर के उचित मार्गदर्शन ने सफलता का राह आसान बना दिया। साथ ही कहा कि कुमारी सीमा मैम का सहयोग भी इस कामयाबी के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ। यूथ फेस्टिवल में शानदार प्रदर्शन के लिए सभी प्राध्यापक-प्रध्यापिकाओं व कर्मियों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

### पूर्व मंत्री ने अमन साहू एनकाउंटर पर जताई खुशी, लेकिन डीजीएम हत्या पर दिया विवादित बयान, कहा

# डीजीएम की हत्या से केरेडारी व बड़कागांव के ग्रामीण खुश

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग:** झारखंड की राजनीति में हलचल मचाने वाला बयान! पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने अपराध और माफिया राज पर खुलकर बोला और ऐसा बयान दिया, जिसने पूरे राज्य में सनसनी फैला दी। कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के एनकाउंटर पर उन्होंने पुलिस की सराहना की, लेकिन जब एनटीपीसी अधिकारी कुमार गौरव की हत्या की बात आई, तो उनका बयान चौंकाने वाला था। उन्होंने कहा कि बड़कागांव और केरेडारी के लोग इस हत्या से खुश हैं, क्योंकि कोल कंपनियों और अधिकारियों ने सालों से गरीबों का शोषण किया है। विस्थापन, मुआवजा न मिलना और जबरन घर तोड़ने जैसी घटनाओं ने ग्रामीणों को गुस्से से भर दिया था। साव के इस बयान ने झारखंड की राजनीति और प्रशासन दोनों को कटघरे में खड़ा कर दिया है।उन्होंने कहा कि अमन साहू का एनकाउंटर एक सही कदम था और पुलिस को इसके लिए बधाई मिलनी चाहिए, लेकिन झारखंड में अपराध और माफिया राज को पूरी तरह खत्म करने के लिए यह पर्याप्त नहीं है। उनका मानना है कि झारखंड में यूपी की तर्ज पर ऑपरेशन चलाया जाना चाहिए और अपराधियों का पूरी तरह सफाया होना चाहिए। उन्होंने झारखंड के कुख्यात अपराधी विकास तिवारी का नाम लेते हुए कहा कि वह जेल में बैठकर करोड़ों रुपये की उगाही कर रहा है और पुलिस पैसे लेकर उसे संरक्षण दे रही है। साव ने मांग की कि ऐसे माफियाओं के कोकस को पूरी तरह ध्वस्त किया जाए और सिर्फ एनकाउंटर ही नहीं, बल्कि उनकी संपत्तियां भी जब्त की जाएं। साथ ही, उन्होंने इन क्षेत्रों में पनपे कोल माफियाओं के सफाए की भी मांग की।

योगेंद्र साव ने कोल खनन कंपनियों, विशेष रूप से एनटीपीसी पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कंपनी प्रशासन के साथ मिलकर गरीबों को उजाड़ रही है, उनके घरों को बिना किसी पूर्व सूचना के तोड़ा जा रहा है और उचित मुआवजा दिए बिना विस्थापित किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि कोयला माफियाओं और भ्रष्ट अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि इन क्षेत्रों में शांति बहाल हो सके।अब सवाल यह है कि क्या झारखंड पुलिस सिर्फ अपराधियों के एनकाउंटर तक सीमित रहेगी, या फिर माफिया राज और कोल खदानों में फैले भ्रष्टाचार पर भी शिकंजा कसेगी? क्या विकास तिवारी जैसे गैंगस्टरों की संपत्तियां भी जब्त होंगी? क्या कोयला कंपनियों और भ्रष्ट अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी? योगेंद्र साव के बयान के बाद झारखंड की राजनीति में उबाल आ गया है।

# मद्धेशिया वैश्य हलवाई पंचायत/नगर द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग :** मद्धेशिया वैश्य हलवाई पंचायत/नगर द्वारा भव्य और रंगारंग होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सभी लोग ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों, महिलाओं, पुरुषों, युवा वर्ग और बच्चों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को यादगार बनाया। समारोह की शुरूआत समाज के गुरु की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित के साथ किया गया, जिसके बाद दीप प्रज्वलन की गई, जिसके बाद भजन का आयोजन हुआ। होली के विशेष भजनों पर उपस्थित जनसमूह झूमता नजर आया। हर किसी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं, जिससे माहौल प्रेम, सौहार्द और भाईचारे से सराबोर हो गया। समारोह में समाज की महिलाओं ने विशेष रूप से पारंपरिक गीत-संगीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। बच्चों ने होली से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए, जिसके माध्यम से होली के महत्व को दशार्या गया। स्वादिष्ट व्यंजनों के बीच उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर हंसी-खुशी के माहौल में होली का आनंद लिया। कार्यक्रम में समाज के विकास और एकजुटता को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया, जिसमें वक्ताओं ने समाज को संगठित रहकर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने का संदेश दिया। यह भव्य आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करने का एक सफल प्रयास रहा। उपस्थित सभी लोगों ने इस पहल की सराहना की और आयोजकों का आभार व्यक्त किया।समाज के युवा मंच के उपाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया की हमारा समाज हमेशा से एकजुटता, सद्भावना और आपसी प्रेम का प्रतीक रहा है। होली जैसे पावन पर्व पर सभी समाजजन एकत्र होकर जिस आत्मीयता के साथ खुशियां साझा करते हैं, वही हमारी सच्ची शक्ति है। हमारा लक्ष्य समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना और शिक्षा, व्यापार एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करना है। मैं सभी समाजजनों से आग्रह करती हूं कि इसी एकता को बनाए रखें और अपने समाज को प्रगति के पथ पर अग्रसर करें।

# झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता विशेष बैठक हेतु हजारीबाग पहुंचे



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग:** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता विशेष बैठक हेतु हजारीबाग पहुंचे जहां इन्होंने सर्वप्रथम एनटीपीसी एवं उनके सहयोगी कंपनियों के पदाधिकारी को यह भरोसा दिलाने की कोशिश की कि आपकी जान माल की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस की प्राथमिकताओं में शुमार है इसके लिए किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी हालांकि अब तक एनटीपीसी के जीएम स्तर के पदाधिकारी कुमार गौरव जिनकी हत्या हुई थी उनके हत्या के कारण का खुलासा नहीं हो पाया है । इस संबंध में पूछे जाने पर डीजीपी ने बताया कि हजारीबाग एसपी की अध्यक्षता में कई डीएसपी स्तर के पदाधिकारी एवं इंस्पेक्टर स्तर के पदाधिकारी के साथ एसआईटी की गठन की गई है जो जल्द ही जांच कर मामले का खुलासा कर देगी इसके लिए उन्होंने उम्मीद किया कि एक सप्ताह के अंदर इसका खुलासा कर दिया जाएगा ।

# रसोई पर बाजार के हमले से चौपट होता स्वास्थ्य


ललित गर्ग

अध्ययन के मुताबिक, जिन देशों में पिछले 15 साल में सुपरमार्केट से तले-भुने एवं जंक खाद्य पदार्थों की बिक्री में 11 फीसदी वृद्धि हुई है, वे भारत, बांग्लादेश, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर जैसे देश हैं। रिपोर्ट का एक चिंतनीय पक्ष यह है कि दक्षिण एशिया में यह बढ़ोतरी अन्य देशों की तुलना में तेज रही। आंकड़े बताते हैं कि बीते डेढ़ दशक में विश्व स्तर पर सुपरमार्केट 23.6 फीसदी बढ़े हैं, जबकि इस दौरान दुनियाभर में मोटापा 18.2 प्रतिशत से बढ़ कर 23.7 प्रतिशत हो गया है।

आज रसोई पर संकट मंडरा रहा है, बाजारवाद ने रसोई के अस्तित्व को ही बदल दिया है, न केवल रेसाई को बदला है बल्कि हमारे शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्द्धक खानपान को ही ध्वस्त कर दिया है, जिससे हमारा स्वास्थ्य तो चौपट हो ही रहा है, हमारे पारिवारिक एवं भावनात्मक संबंध भी चरमरा रहे हैं। देश-दुनिया में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों का चलन और इससे होने वाले नुकसान बढ़ते जा रहे हैं। मोटापा सहित अनेक बीमारियां संकट पैदा कर रही है। इन्हीं चिन्ताओं के बीच यूनिसेफ की एक ताजा रिपोर्ट चौंकाती भी है एवं लगातार स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ने के कारण को दशार्ती है। यूनिसेफ ने भारत समेत 97 देशों में अध्ययन कर बताया है कि पिछले 15 साल में दुनियाभर में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की बिक्री 11 फीसदी बढ़ी है, जिससे जेब पर भी असर पड़ा है और स्वास्थ्य पर भी, विशेषतः पारिवारिक संरचना पर। ज्यादा-से-ज्यादा चेन स्टोर-सुपरमार्केट खुलने के बाद लोग इनका अधिक सेवन कर रहे हैं। जिन देशों में प्रतिव्यक्ति सर्वाधिक चेन किराना स्टोर एवं सुपरमार्केट हैं, वहां लोग ज्यादा अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ खरीदते हैं। द्यनेचर फूडद्ब पत्रिका में प्रकाशित इस रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए व्यक्ति, परिवार, समाज एवं सरकार को सख्त एवं प्रभावी कदम उठाने होंगे।

अध्ययन के मुताबिक, जिन देशों में पिछले 15 साल में सुपरमार्केट से तले-भुने एवं जंक खाद्य पदार्थों की बिक्री में 11 फीसदी वृद्धि हुई है, वे भारत, बांग्लादेश, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर जैसे देश हैं। रिपोर्ट का एक चिंतनीय पक्ष यह है कि दक्षिण एशिया में यह बढ़ोतरी अन्य देशों की तुलना में तेज रही। आंकड़े बताते हैं कि बीते डेढ़ दशक में विश्व स्तर पर सुपरमार्केट 23.6 फीसदी बढ़े हैं, जबकि इस दौरान दुनियाभर में मोटापा 18.2 प्रतिशत से बढ़ कर 23.7 प्रतिशत हो गया है। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की खरीद बढ़ने से अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात में भोजन पर खर्च बहुत अधिक बढ़ा है। भारत में भी पिछले साल के अंत में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण की रिपोर्ट कहती है कि लोगों के खाद्य बजट में सब्जियों, पैकेटबंद चीजों एवं जंक फूड्स की ही बड़ी हिस्सेदारी है। खाद्य पदार्थों के व्यापार पर नजर रखने वाली एजेंसी यूरोमॉनिटर के मुताबिक, भारत में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की प्रतिव्यक्ति सालाना बिक्री 2005 में दो किलोग्राम थी, जो 2019 में छह किलोग्राम और 2024 में आठ किलोग्राम हो गयी।



सीएसइ (सेंटर फॉर साइंस एंड इन्वायर्नमेंट) द्वारा भारत में किये गये अध्ययन से भी इसका खुलासा हुआ है कि जंक फूड और पैकेटबंद भोजन मोटापा, कैंसर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और दिल की बीमारियां बढ़ा रहे हैं। यह कितना बड़ा मुद्दा है, इसे इसी से समझा जा सकता है कि इस बार बजट से पहले की आर्थिक समीक्षा में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड पर अधिक टैक्स लगाने की सिफारिश की गयी थी। जाहिर है, अगर अभी नहीं संभले, तो बहुत देर हो जायेगी। इंसानों की तोंद बढ़ती जा रही है। इस बढ़ते मोटाने की भयावहता को महसूस करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटापे के खिलाफ जंग छेड़ी है। एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रधानंत्री ने कहा कि 2050 तक 44 करोड़ भारतीय मोटापे का शिकार होंगे। प्रधानमंत्री ने इन आंकड़ों को खतरनाक बताते हुए मोटापे को मात देने के लिए लोगों को मंत्र भी दिये हैं। ये मंत्र हैं- खाने वाले तेल में लोग 10 फीसदी की कटौती एवं जीवनशैली में बदलाव करें। अगर समय पर इस पर ध्यान नहीं गया तो भविष्य में बड़ी स्वास्थ्य समस्याएं होंगी। मोटापे की वजह से हर तीसरा व्यक्ति गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकता है।

स्वाद में चटपटी और जब जरूरत हो, तब पैकेटबंद भोजन की उपलब्धता ने हमें अपने घर की रसोई की जगह बाजार पर निर्भर बना दिया है।?इसके लिए बाजार ने कई तरह के लुभावने एवं बाजारवादी तर्क और नारे गढ़ रखे हैं। ये नारे और तर्क हमें लुभाते एवं गुलाम बनाते हैं। समय की बचत के नाम पर हमें मजबूर करते हैं कि हम अपने घर की रसोई को बंद ही रखें। हमारे खान-पान की परंपरा और पौष्टिकता पर यह एक तरह से हमला है। बाजार हमें सिखाना चाहता है कि परिवार में जब जिसको भूख लगे, वह बाजार जाए, आनलाइन ऑर्डर करें और?खा ले। पहले परिवार के लोग एक साथ बैठकर?खाते थे, तब परिवार का हर सदस्य एक दूसरे के सुख-दुख से परिचित होता एवं संवेदनाओं से जुड़ता था। दुख, परेशानियों, निराशाओं को दूर करने का सामूहिक प्रयास किया जाता था। सलाह मशविरा किए जाते थे। आज हमें बाजार सामूहिकता से काटकर वैयक्तिक एवं एकांगी बना रहा है। यदि हमने अपनी रसोई को सहेजकर नहीं रखा, तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जब हमें पूरी तरह बाजार के डिब्बाबंद भोजन पर ही निर्भर रहना पड़े।

विशेषज्ञों का कहना है कि करीब 14 फीसदी वयस्क और 12 फीसदी बच्चे अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स की लत का शिकार बन चुके हैं। लोगों में स्वास्थ्य के नजरिए से हानिकारक इन खाद्य पदार्थों को लेकर जो लगाव है, वो शराब और तम्बाकू जितना ही बढ़ चुका है। बता दें कि दुनिया भर में 14 फीसदी लोग शराब के और 18 फीसदी लोग तम्बाकू के आदी बन चुके हैं। ऐसे में 14 फीसदी वयस्कों में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड की दीवानगी एवं आकर्षण बेहद गंभीर खतरे की ओर इशारा करती है। यह जानकारी अमेरिका, ब्राजील और स्पेन के शोधकताओं द्वारा किए अध्ययन में सामने आई है, जिसके नतीजे नौ अक्टूबर 2023 को द ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। यह अध्ययन 36 देशों में प्रकाशित 281 अध्ययनों के विश्लेषण पर आधारित है।

आजकल मार्केट में पैकेटबंद एवं जंक फूड्स की भरमार है। चिप्स से लेकर दूध, मसाले और हर एक चीज प्लास्टिक, एल्युमिनियम या पेपर की पैकिंग के साथ आ रही है। सुविधा के नाम पर हो रहा यह हमला कई सारे साइड इफेक्ट्स दे रहा हैं। न सिर्फ बड़े बल्कि बच्चे भी पैकेटबंद चिप्स, जूस, कुकीज और नमकीन, नूडल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। किसी भी तरह की खाने-पीने की चीज की अगर पैकेजिंग की जाती है तो उन्हें सुरक्षित, संरक्षित और ज्यादा समय तक चलने के लिए तीन चीजें मिलायी जाती हैं। प्रीजर्वेटिव्स, नकली रंग और एक्स्ट्रा फैट। कुछ समय पहले आई एक स्टडी में बताया गया कि पैकेटबंद फूड्स में इमल्सीफायर नाम का एक कंपाउंड पाया जाता है, जो दिल की सेहत यानी हार्ट हेल्थ के लिए खतरनाक होता है, इससे कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां हो सकती हैं, यह कंपाउंड ब्लड प्रेशर लेवल को बढ़ा सकती है। बहुत ज्यादा मात्रा में इमल्सीफायर जब शरीर में पहुंचता है तो इससे शरीर की शक्ति क्षीण होने लगती है और कमजोरी-थकान-सुस्ती बढ़ती है।

पैकेटबंद भोजन में घर के बने भोजन की तुलना में पोषक तत्वों की कमी होती है। पैकेटबंद भोजन अक्सर अतिरिक्त चीनी, नमक और वसा से भरपूर होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। इनमें फाइबर की कमी होती है, जिससे पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों में मिलावट की संभावना अधिक होती है, इनमें स्नेह, प्यार, अपनापन एवं ममत्व नहीं होने से यह पोषित नहीं होते। कुछ अध्ययनों से पता चला है कि पैकेटबंद भोजन में पाए जाने वाले कुछ रसायन कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं। बच्चों में पैकेटबंद भोजन का अधिक सेवन उनके शारीरिक विकास को प्रभावित कर सकता है। प्राचीनकाल से ही हमारे देश में घर का चूल्हा यानी रसोई जहां स्वास्थ्य की प्रयोगशाला होती थी वही पूरे परिवार को जोड़ने का केंद्र रही है। यह रसोई ही थी जिसने परिवार को हर सदस्य से प्रेम करना सिखाया। एक दूसरे की इज्जत, सुरक्षा, देखभाल एवं स्वस्थ रहना सिखाया। संयुक्त परिवार के दिनों में सास-बहू, देवरानी-जेठानी, ननद-भाभी के बीच पनपे मतभेद को मनभेद में बदलने से रोका,?भोजन बनाते या साथ बैठकर खाते समय सारे मतभेद, गुस्से को तिरोहित करना भी रसोई ने ही सिखाया। यही हाल पुरुषों का भी था। जब साथ बैठकर खाते थे, तो आपसी मतभेद, मनमुटाव हवा हो जाते थे। लेकिन आज उसी रसोई पर संकट मंडरा रहा है। प्रेषक

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार) (यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संपादकीय

### जीत की खुशी

भारत ने एक साल से कम समय में दूसरी आईसीसी ट्रॉफी जीतकर विश्व क्रिकेट में अपना दबदबा साबित कर दिया है। भारत ने पिछले साल के आखिर में टी-20 विश्व कप को जीता था और अब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को ही नहीं हराया बल्कि खिताब जीतने की राह तक सभी टीमों को परास्त कर दिखाया कि अब कोई उनका सानी नहीं है। भारत की इस जीत में उसके द्वारा लिए गए रणनीतिक फैसले ने भी अहम भूमिका निभाई। बीसीसीआई के चवनकताओं ने जब कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा की मांग पर टीम में पांच स्पिनरों का चयन किया तो इस फै सले की आलोचना भी हुई थी। पर भारत के पूरे अभियान के दौरान एकादश में चार स्पिनरों को खिलाने की योजना बेहद कारगर साबित हुई, क्योंकि किसी भी टीम के पास इसकी काट नजर नहीं आई। फाइनल में भी भारत की कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल की स्पिन चौकड़ी ने 38 ओवर फेंककर कुल 144 रन दिए और पांच विकेट निकाले। इसके विपरीत पेस गेंदबाजों ने 12 ओवर फेंककर 104 रन दिए और एक विकेट निकाला। इससे यह तो साबित होता है कि भारतीय टीम अब रणनीति बनाने में बाकी प्रतिद्विंद्वियों से काफी आगे है। हम सभी जानते हैं कि विश्व क्रिकेट आर्थिक तौर पर भारत पर बहुत निर्भर है, इसलिए फैसलों में भी भारतीय दबदबा दिखता रहा है। पर आईसीसी टूनार्मेंटों को जीतने के मामले में हम थोड़े पिछड़े हुए थे। महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी को जीतने के बाद भारत एक दशक से ज्यादा समय तक आईसीसी ट्रॉफी जीतने में कामयाब नहीं रहा था। इस दौरान विराट कोहली और रवि शास्त्री की कप्तान और कोच की जोड़ी ने भारतीय परचम को दुनियाभर में तो लहरा दिया पर आईसीसी ट्रॉफी से दूरी को वह खत्म नहीं कर पाए, लेकिन रोहित शर्मा और द्रविड़ की जोड़ी ने भारत को टी-20 विश्व कप जिताया और अब गंभीर और रोहित की जोड़ी ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर भारत का विश्व क्रिकेट पर आर्थिक दबदबे के साथ क्रिकेटीय दबदबे को भी बना दिया है। भारत की इस सफलता से कप्तान रोहित शर्मा के आलोचकों को भी जवाब मिल गया है। वह जिस ताबड़कोड़ अंदाज में फाइनल में खेले, उससे वह यह दिखाने में कामयाब रहे कि उनमें अभी बहुत क्रिकेट बाकी है। रोहित के साथ विराट ने भी दिखाया कि भारतीय सफलता में वह अभी भी योगदान देने वाले हैं।

## चिंतन-मनन

### इसलिए सबसे छोटा है कलियुग


शास्त्रों में सृष्टि के आरंभ से प्रलय काल तक की अवधि को चार युगों में बांटा गया है। वर्तमान में हम जिस युग में जी रहे हैं उसे कलयुग कहा गया है। इससे पहले तीन युग बीत चुके हैं सतयुग, त्रेता और द्वापर। भगवान श्री राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ था और द्वापर में भगवान श्री कृष्ण का। कलियुग के अंत में भगवान कलकि अवतार लेंगे और संसार में फैले पाप और अन्याय के साम्राज्य का अंत करके पुनः धर्म की स्थापना करेंगे। भगवान ने चारों युगों में सबसे कम उम्र कलियुग को प्रदान किया है। शास्त्रों में सतयुग की अवधि 17 लाख 28 हजार वर्ष बतायी गयी है और त्रेता की अवधि 12 लाख 28 हजार। द्वापर युग की अवधि 8 लाख 64 हजार है जो त्रेता से लगभग 4 लाख वर्ष कम है। कलियुग की अवधि द्वापर से ठीक आधी, यानी 4 लाख 32 हजार है।

सतयुग से कलयुग तक सभी युगों की अवधि छोटी होती गयी है। इसका कारण यह है कि, भगवान बताना चाहते हैं, जो जितना पापी होगा उसकी उम्र उतनी कम होगी। भविष्य पुराण सहित कई शास्त्रों एवं पुराणों में बताया गया है कि कलियुग में पाप की पराकाष्ठा होगी। मनुष्य का व्यवहार सृष्टि के नियम के विरूद्ध होता जाएगा। हिंसा में मनुष्य पशुओं को भी पीछे छोड़ देगा। पशु तो सिर्फ अपनी भूख मिटाने के लिए दूसरे पशु को मारते हैं मनुष्य अकारण ही दूसरे मनुष्य को मारेगा। सच्चे संत भिखारी कहलाएंगे और अपमानित होंगे। कथावाचक और झूठे संत ऊंचे आसन पर विराजमान होंगे। तुलसीदास जी ने भी कलियुग के इस रूप का वर्णन किया है।

त्रेतायुग में रावण ने सीता का हरण किया लेकिन उनकी मर्जी के बिना उन्हें अपनाना पाप समझा। इस युग में छोटा भाई बड़े भाई के प्रति आज्ञाकारी था। बड़ा भाई अपने स्वार्थ के लिए छोटे भाई के साथ छल नहीं करता था। इसका उदाहरण राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न ये चार भाई हैं। त्रेता से जब द्वापर में आते हैं तब पाप बढ़ता दिखता है।

# बच्चों में विज्ञान की समझ विकसित करना जरूरी है


संजय गोस्वामी



पृथ्वी के वायुमंडल के बाहर भी जीवन है ? इस बात की पड़ताल एस्ट्रोबायोलॉजी के अंतर्गत किया जाता है। एस्ट्रोबायोलॉजी के जानकार ही वायुमंडल के बाहर जीवन होने के रहस्य से पर्दा उठा सकते हैं, इसके पीछे छुपी होती है। इसी विषय पर अनुशक्ति नगर स्कूल 2में एक वार्ता का आयोजन किया गया एक विषय था *अदृश्य खगोल विज्ञान डेढ़ घंटे का एक वैज्ञानिक व्याख्यान 3 मार्च 2025 को सुबह 9:00 बजे, एटॉमिक एनर्जी सेंट्रल स्कूल 2, अणुशक्तिनगर, मुंबई-94 में डॉ. सुंदर सहायनाथन द्वारा एक विज्ञान वार्ता, का आयोजन किया गया उन्होंने उन्होंने बताता की ज्ञान के क्षेत्र में जनसामान्य की भागीदारी बढ़ाने और वैज्ञानिक शिक्षा में सुधार द्वारा अधिक कुशल श्रमशक्ति के विकास में मदद मिलती है।खगोल विज्ञान वैज्ञानिक शोध में वैचारिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करता है। इससे अर्जित ज्ञान को मौसम विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, एवं संचार व्यवस्था जैसे प्रायोगिक विज्ञान के क्षेत्रों में आसानी से लागू किया जा सकता है। यह करने हेतु जिन उपकरणों की हमें आवश्यकता है वे महंगी भी नहीं है। यदि हम दूरसंवेदी डेटा से तुलना करें तो खगोल विज्ञान संबंधी डाटाबेस सस्ती भी हैं और सहज रूप से उपलब्ध भी हैं। तथापि आंकड़ों की प्रसंस्करण तकनीकें (मसलन, इमेज प्रोसेसिंग) दोनों ही मामलों में एक जैसी है। इनमें दूरबीन, स्पेक्ट्रोस्कोप इत्यादि बनाने के प्रशिक्षण से लेकर मौसम, चंद्र एवं सूर्यग्रहण इत्यादि जैसे खगोलीय अवधारणाओं की व्याख्या की जाती है। उच्च क्षमता वाली दूरबीनों की एक प्रणाली है जिससे गामा-किरणों की जाँच की जाती है। उदाहरण स्वरूप इस क्षेत्र के कुछ किसानों ने भी पर्यटकों के लिए अपने बागानों में शौकिया खगोलविदों के लिये छोटी दूरबीनों की स्थापना की है। खगोल विज्ञान का विकास और प्रसार औद्योगिक और वैज्ञानिक विकास की भी शुरूआत करता है खगोल विज्ञान संस्था द्वारा विज्ञान क्लब चलाना, शैक्षणिक सामग्री का वितरण एवं खगोल विज्ञान तथा भौतिकी के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति का संयोजन करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये जाते हैं।डॉ. सुंदर सहायनाथन 25 वर्षों से अधिक समय से बीएआरसी में के लिए काम कर रहे हैं। वे एक खगोल भौतिकीविद् और उनका काम शोध कार्य से ज्यादा सक्रिय आकाशगंगाओं पर है। उनके काम काफी हद तक सैद्धांतिक प्रकृति से सम्बंधित है। वे टीआईएफआर, आईयूसीएए, आईआईए और कश्मीर विश्वविद्यालय, तेजपुर विश्वविद्यालय और कालीकट विश्वविद्यालय जैसे कई भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ वैज्ञानिक कार्य से जुड़े रहें हैं। इन संस्थानों से 10 से अधिक पीएच.डी. छात्रों का मार्गदर्शन किया है। इसमें उप प्रधानाचार्य श्री देश राज किशाना ने उनका स्वागत किया। तदुपरांत लेक्चर समाप्त होने पर उन्हें एक मोमेंटो देकर भी सम्मानित किया गया साथ में एक गमले में तुलसी जी का पौधा भी प्रधानाचार्य द्वारा दिया गया। फूलों का गुलदस्ता और डायरी नवीन त्रिपाठी ने अरेंज किया था इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री एन सी शर्मा (संयोजक), श्री बी एन मिश्रा, और राजकमल गौतम,स्कूल के शिक्षक सुधीर पालकर.वी पी वर्गीश, गीता मैम, संगीता काकरे आदि ने बच्चों को इस विज्ञान वार्ता को सफल बनाया बच्चों में विज्ञान की समझ विकसित करना बहुत जरूरी है क्योंकि यह उन्हें दुनिया को बेहतर ढंग से समझने, समस्याओं को हल करने और भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करता है।

# चैंपियंस ट्रॉफी : भारतीय दबदबे का मंचन


मनोज चतुर्वेदी



देश में दिवाली एक हफ्ते पहले ही आ गई। भारत के चैंपियंस ट्रॉफी चैंपियन बनते ही देशभर में आकाश पटाखों की आवाज से गूंज गया।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अभी कुछ माह पहले आईसीसी टी-20 विश्व कप जीतने पर जिस तरह भावुक हो गए थे, वैसे इस सफलता पर भावुक तो नहीं हुए पर खुशी जबर्दस्त दिखी। उन्होंने अपने साथ कई सफलताओं के साथी विराट कोहली के साथ स्टंप हाथ में लेकर डांडिया खेलना शुरू कर दिया।

भारतीय टीम ने सफेद गेंद से जिस तरह से पिछले कुछ समय में प्रदर्शन किया है, वह उसके विश्व क्रिकेट पर दबदबे की कहानी बताने के लिए पर्याप्त है। भारत ने पिछले साल के आखिर में टी-20 विश्व कप जीतने के बाद चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। भारत ने जब 2023 में घर में हुए आईसीसी वनडे विश्व कप में अपनी क्षमता को प्रदर्शित नहीं कर सका था। उस समय में यह कहा जाने लगा था कि हम यह भूल गए हैं कि खिताब कैसे जीता जाता है। इसकी वजह भारत के हाथ से कई बार खिताब फिसलते देखा गया था। पर अब भारत के एक साल से भी कम समय में दो आईसीसी खिताब जीतने से लगता है कि वह अब जीतने का फामरूला पाने में सफल हो गया है।

यह फामूर्ला कितने समय तक कारगर रहता है, यह देखने वाली बात होगी। भारत के पास आईसीसी के चार खिताबों में से दो पर कब्जा है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए वह इस बार क्वालिफाई नहीं कर सका है। इसकी वजह घर में न्यूजीलैंड से सीरीज में सफाया कराने और फिर ऑस्ट्रेलिया से उसके घर में सीरीज हाराना रही। भारत को अब इन दोनों खिताबों पर कब्जा करने के लिए 2027 तक इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि आईसीसी वनडे विश्व कप का 2027 में आयोजन होना है और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अगली साइकिल भी तब तक ही खत्म होगी।

न्यूजीलैंड पिछले कुछ वर्षो में भारत के तगड़ी प्रतिद्वंद्वी के तौर पर उभरकर सामने आई है। इस फाइनल में भी जब उसने भारत के तीन विकेट फटाफट निकाल दिए थे, तो भारतीय कैंप में हड़कंप मच गया और एकदम से खामोशी छा गई। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के बीज 105 रन की साझेदारी बनने से मैच के एकतरफा बनने के संकेत मिल ही रहे थे कि अगले 17 रनों में तीन विकेट निकल जाने से लगा कि कहीं मैच पलटने तो नहीं जा रहा है। पर इस स्थिति में श्रेयस अय्यर, हार्दिक पांड्या, केएल राहुल और रविंद्र जडेजा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करके भारत को खिताब तक पहुंचा दिया। असल में भारत के चार स्पिनर खिलाने के फैसले और इनमें दो अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा के बल्लेबाज होने से भारत की बल्लेबाजी में बहुत गहराई आ गई थी।

इसका भारत को हमेशा फायदा मिला और शुरूआती विकेट जल्दी निकल जाने तक भी बड़ा स्कोर खड़ा करने की संभावनाएं बनी रहती थीं। यह साल ऐसा है, जिसने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को जिंदगी के दोनों पक्ष दिखाए हैं। यहां एक और वह चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर सफलता के मायने में महेंद्र सिंह धोनी से सिर्फ एक कदम ही पीछे हैं। वहीं दूसरी तरफ साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खराब फॉर्म की वजह से सिडनी टेस्ट में खुद को टीम से बाहर कर लिया था। यह वह समय था, जब उनकी कप्तानी के साथ कॅरियर पर सवालिया निशान लग रहे थे, लेकिन इस सफलता ने आलोचकों के मुंह पर ताला जड़ दिया है। सच में फाइनल में जिस तरह से उन्होंने 76 रनों की पारी खेलकर भारत की जीत की राह बनाई, उससे क्रिकेट जगत उनका मुरीद बन गया है।

धोनी ने एक कप्तान के रूप में आईसीसी वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी और टी-20 विश्व कप जीतकर अपने को भारतीय कप्तानों में शिखर पर पहुंचा दिया है। रोहित से अब सिर्फ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और आईसीसी वनडे विश्व कप ही दूर है। वह यदि 2027 तक खेल सके तो वह देश के सफलतम कप्तान बन सकते हैं। रोहित 2022 से पहले विकेट पर टिकने के बाद ताबड़तोड़ करने में विश्वास रखते थे, लेकिन अब वह पहली ही गेंद से बड़े शॉट खेलने में विश्वास रखते हैं। उनके इस तरीके से सामने वाले अटैक की समझ में नहीं आता है कि वह करें तो क्या? फाइनल में ही ऐसा कुछ हुआ। उन्होंने 83 गेंदों में सात चौकों और तीन छक्कों से 76 रन बनाकर भारत को एकतरफा जीत की तरफ बढ़ा दिया था। पर रचिन रविंद्र की एक गेंद पर बेवजह आगे निकलकर खेलने के प्रयास स्टंप होकर भारत को कुछ समय के लिए मुश्किल में डाला।

भारत बल्लेबाजी में गहराई की वजह से जीत गया पर रोहित ने ऐसा नहीं किया होता तो वह फाइल में शतक बनाने वाले बनने के साथ और सहजता से टीम को जीत तक पहुंचा सकते थे। रोहित की इस पारी और कोहली के पाकिस्तान के खिलाफ जीत में जमाए शतक से अब इन दो दिग्गजों के संन्यास के लिए दबाव बनाने वाले आलोचकों के मुंह जरूर सिल गए हैं। इस तथ्य से सभी वाकिफ हैं कि भारत की जीत के लिए इन दोनों का चलना बेहद जरूरी है। यह सही है कि हर खिलाड़ी को एक न एक दिन संन्यास लेना ही पड़ता है पर जब खिलाड़ी अच्छा खेल रहा हो तो उस पर छोड़ने के लिए दबाव बनाने को कतई उचित नहीं कहा जा सकता है।



# कला, संस्कृति और शिक्षा का संगम आयरलैंड

**योरप के पश्चिमी छोर पर स्थित नन्हा-सा देश रिपब्लिक ऑफ आयरलैंड जहां अपने सुदीर्घ इतिहास और कला-संस्कृति के लिए जाना जाता है, वहीं शिक्षा के लिहाज से भी यह विदेशी विद्यार्थियों को आकर्षित कर रहा है। आयरलैंड की कला और संस्कृति को योरप क्या, संपूर्ण विश्व में आदर के साथ देखा जाता है। बड़े-बड़े साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं में यहां के जीवन, प्राकृतिक सौंदर्य, संस्कृति एवं सभ्यता का बखूबी बखान किया है। आयरिश संगीत एवं नृत्य को भला कौन नहीं जानता! यहां के प्राचीन किले वास्तुकला का बखान करते हैं।**

आयरलैंड को उसकी उन्नात शिक्षा प्रणाली के लिए भी जाना जाता है। दीर्घकाल से यहां विदेशी विद्यार्थियों की उपस्थिति रही है। यहां सरकारी विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के अलावा बड़ी संख्या में गैर-सरकारी कॉलेज एवं टेक्निकल इंस्टीट्यूट मौजूद हैं। डबलिन का ट्रिनिटी कॉलेज आयरलैंड का प्राचीनतम विश्वविद्यालय है। इसकी स्थापना 1592 में की गई थी।

## शोध में शीर्ष पर

विश्व के सभी देशों में आज शोध कार्यों को वरीयता दी जा रही है। आयरलैंड भी इससे अछूता नहीं है। शोध कार्यों को यहां प्रोत्साहित किया जाता है। शिक्षण संस्थानों का प्रयास रहता है कि इस काम में किसी भी तरह की अड़चन न आए। यहां से शोध कार्य करके निकले विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष मुकाम हासिल करने में सफल हुए हैं। आयरलैंड के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों के मध्य प्रतिस्पर्धात्मक माहौल स्पष्ट रूप से देखने को मिलता है। विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करके अपने आप को शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा में बनाए रखना होता है।

## विषयों की बहुलता

आयरलैंड में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों के सामने विषय का चयन कोई आसान काम नहीं है। विषयों की अधिकता और सभी में उत्कृष्ट शिक्षा उन्हें अनेक विकल्प उपलब्ध कराती है। मसलन, आयरलैंड और साहित्य के बीच गहरा नाता है। यहां का लगभग प्रत्येक नागरिक कहीं-न-कहीं साहित्य के प्रति गहरी आस्था रखता है। यहां के कई साहित्यकारों ने विश्व साहित्य पर अपनी छाप छोड़ी है। विदेशी विद्यार्थी हों या स्थानीय, दोनों ही लिटरेचर कोर्सेस में खासी दिलचस्पी दिखाते हैं। आयरलैंड ने एक ओर जहां आधुनिक तकनीक को अपनाया है, वहीं अपनी प्राचीन परंपराओं को भी सहेजकर रखा है। शिक्षण संस्थानों में गौरवशाली प्राचीन संस्कृति से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, वहीं हर आधुनिक तकनीक विद्यार्थियों को मुहैया कराई जाती है। यहां के समस्त शिक्षण संस्थानों में कम्प्यूटर एजुकेशन पर विशेष जोर दिया जाता है। साहित्य एवं टेक्नोलॉजी तो स्थानीय एवं विदेशी विद्यार्थियों की वरीयता सूची में हैं ही, लेकिन अब कम्यूनिकेशन और इतिहास विषय भी इस सूची में शामिल हो गए हैं। इन विषयों में विद्यार्थियों को आधुनिकतम तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाती है।

## अन्य सुविधाएं


अगर आप आयरलैंड में पढ़ाई के साथ-साथ काम भी करना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको उस संस्थान की अनुमति लेनी होगी, जहां आपने प्रवेश लिया है। निर्धारित नियमों के अंतर्गत सोच-विचार करके आपको सप्ताह में कुछ घंटे तक जॉब करने की अनुमति मिल सकती है।





# दवा मार्केटिंग के मास्टर

**फार्मास्युटिकल उद्योग तेजी से बढ़ने वाले उद्योगों में से एक है। शानदार ग्रोथ की वजह से इसमें नौकरियां भी तेजी से बढ़ी हैं। अगर आप साइंस बैकग्राउंड के हैं और सेल्स तथा कस्टमर को मैनेज करने का हुनर रखते हैं, तो मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के रूप में करियर की बेहतरीन शुरूआत कर सकते हैं। भारत का फार्मा सेक्टर 13-14 फीसदी सालाना की दर से ग्रो कर रहा है। मेडिकल फील्ड में हो रही गतिविधियों के कारण मेडिसिन मार्केट भी कमर्शियल रूप से काफी आगे बढ़ रहा है। एफडीआई के बाद से इसमें और विस्तार होने की उम्मीद की जा रही है। कई विदेशी कंपनियां अपने उत्पादों का पेटेंट कराकर भारत में कारोबार करने आ रही हैं। इससे घरेलू फार्मा इंडस्ट्री और तेजी से विकसित हो रही है। इसे देखते हुए कहा जा सकता है कि आने वाले दिनों में इस फील्ड में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स के लिए जॉब्स की कमी नहीं होगी।**



मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स फार्मास्युटिकल कंपनीज और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के बीच की कड़ी होते हैं। वे उत्पादों को एक रणनीति के साथ बाजार में प्रमोट करते हैं। वन-टु-वन के अलावा वे ग्रुप इवेंट्स ऑर्गेनाइज कर दवाइयों के प्रति जागरूक करते हैं। फार्मास्युटिकल कंपनीज मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स को नियुक्त करती हैं, ताकि वे कस्टमर्स और डॉक्टर्स को अपने प्रोडक्ट की उपयोगिता के प्रति संतुष्ट कर सकें। इस तरह मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव दवाइयों की मार्केटिंग में एक अहम भूमिका निभाते हैं। अलग-अलग दवा कंपनियां अपने यहां नियुक्ति के बाद कैंडिडेट्स को स्पेशल स्किल डेवलपमेंट की ट्रेनिंग देती हैं। उन्हें एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, फार्माकोलॉजी, सेल्समैनशिप की ट्रेनिंग के अलावा डॉक्टर्स की प्रोफाइल, उत्पादों की जानकारी और फील्ड ट्रेनिंग दी जाती है, जिसके तहत सैलिंग टेक्नीक्स बताई जाती हैं। फील्ड ट्रेनिंग के दौरान फ्रेश ग्रेजुएट्स को किसी सीनियर मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के अधीन काम करना होता है।

## जरूरी स्किल्स

मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव बनने के लिए आपके पास मेडिकल फील्ड, मैनेजमेंट और मेडिसिन की संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। आपको मानव शरीर और दवा में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक तत्वों की भी जानकारी रखनी होगी। ऐसे में आपके पास कम्युनिकेशन स्किल्स के साथ-साथ अंग्रेजी-हिंदी की अच्छी जानकारी होनी चाहिए। इस फील्ड में काम के कोई तय घंटे नहीं होते हैं, इसलिए आपको इसके लिए पहले से तैयार रहना होगा। खुद को फिजिकली भी फिट रखना होगा।

## एजुकेशनल क्वॉलिफिकेशन

फार्मा बिजनेस मैनेजमेंट में बीबीए या एमबीए, फार्मास्युटिकल एंड हेल्थकेयर मार्केटिंग में पीजी डिप्लोमा, फार्मा मार्केटिंग में डिप्लोमा या पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा कोर्स करने के बाद आप इस फील्ड में आगे बढ़ सकते हैं। इसके अलावा, सेलिंग और मार्केटिंग की स्किल रखने वाले साइंस ग्रेजुएट्स भी एंट्री ले सकते हैं। आज कई विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में इससे संबंधित कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। कुछ संस्थानों में फार्मा बिजनेस मार्केटिंग से संबंधित कोर्स भी शुरू हो चुके हैं। डिप्लोमा कोर्स करने के लिए आपको साइंस के साथ 12वीं पास होना जरूरी है। पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा में प्रवेश के लिए स्टूडेंट्स के पास बीएससी, बीफार्मा की डिग्री होनी चाहिए। 12वीं (मैथ्स और बायोलॉजी) के बाद बीबीए (फार्मा बिजनेस) में दाखिला लिया जा सकता है।

## सैलरी पैकेज

सामान्य तौर पर शुरूआती वेतन 10 से 20 हजार रुपए तक होता है लेकिन अनुभव के आधार पर आमदनी में इजाफा होता रहता है। कुछ अनुभव हासिल करने के बाद 30 से 40 हजार रुपए प्रतिमाह आसानी से हासिल किए जा सकते हैं। पांच या सात साल के अनुभव के बाद वेतन लाखों में हो सकता है। इसके अलावा, आपके परफॉर्मेंस के आधार पर समय-समय पर इंसेंटिव सहित कई तरह की सुविधाएं दी जाती हैं। सेल्स टारगेट अचीव करने वालों को कई बार ब्रांड मैनेजमेंट जैसी जिम्मेदारी तक सौंप दी जाती है। इससे आपकी आमदनी बढ़ने के साथ-साथ मार्केट में एक अलग पहचान बनती है।

## तरक्की की संभावनाएं

सेल्स परफॉर्मेंस और कस्टमर्स को मैनेज करने का हुनर रखने वाले मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव फार्मास्युटिकल मार्केटिंग में शानदार करियर बना सकते हैं। जो लोग कंपनी के टारगेट को समय-समय पर अचीव करते चलते हैं, उन्हें प्रमोशन मिलने में भी देर नहीं लगती है। आप एरिया मैनेजर, रीजनल या जोनल मैनेजर, डिवीजनल सेल्स मैनेजर, डिवीजनल कंट्रोलर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर के अलावा मार्केटिंग मैनेजर के रूप में प्रमोशन पा सकते हैं। मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के अलावा, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, प्रोडक्ट एग्जीक्यूटिव, बिजनेस एग्जीक्यूटिव के रूप में काम करने का पूरा अवसर है। एमबीए या फार्मेसी की डिग्री रखने वाले एरिया मैनेजर, सर्कल मैनेजर, प्रोडक्ट मैनेजर, ग्रुप प्रोडक्ट मैनेजर, क्वॉलिटी कंट्रोल मैनेजर, ब्रांड मैनेजर या मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में दवा कंपनियों के साथ जुड़ सकते हैं। इन कंपनियों में एक-दो साल का अनुभव रखने वाले मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स को इंटरव्यू के आधार पर नियुक्त किया जाता है। इसके अलावा, समय-समय पर अखबारों में और वेब साइट्स पर भी विज्ञापन निकलते रहते हैं।






# यूं बढ़ रही है स्किल्ड ब्रांड मैनेजर्स की मांग

**आज भारतीय उपभोक्ताओं के पास हर उत्पाद के लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं, क्योंकि हर कंपनी अपने प्रोडक्ट को प्रमोट करने के लिए ग्राहक को आकर्षित करने की कोशिश करती है। इस पूरी प्रक्रिया में ब्रांडिंग की बड़ी भूमिका होती है।**

उपभोक्ता के मन में एक प्रोडक्ट की स्थायी जगह बनाने में ब्रांडिंग का बड़ा हाथ होता है। हर बड़ी कंपनी अपने प्रोडक्ट और सर्विसेज को बाजार में प्रमोट करने के लिए ब्रांड मैनेजर्स को हायर करती है। ब्रांडिंग प्रक्रिया में नए उत्पाद के लॉन्च होने से लेकर उसे उपभोक्ता की जिंदगी का अहम हिस्सा बनाने तक की रणनीति शामिल होती है। हर कंपनी अपने प्रोडक्ट और सर्विसेज की ब्रांडिंग के लिए ऐसे लोगों को हायर करना चाहती है, जिनके पास प्रमोशन के विभिन्न आइडियाज हों। अगर आप भी इस तरह के करियर ऑप्शन की तलाश में हैं, तो ब्रांड मैनेजमेंट आपके लिए आदर्श करियर बन सकता है।

## कैसे करें शुरूआत?

ब्रांड मैनेजमेंट में करियर बनाने के लिए आप ग्रेजुएशन के बाद ब्रांड मैनेजमेंट से एमबीए करके स्पेशलाइजेशन हासिल कर सकते हैं। इसके अलावा एमबीए-मार्केटिंग से स्पेशलाइजेशन करके इस करियर को शुरू किया जा सकता है।

## करियर की संभावनाएं

ब्रांड मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद फ्रेशर्स को एंट्री लेवल पर असिस्टेंट ब्रांड मैनेजर की जॉब मिल सकती है। अपने अच्छे आइडियाज, परफॉर्मेंस और इनोवेशन से उम्मीदवार मिड लेवल तक पहुंच सकते हैं यानी ब्रांड मैनेजर बन सकते हैं।

## किस एरिया में जॉब?

प्रतिभाशाली और स्किल्ड ब्रांड मैनेजर्स की मांग फार्मास्यूटिकल, मोबाइल, इंश्योरेंस, हेल्थकेयर कंपनियों, मीडिया हाउसेस, ऑटोमोबाइल कंपनीज वगैरह में काफी है। बढ़ती प्रतिस्पर्धा को देखते हुए हर कंपनी अपने प्रोडक्ट की ब्रांडिंग आकर्षक तरीके से करनी चाहती है।

## कितना पैकेज?

इस इंडस्ट्री में फ्रेशर्स का स्टार्टिंग सैलेरी पैकेज तीन से साढ़े तीन लाख प्रति वर्ष हो सकता है। सैलेरी पैकेज इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप कौन-से संस्थान में और किस शहर में काम कर रहे हैं।

## ये गुण जरूरी

ब्रांड मैनेजर बनने के लिए एक व्यक्ति को न मोटिवेटेड और बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार रहना जरूरी होता है।

- अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स होनी चाहिए।
- सुपरविजन, प्रॉब्लम सॉल्विंग और प्लानिंग स्किल्स में भी आगे होने चाहिए।
- उम्मीदवार किस तरह के आइडियाज के साथ प्रोडक्ट की ब्रांडिंग कितने क्रिएटिव तरीके से करते हैं और उसका कैसा रिस्पांस मिलता है, यह भी बहुत मायने रखता है।



## लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गौरव गोगोई में तकरार

नई दिल्ली। लोकसभा में केंद्रीय वित?त मंत्री निर्मला सीतारमण और कांग्रेस नेता के बीच मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी की अनुपस्थिति और संसदीय शिष्टाचार को लेकर तीखी बहस हुई। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बीच लोकसभा में विपक्षी सदस्य द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधने वाली टिप्पणी को लेकर तीखी बहस हुई। सदन में अनुदानों की अनुपूरक मांगों, अतिरिक्त अनुदानों और मणिपुर बजट पर चर्चा की शुरूआत करते हुए गोगोई ने कहा कि जब भी देश में कोई महत्वपूर्ण मुद्दा उठता है तो प्रधानमंत्री ॳगायबॳ हो जाते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गौरव गोगोई को टोकते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें अपनी विदेश यात्रा के बारे में बताया है और बताया कि पिछले प्रधानमंत्रियों ने भी संसद सत्र के दौरान विदेश यात्राएं की हैं। मोदी मॉरीशस की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस बिंदु पर सीतारमण ने कहा कि गोगोई ने कुछ ॳगंभीरॳ टिप्पणियां की हैं और कहा कि ऐसे कई अवसर थे जब प्रधानमंत्री को सदन में बोलने की अनुमति नहीं दी गई।

## सभी वादें पूरा करुंगा, लेकिन एक ही बजट में नहीं, विरोधियों को उमर का जबाव

श्रीनगर(एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि वे अपनी पार्टी द्वारा चुनाव घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन उन्होंने कभी यह वादा नहीं किया था कि वे एक बजट में ही उन्हें पूरा कर दूंगा। बजट पर चर्चा का जवाब



देकर मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इस बजट के माध्यम से यह संदेश देना चाहते हैं कि वे सभी वादे पूरे करने को तैयार है। पीपुल्स कांफ्रेंस के चेयरमैन और हंदवाड़ा के विधायक सज्जाद लोन की चिंताओं का जवाब देकर सीएम उमर ने कहा कि बजट का महंगाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा। दिहाड़ी मजदूरों के मुद्दों पर उमर पीडीपी-बीजेपी के बजट भाषणों का हवाला देकर कहा कि उन्होंने दिहाड़ी मजदूरों को नियमित करने के लिए कुछ नहीं किया और उनके शासन में केवल 570 लोगों को नियमित किया। उन्होंने दैनिक वेतनभोगियों की समस्याओं के समाधान के लिए रोडमैप तैयार करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति के गठन की भी घोषणा की। सीएम उमर ने कहा कि उनका बजट जम्मू-कश्मीर के हर व्यक्ति और सभी राजनीतिक दलों के लिए एक प्रेम पत्र है। उन्होंने कहा, मैंने इसे एक प्रेम पत्र के रूप में स्वीकार किया है। यह भाजपा, पीसी, पीडीपी, एनसी, कांग्रेस के लिए एक प्रेम पत्र है।

## मां वैष्णो देवी की यात्रा में मौसम डाल रहा खलल, चप्पे-चप्पे पर मदद को तैयार हैं जवान

कटड़ा (एजेंसी)। मां वैष्णो देवी की यात्रा जारी है। श्रद्धालुओं को ठंडी हवाओं का सामना करना पड़ रहा है, सोमवार को वैष्णो देवी भवन की ओर रवाना हुए श्रद्धालुओं को अपनी यात्रा के दौरान बारिश का सामना करना पड़ा। बदले मौसम को लेकर मां वैष्णो देवी के सभी मार्गों पर श्राइन बोर्ड प्रशासन के साथ ही पुलिस विभाग, सीआरपीएफ के अधिकारी व जवान और आपदा प्रबंधन दल के अधिकारी तैनात हैं और यात्रा पर निगाह रखे हुए हैं। आधार शिविर कटड़ा से चलने वाली हेलीकॉप्टर सेवा दिन में श्रद्धालुओं को उपलब्ध है। वहीं, बैटरी कार सेवा के साथ ही रोपवे केवल कार सेवा बिना किसी परेशानी के श्रद्धालुओं को मां वैष्णो देवी की यात्रा के दौरान इन सभी सेवाओं का श्रद्धालु लाभ उठाते नजर आए। वर्तमान में मां वैष्णो देवी की यात्रा में थोड़ी बढोतरी हुई है। श्रद्धालु मां वैष्णो देवी की यात्रा करने के उपरांत कटड़ा में प्रसाद के रूम में खरीदारी कर रहे हैं, जिससे व्यापारी वर्ग खुश है। वर्तमान में जिस तरह से मौसम का मिजाज है उम्मीद है कि श्रद्धालुओं को मां वैष्णो देवी की यात्रा के दौरान बारिश के साथ ही बर्फीली हवाओं का सामना भी करना पड़ सकता है। बीते 9 मार्च को 22635 श्रद्धालुओं ने मां वैष्णो देवी के दर्शन किए। वहीं, 10 मार्च को करीब 12500 श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा कर भवन की ओर रवाना हो चुके थे। वहीं, जारी बारिश में अभी तक 11 लाख 10 हजार के करीब श्रद्धालु मां वैष्णो देवी की यात्रा कर चुके हैं।

## रेलवे ट्रैक पर फंसी एंबुलेंस, 100 मीटर तक घसीटी गई, बड़ा हादसा टला

रायगढ़ा (एजेंसी)। ओड़िशा के रायगढ़ा-मलकानगिरी-कोरापुट रेल लाइन पर सोमवार को एक बड़ा हादसा होने से पहले टल गया। दरअसल सिकरपाई और भालुमास्का स्टेशनों के बीच एक मालगाड़ी ने रेलवे ट्रैक पर फंसी एक एंबुलेंस को टक्कर मारते हुए करीब 100 मीटर दूर तक घसीटते हुए ले गई। गनीमत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार, एक निजी आई हॉस्पिटल की एंबुलेंस जिसमें आठ मरीज सवार थे, रेलवे ट्रैक पर फंस गई। इसी बीच, एक मालगाड़ी ट्रैक पर आ गई और एंबुलेंस को टक्कर मारते हुए करीब 100 मीटर तक घसीटते हुए आगे ले गई। हादसे के समय सतर्कता दिखाते हुए लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया, जिससे ट्रेन रुक गई और बड़ा हादसा होने से बच गया। इस एंबुलेंस में सवार मरीज आंखों की सर्जरी के लिए अनंता आई हॉस्पिटल जा रहे थे। उनके साथ एक आशा कार्यकर्ता भी मौजूद थीं। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। हुआ यह कि घटना होती उससे पहले ही एंबुलेंस में सवार सभी मरीज और ड्राइवर सुरक्षित बाहर निकल गए थे। इस घटना पर पूर्व तट रेलवे का कहना था कि लोको पायलट की सतर्कता के चलते बड़ा हादसा टल गया। रेलवे ने यह भी बताया कि दुर्घटनास्थल को 3 नवंबर 2024 को सुरक्षा के मद्देनजर घेराबंदी कर दी गई थी, लेकिन गांववालों ने अवैध रूप से इस बाड़ को हटा दिया था।

# ओडिशा के इतिहास में पहली बार सता और विरोधी दल के विधायकों के बीच हाथपाई

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा में भाजपा विधायक जयनारायण मिश्र के विवादित बयान को लेकर खड़ा हुआ विवाद थम नहीं रहा है। ओडिशा के इतिहास में पहली बाहर शासक एवं विरोधी दल के विधायकों के बीच हाथापाई होने की घटना हुई है।

उत्तर प्रदेश एवं बिहार जैसे राज्य के विधानसभा में शासक-विरोधी के बीच माइक फेंकने, मारपीट की घटना देखने में मिलती रही है। परन्तु पहली बार ओडिशा विधानसभा में इस तरह की स्थिति देखने को मिली है।

ओडिशा में पश्चिम ओडिशा के मिलने को ऐतिहासिक भूल होने की बात कुछ दिन पहले भाजपा विधायक मिश्र ने एक सरकारी सभा में कही थी। इसके साथ ही सभा में जब राज्य की गीत वंदे उत्कल जननी का गान चल रहा था तब वह अपनी सीट से खड़े नहीं हुए। वहीं, बीजद विधायक काली पट्टी बांधकर एवं हाथ में बैनर लिए



मिश्र के प्रसंग पर सरकार से जवाब मांगा, परन्तु सरकार से कोई उत्तर नहीं मिला।

कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक तारा प्रसाद वाहिनीपति ने कहा है कि मिश्र एवं भाजपा के विधायकों ने मेरी कालर पकड़ी, मुझे गाली दी। 25 वर्ष से मैं विधायक हूं ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी। स्पीकर से हम अनुरोध कर रहे थे, मगर वे नहीं सुन रहे है। हम भाजपा विधायकों की दादागिरी से नहीं डरने वाले हैं, आदिवासी, महिला, गरीब के लिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी। कांग्रेस के हम 14 विधायक हैं, हम उनसे मारपीट नहीं कर सकते, परन्तु हम संवैधानिक रूप से अपना विरोध जारी रखने वाले है। विधानसभा के बाहर महात्मा गांधी की प्रतिमूर्ति के नीचे धरना प्रदर्शन करते कांग्रेस विधायक . वहीं भाजपा विधायक अशोक महांति ने कहा है कि ओडिशा शासन की जिम्मेदारी भाजपा को लोगों ने दी है। तीन दिन से विरोधी दल सदन नहीं चलने दे रहे हैं। आज भी जैसे ही प्रश्नोत्तर शुरू हुआ, विरोधी दल नारेबाजी करने लगे। मंत्री पर हाथ उठाए। हम कहना चाहते हैं, आप अपनी बात विधानसभा अध्यक्ष से कह सकते हैं, परन्तु किसी मंत्री के ऊपर आप हाथ नहीं उठा सकते हैं।

## अरविंद केजरीवाल के सामने आ गई नई मुसीबत, 5 साल पुराने मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने मंगलवार को अधिकारियों को आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और अन्य पार्टी नेताओं के खिलाफ 2019 में द्वारका में बड़े पार्टी होर्डिंग्स लगाने के लिए सार्वजनिक धन का दुरुपयोग करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। मामले की सुनवाई अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने की। सितंबर 2022 में मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने शिकायत खारिज कर दी। हालांकि, सत्र न्यायालय ने निचली अदालत के फैसले को पलट दिया और पुनर्विचार के लिए इसे मजिस्ट्रेट के पास वापस भेज दिया। विशेष न्यायाधीश द्वारा मजिस्ट्रेट अदालत को मामले पर



नए सिरे से निर्णय लेने का निर्देश दिए जाने के बाद, मजिस्ट्रेट ने अब मामले में एफआईआर दर्ज करने की याचिका पर विचार किया है। जनवरी में, विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि मजिस्ट्रेट द्वारा पहले शिकायत को खारिज करने के आदेश में यह पता लगाने की कोशिश नहीं की गई थी कि किया गया अपराध संज्ञेय है या नहीं। नई याचिका दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 156(3) के तहत दायर की गई थी, जिसमें मजिस्ट्रेट पुलिस को एफआईआर दर्ज करने और संज्ञेय अपराध की जांच का आदेश देने का निर्देश दे सकता है। पुलिस को 18 मार्च तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया गया है।

## योगी के मंत्री का विवादित बयान, रंग से बचाने मुस्लिम मर्द हिजाब पहनें

**-समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने बयान पर नाराजगी जाहिर की**

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्री रघुराज सिंह के हालिया बयान ने गर्मी से पहले सियासी पारा चढ़ा दिया है। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के पुरुषों को सलाह देकर कहा कि यदि वे होली के रंगों से बचना चाहते हैं, तो मुस्लिम मर्द हिजाब पहनें, रंग से बची रहेगी टोपी। उनका यह बयान विवाद का विषय बन गया है।

दरअसल अलीगढ़ में मंत्री सिंह ने कहा कि अगर मुस्लिम पुरुषों को होली पर रंगों से परहेज है और वे जुमे की नमाज के लिए घर से बाहर निकलना चाहते हैं, तब उनके पास दो ही विकल्प शेष हैं, तब या वे घर पर ही नमाज अदा करें या फिर महिलाओं की तरह हिजाब पहनकर बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि होली के दिन मस्जिदों को तिरपाल से ढक दिया जाता है, जिससे वे रंगों से सुरक्षित रह सकें। इसतरह मुस्लिम पुरुष भी खुद को हिजाब से ढक सकते हैं, ताकि उनके सफेद कपड़ों पर रंग न लगे। मंत्री ने कहा कि होली खेलने वालों को यह अंदाजा नहीं होता कि रंग उड़कर कहां गिरेगा। उन्होंने होली के त्यौहार में बाधा डालने वालों के लिए कड़े शब्दों में कहा कि इसतरह के लोग या प्रदेश छोड़ दें, या फिर जेल जाने के लिए तैयार रहें या यमराज से मिलने की तैयारी कर लें। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में बहस छिड़ गई है।



### राजनीतिक विवाद और प्रतिक्रियाएं

मंत्री सिंह के बयान पर विपक्षी दलों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कई नेताओं ने सांप्रदायिक बयान बताकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि इस तरह के बयान समाज में नफरत फैलाने का काम करते हैं और इससे धार्मिक सौहार्द बिगड़ सकता है।

### मुस्लिम समुदाय में नाराजगी

मुस्लिम संगठनों और नेताओं ने मंत्री के बयान पर कड़ी आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता में दखल बताकर कहा कि सरकार को इस तरह की टिप्पणी करने वाले नेताओं पर कार्रवाई करनी चाहिए। कई मुस्लिम संगठनों ने मांग की कि होली और जुमे की नमाज को लेकर किसी भी तरह की जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए और सभी को अपने धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए।

## बर्ड फ्लू के खतरे को लेकर केंद्र ने पंजाब समेत 9 राज्यों में जारी किया अलर्ट

**-खांसी, लगातार सर्दी और नाक से खून के लक्षण दिखें तो लें डॉक्टर की सलाह**

**चंडीगढ़, (एजेंसी)।** केंद्र सरकार के डेयरी एवं पशुपालन विभाग ने तत्काल प्रभाव से पंजाब में बर्ड फ्लू का अलर्ट जारी किया है। ये अलर्ट पंजाब के अलावा 9 अन्य राज्यों में भी जारी किया है। सूत्रों के मुताबिक यह फ्लू लगातार बढ़ते खतरे और घातक एच5एन1 वायरस के फैलने के खतरे को देखते हुए जारी किया है।

मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि केंद्र सरकार के डेयरी और पशुपालन विभाग ने चेतावनी दी है कि बीमारी वाला चिकन खाने से कोई भी व्यक्ति इस घातक वायरस की चपेट में आ सकता है। इसलिए चिकन खाने वालों को सतर्क रहने की सलाह दी है। इतना ही नहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस




वायरस के कुछ सबसे खराब लक्षणों के बारे में भी जानकारी दी है, जिनमें गंभीर खांसी, लगातार सर्दी और सबसे खतरनाक नाक से खून आना शामिल है। यदि किसी को भी इन लक्षणों का अनुभव होता है तो वह तुरंत डॉक्टर की सलाह ले।

मंत्रालय की सचिव ने जारी पत्र में कहा है कि भारत में एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) वायरस फैल गया है। जो लोग संक्रमित चिकन खाते हैं वे वायरस से संक्रमित हो सकते हैं। पत्र में कहा गया है कि जनवरी 2025 से 9 राज्यों में यह वायरस के मामले सामने आए हैं, जिनमें सरकारी स्वामित्व वाले पोल्ट्री फार्म भी शामिल हैं। इस वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए इस पर ध्यान देने की जरुरत है। सभी सरकारी, वाणिज्यिक और पिछवाड़े पोल्ट्री फार्मों को जैव सुरक्षा उपायों को मजबूत करना होगा। बता दें कि पंजाब में बड़ी संख्या में लोग रोजाना चिकन का सेवन करते हैं, सिर्फ पुरुष ही नहीं बल्कि महिलाएं और बच्चे भी मांसाहारी खाना खाते हैं।

## ग़रीबों में क्यों नहीं बांटा जा रहा मंदिरों का सोना-चांदी? वक्फ बिल पर भड़गे मौलाना जवाद नकवी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रभावशाली शिया धर्मगुरु मौलाना सैयद कल्बे जवाद नकवी ने वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इसने अपने विचार-विमर्श में त्रुटिपूर्ण प्रक्रिया अपनाई है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, धर्मगुरु ने कहा कि सभी वक़्फ़ संपत्तियाँ सार्वजनिक संपत्ति हैं क्योंकि जनता ने उन्हें अच्छे कामों के लिए दान किया है। वक़्फ़ बोर्ड सिर्फ़ चौकीदार है, मालिक नहीं। जैसे केंद्र सरकार भारत की चौकीदार है, मालिक नहीं। आप कश्मीर का नियंत्रण किसी और को, पाकिस्तान को नहीं दे सकते क्योंकि सरकार देश की मालिक नहीं बल्कि चौकीदार है।

नकवी ने आगे कहा कि दूसरी बात यह है कि आप वक़्फ़ के लिए कह रहे हैं कि इससे ग़रीबों को फ़ायदा होगा। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि 5 लाख से ज़्यादा मंदिर हैं




और मंदिरों में हज़ारों टन सोना-चाँदी है। इसे ग़रीबों में क्यों नहीं बांटा जा रहा? इन मंदिरों में इतना सोना है कि अगर इसे बाँट दिया जाए तो हर ग़रीब हिंदू अमीर बन जाएगा। दूसरी बात ये कि अगर ये सोना वापस रिजर्व बैंक में चला जाए तो डॉलर 20 रुपये पर आ जाएगा और महंगाई खत्म हो जाएगी।

उन्होंने आगे कहा कि आप मुसलमानों को नुकसान पहुंचाकर हिंदुओं को खुश करना चाहते हैं जबकि यह सिर्फ आपका भ्रम है क्योंकि हिंदू और मुसलमान एक दूसरे को नुकसान पहुंचाकर कभी खुश नहीं रह सकते। आप अपनी गलत नीतियों से उनके बीच के प्यार को नहीं तोड़ सकते इसलिए प्यार बना रहेगा और जिस तरह से आप हारे हैं, अगर आप नफरत फैलाएंगे और सबका साथ सबका विकास का नारा वापस लेंगे तो आप पिछली बार से भी ज्यादा बुरी तरह हारेंगे। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) के प्रवक्ता सैयद कासिम रसूल इलियास ने कहा कि हम मानते हैं कि हमने जो कुछ भी सार्वजनिक रूप से कहा है, सरकार के सामने, जेपीसी के सामने, विपक्षी दलों के सामने और सत्ताधारी दल के सामने भी। हमें विश्वास है कि सद्बुद्धि आएगी और सरकार इस संशोधन को वापस लेगी। लेकिन अगर संशोधन वापस नहीं लिया गया और इसे पारित कर दिया गया तो हम इसके खिलाफ पूरे देश में अभियान चलाएंगे। हमारा अभियान पूरी तरह लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण होगा।

## यूपी में 2027 विधानसभा चुनाव सपा-बसपा मिलकर लड़ सकती हैं?

**-मायावती के बदलते तेवरों से राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर जारी**

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी के विधानसभा चुनाव में अभी काफी समय है, लेकिन प्रदेश में सरकार बनाने को लेकर गुणा-भाग लगाना शुरू हो गया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकालने के बाद तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। मायावती ने अपने पिछले कुछ बयानों में बीजेपी को आड़े हाथों लिया है। मायावती के बदलते तेवरों से राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर जारी है। चर्चा है कि अखिलेश यादव और मायावती एक बार फिर साथ आ सकते हैं। अगर ये साथ आते हैं तो साल 1993 में मिली सपा-बसपा गठबंधन की करिश्माई जीत को दोहरा सकते हैं।

यूपी में जीत की हैट्रिक लगाने के लिए बीजेपी हिंदुत्व के एजेंडे पर काम कर रही है। सीएम योगी ने बजट सत्र में इसकी बानगी भी पेश की है। उधर समाजवादी पार्टी अपने पीडीए के सहारे यूपी की सत्ता में वापसी करना चाहती है, लेकिन इसी बीच केशव देव मौर्य ने बड़ा बयान दिया है। केशव देव मौर्य ने कहा कि बीजेपी से अकेले ना ही समाजवादी पार्टी और ना ही बसपा जीत पाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे में बेहतर यही होगा कि सपा और बसपा दोनों मिलकर बीजेपी को सत्ता से हटाकर 2027 में सरकार बना लें।

केशव देव मौर्य इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। एक-दूसरे के राजनीतिक धुरविरोधी माने जाने वाले मायावती और अखिलेश यादव मोदी को सत्ता से हटाने के लिए 2019 लोकसभा चुनाव में एक साथ आ चुके हैं। इस चुनाव में मायावती 0 से 10 सीट पर पहुंच गई थी, लेकिन अखिलेश यादव 2014 के आंकड़ों पर ही सीमित रह गए थे। हालांकि 10 सीटों का फायदा होने के बाद भी मायावती ने सपा का वोट बसपा में ट्रांसफर ना होने का आरोप लगाते हुए अपने रास्ते अलग कर लिए थे।

इसके बाद से पूर्व सीएम मायावती अक्सर बीजेपी की तुलना में सपा और कांग्रेस पर ज्यादा हमले करने लगी थी। इस पर अखिलेश यादव समय-समय पर अपनी प्रतिक्रिया भी देते रहे हैं। यही नहीं, सपा ने बसपा के टिकटों पर भी सवाल खड़े किए हैं। वहीं राजनीतिक जानकारों की माने तो राजनीति में कोई किसी का स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता है। इसलिए ये कहना कि यह दोनों दल एक साथ नहीं आ सकते हैं, ये कहना गलत होगा।

वहीं चर्चा है कि मायावती के साथ गठबंधन करके अखिलेश यादव 1993 वाले करिश्मा को दोहराना चाहते है। दिसंबर 1992 में अयोध्या में विवादित ढांचा गिराया गया था, उसके ठीक बाद साल 1993 में हुए विधानसभा चुनाव में सपा और बसपा ने मिलकर सरकार बना ली थी। तब सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव और बसपा के संस्थापक कांशीराम एक साथ आ गए थे।

## हिमाचल में अगले कई दिन हो सकती है बारिश और बर्फबारी, कई इलाकों में छाए हैं बादल

**शिमला (एजेंसी)।** मौसम फिर बदल रहा है। प्रदेश के लाहौल स्पीति में जहां दो दिन से बर्फबारी हो रही है। वहीं, अन्य इलाकों में बादल छाए हुए हैं। ऐसे में ठंड का असर कुछ दिन और रह सकता है। हिमाचल प्रदेश में होली समेत अगले चार दिन बारिश बर्फबारी के आसार हैं। मंगलवार को शिमला में हल्के बादल छाए हैं। जानकारी के मुताबिक लाहौल स्पीति में बीती रात रुक रुक कर बर्फबारी होती रही। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुतबिक मंगलवार को बारिश की गतिविधि कम रहेगी। वहीं, 12 मार्च से फिर बारिश का दौर शुरू हो सकता है, जो 16 मार्च तक जारी रहने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि इस दौरान कुल्लू, कांगड़ा और लाहौल स्पीति के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी जबकि मध्यवर्ती और निचले हिस्सों में बारिश की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री ज्यादा है। सबसे ज्यादा



तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मार्च में अब तक सामान्य से 44 फीसदी ज्यादा बारिश दर्ज की गई है, केवल ऊना में सामान्य से कम बारिश हुई। मौसम विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटों में राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बर्फबारी देखी गई और न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई। यह सामान्य से 3-5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था और कई हिस्सों में 7-13 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जिनमें ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, दक्षिण मंडी, दक्षिण चंबा, दक्षिण सोलन, और दक्षिण सिरमौर का हिस्सा आता है। मध्य पर्वतीय इलाकों में शिमला, उत्तर मंडी, उत्तर कांगड़ा, केंद्रीय चंबा, उत्तर सोलन, उत्तर सिरमौर, दक्षिण कुल्लू में कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। यह सामान्य से 3-5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था और 5-12 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

लाहौल-स्पीति, किन्नौर, उत्तर चंबा, उत्तर कुल्लू के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई। यह सामान्य से 2-4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है और -2 से 4 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटों के दौरान कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। मौसम विभाग ने बताया कि ईरान और आसपास के क्षेत्रों में चक्रवाती तूफान के चलते पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है इस वजह से दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश से दक्षिण हरियाणा तक असर रहेगा। एक नया पश्चिमी विक्षोभ 12 मार्च, की रात से सक्रिय होगा।

## मुफ्त स्कीमों के वादों से बचेगी भाजपा? असम विधानसभा चुनाव से होगी नई शुरुआत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा अब चुनावों के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त की रेवड़ियों को बांटने जैसी घोषणाओं (फ्रीबीज) पर ब्रेक लगाने की तैयारी में है। पार्टी ने इसके स्थान पर एक वैकल्पिक मॉडल तैयार किया है, जो सीधे कैश ट्रांसफर या अन्य छूट (नॉन परफॉर्मिंग एक्सपेंडिचर) की जगह राज्य की जीडीपी को गति देने वाले आर्थिक उपायों पर केंद्रित होगा। वैसे इसकी शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव से हो सकती थी, लेकिन इसे असम विधानसभा चुनाव तक के लिए रोक कर रखा गया है।

दरअसल बताया जा रहा है कि मुफ्त की स्कीमों के वादे की बजाय इस नए मॉडल की शुरुआत 2026 में होने वाले असम विधानसभा चुनाव से होगी। भाजपा यह व्यवस्था उन्हीं राज्यों में लागू करेगी, जहां पार्टी खुद सरकार में है, मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में है या जहां अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। वैसे बताया यह भी गया है कि जहां पहले से फ्रीबीज की घोषणाएं हो चुकी हैं या पार्टी ने जिसका वादा किया हुआ है, वह योजनाएं जारी रहेंगी, लेकिन अगले चुनावों में वहां भी नया मॉडल लागू किया जाएगा। यानी 2028 के बाद भाजपा शासित सभी राज्यों में यह व्यवस्था होगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के हवाले से बताया जा रहा है कि दिल्ली चुनाव के दौरान ही शीर्ष नेतृत्व ने अगले चुनावों में फ्रीबीज का वैकल्पिक मॉडल अपनाने के लिए रणनीति बनाने पर विचार रखा था।

### सब्सिडी पर भी होगा पुनर्विचार

राज्य सरकारों को कई तरह की सब्सिडी पर हर महीने भारी खर्च करना पड़ता है। इनमें खाद्य सब्सिडी (जैसे- चावल और गेहूं को 2-3 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध कराना), कृषि सब्सिडी (किसानों को बिजली, उर्वरक और बीज पर दी जाने वाली छूट), शिक्षा और स्वास्थ्य सब्सिडी, परिवहन सब्सिडी तथा ऊर्जा सब्सिडी जैसी योजनाएं शामिल हैं।

### असम में 4 लाख स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक सहयोग

असम भाजपा के अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने कहा कि राज्य में लगभग 4 लाख स्वयं सहायता समूह हैं, जिनमें प्रत्येक समूह में 10 महिलाएं जुड़ी हैं। इस प्रकार कुल 40 लाख महिलाएं इससे लाभान्वित हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार हर महिला को सालाना 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद देगी, जिससे उनका कारोबार बढ़ सके। अगले साल यह राशि 20 हजार रुपये कर दी जाएगी, जिसमें 10 हजार रुपये का लोन होगा, जिसे सस्ती ब्याज दरों पर चुकाना होगा, जबकि शेष 10 हजार रुपये सरकार की ओर से दिए जाएंगे। इस



प्रकार, पांच सालों में प्रत्येक महिला को कुल 90 हजार रुपये का सहयोग मिलेगा, जिससे राज्य की आर्थिक गतिविधियों में लगभग 33 हजार करोड़ रुपये का संचार होगा। इस नए फॉर्मूले के तहत भाजपा का लक्ष्य आर्थिक सुधार को प्राथमिकता देना और मुफ्त की योजनाओं की जगह उत्पादक निवेश को बढ़ावा देना है।

# सोने में तेजी के साथ कारोबार, चांदी के भाव में भी तेजी

## - सोने के भाव 85,600 रुपए, चांदी 96,800 रुपए के करीब

**नई दिल्ली ।**

सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में तेजी देखने को मिल रही है। मंगलवार दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। मंगलवार को सोने के वायदा भाव 85,600 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 96,800 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में सुस्त शुरुआत के बाद सुधार देखने को मिल रहा है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 184 रुपये की तेजी के साथ 85,603 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 85,419 रुपये था। इस समय यह 214 रुपये की तेजी के साथ 85,633 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 281 रुपये की तेजी के साथ 96,746 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 96,465 रुपये था। इस समय यह 324 रुपये की तेजी के साथ 96,789 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं वैश्विक अंतरराष्ट्रीय बाजार में



सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई लेकिन बाद में इनके भाव सुधर गए। कॉमेक्स पर सोना 2,893.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,899.40 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 1.30 डॉलर की तेजी के साथ 2,900.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.46 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 32.53

# एचएफसीएल की सब्सिडियरी को आर्मी ने दिया काम, शेयरों 100 रुपए से भी है कम

HFCL

**नई दिल्ली।**

इंडियन आर्मी की तरफ से एचएफसीएल की सब्सिडियरी को काम मिला है। इस प्रोजेक्ट की कुल वैल्यू 44.36 करोड़ रुपए है। कंपनी के शेयरों में सोमवार को तेजी आई। बीएसई में एचएफसीएल 84.81 रुपए के लेवल पर खुला। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 85.90 रुपए के लेवल पर था। एचएफसीएल ने बताया कि सब्सडियरी एचटीएल को 44.36 करोड़ रुपए का काम मिला है। कंपनी को इंडियन आर्मी को टैक्टिकल ऑप्टिकल फाइबल केबल एसेंबलीज का काम मिला है।

इससे पहले कंपनी ने बीएसएनएल के साथ फरवरी में समझौता किया है। पंजाब टेलीकॉम सर्किल में कंपनी को 2501.30 करोड़ का काम मिला है। दिसंबर क्वार्टर एचएफसीएल के लिए बहुत अच्छा नहीं रहा है। इस दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 10.40 फीसदी गिरा है। कंपनी का नेट प्रॉफिट 73.65 करोड़ रुपये रहा है। बता दें एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 82.24 करोड़ रुपए रहा। स्टॉक मार्केट में एचएफसीएल के शेयर संघर्ष करते दिखे हैं। बीते एक महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 15 फीसदी गिरा है। वहीं, इस साल अबतक यह स्टॉक 26 फीसदी टूट चुका है। एक साल पहले एचएफसीएल के शेयरों पर दांव लगाने वाले निवेशकों को अबतक 18 फीसदी का नुकसान हुआ है।

दो साल में कंपनी के शेयरों का भाव 23 फासदी बढ़े हैं जबकि इस दौरान सेंसेक्स में 26 फीसदी से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। वहीं, तीन साल में स्टॉक का रिटर्न महज 13 फीसदी ही रहा है। जोकि सेंसेक्स इंडेक्स के 34 फीसदी के रिटर्न से कम है।

# 11 से 15 मार्च तक 4 कंपनियां करने वाली हैं स्टॉक स्प्लिट

**नई दिल्ली ।**

इस हफ्ते चार कंपनियां अपने शेयरों का स्टॉक स्प्लिट करने जा रही हैं, जिससे उनके शेयर अधिक किफायती हो जाएंगे। स्टॉक स्प्लिट का मुख्य उद्देश्य छोटे निवेशकों के लिए शेयरों को सस्ता बनाना और बाजार में तरलता (लिक्विडिटी) बढ़ाना है। इससे ज्यादा निवेशक इन कंपनियों के शेयर खरीदने के लिए आकर्षित होंगे। आईओएल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स ने अपने स्टॉक को 10 रुपए प्रति शेयर से घटाकर 2 रुपए प्रति शेयर करने का फैसला किया है। कंपनी ने इसके लिए 11 मार्च 2025 को रिकॉर्ड डेट तय की है। इसका मतलब है कि जो निवेशक इस तारीख तक कंपनी के शेयर होल्ड करेंगे, उन्हें स्प्लिट के अनुपात में अतिरिक्त शेयर मिलेंगे। मेहाई टेक्नोलॉजी ने भी अपने शेयरों का स्टॉक स्प्लिट करने की घोषणा की है। इस कंपनी के शेयर 10 रुपए से 1 रुपए प्रति शेयर किए जाएंगे। इसका एक्स-डेट 13 मार्च और रिकॉर्ड डेट 14 मार्च 2025 तय की गई है। इसी तरह, शालीमार एजेंसिस भी अपने स्टॉक का विभाजन कर रही है। इसके शेयर भी 10 से 1 रुपए प्रति शेयर हो जाएंगे। इसका एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट भी 13 और 14 मार्च को तय किया गया है। इसके अलावा, शंगार डेकोर अपने शेयरों को 5 से 1 रुपए प्रति शेयर करने जा रही है। इस कंपनी के स्टॉक स्प्लिट के लिए भी एक्स-डेट 13 मार्च और रिकॉर्ड डेट 14 मार्च 2025 तय की गई है। स्टॉक स्प्लिट का मतलब होता है कि कंपनी अपने मौजूदा शेयरों को छोटे हिस्सों में विभाजित कर देती है। इससे शेयर की कीमत घट जाती है, लेकिन कंपनी का कुल बाजार मूल्य वही बना रहता है। उदाहरण के लिए, अगर किसी कंपनी ने 1:5 स्टॉक स्प्लिट किया है, तो पहले जो एक शेयर 100 रुपए का था, वह अब पांच हिस्सों में बंट जाएगा और प्रत्येक शेयर की कीमत 20 रुपए होगी। हालांकि, निवेशकों के कुल शेयरों का मूल्य 100 रुपए ही रहेगा। स्टॉक स्प्लिट से छोटे निवेशकों के लिए शेयरों को खरीदना आसान हो जाता है। जब किसी कंपनी के शेयर बहुत महंगे हो जाते हैं, तो खुदरा निवेशकों के लिए उन्हें खरीदना मुश्किल हो जाता है। इसलिए कंपनियां स्टॉक स्प्लिट करके उन्हें सस्ता बनाती हैं, जिससे ज्यादा लोग उनमें निवेश कर सकें।

# आटे की कीमतों में कमी की संभावना, दाल-रोटी होगी सस्ती!

**नई दिल्ली।**


देश में बुआई क्षेत्र बढ़ने और मौसम के अनुकूल रहने से रबी सीजन 2024-25 में गेहूं और चने के उत्पादन में बढ़ोतरी की उम्मीद है।गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन में 11.54 करोड़ टन तक की उम्मीद जताई जा रही है। इसके साथ ही चने की उम्मीद भी 1.15 करोड़ टन है, जो पिछले साल के उत्पादन से अधिक है। गेहूं की मुद्रास्फीति में भी वृद्धि का सूचना मिली है। इससे आटे की कीमतों में कमी की संभावना है। सरकार को भंडार भरने में मदद भी मिलेगी। लेकिन कम भंडार की वजह से बाजार में गेहूं की कीमतें बढ़ती जा रही हैं। सरसों के उत्पादन में थोड़ी कमी की सूचना भी है, जिससे खरीफ और रबी सीजन के कुल खाद्यान्न उत्पादन में भी हलचल है। केंद्र सरकार ने गेहूं के 3.2 करोड़ टन की खरीद का लक्ष्य रखा है।



# आरबीआई ने की भुगतान प्रणाली को बढ़ावा देने की घोषणा

**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने केंद्रीय बैंक नियामकीय सुरक्षा के दायरे में न्यूनतम हस्तक्षेप वाले नियम सहित पेमेंट सिस्टम में इनोवेशन को बढ़ावा देने की घोषणा की। साथ ही, उन्होंने यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) की पहुंच का विस्तार करने की भी बात की। मल्होत्रा ने डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह-2025 के उद्घाटन के मौके पर इस पहल को महत्वाकांक्षी घोषित किया। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक, सरकार, बैंक और भुगतान प्रणाली संचालक ने साथ मिलकर डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया का स्थायी लाभ देखा, लेकिन तब भी दिया कि अभी भी काम शेष है। आने वाले समय में उन्होंने तीन मुख्य क्षेत्रों पर काम करने का ऐलान किया - इनोवेशन को बढ़ावा देना, जागरूकता पैदा करना और अधिक कुशल सीमापार भुगतान को बढ़ावा देना। मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि आरबीआई सॉफ्ट टच नियमों के माध्यम से सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देते हुए नवाचार को प्रोत्साहित करता रहेगा। उन्होंने भुगतान परिवेश और




वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) के लिए कम हस्तक्षेप वाले दृष्टिकोण को अपनाने की भी बात की। उन्होंने कहा कि आरबीआई इन विनियमों के साथ अलग-अलग पहलुओं को संतुलित करने का प्रयास कर रहा है।

कुल मिलाकर भारतीय रिजर्व बैंक अपनी सुरक्षा और विनियमितता के साथ पेमेंट सिस्टम में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए नए कदम उठा रहा है। यह पहल भारत के डिजिटल भुगतान क्षेत्र को मजबूती देगी और उसे जागरूक और सुरक्षित बनाए रखने में मदद करेगी।

# थर्मैक्स केमिकल ने ओसीक्यू के साथ संयुक्त उद्यम बनाया

**नई दिल्ली ।**

थर्मैक्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी थर्मैक्स केमिकल सॉल्यूशंस ने ब्राजील की केमिकल कंपनी ओस्वाल्डो क्रूज क्यूमिका इंडस्ट्रिया ई कॉमर्सियो लिमिटेड (ओसीक्यू) के साथ एक विशेष शेयरधारक समझौता किया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। समझौते के अनुसार, थर्मैक्स नई इकाई में 51 प्रतिशत की बहुलांश हिस्सेदारी रखेगी, जबकि ओसीक्यू के पास बाकी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। कंपनी ने कहा कि संयुक्त उद्यम थर्मैक्स के मौजूदा संसाधनों, बुनियादी ढांचे और ग्राहक आधार का उपयोग करके ओसीक्यू द्वारा तैयार सामग्री का विनिर्माण, व्यापार, विपणन और बिक्री करेगा। गुजरात में थर्मैक्स के झगड़िया संयंत्र में ऐक्रेलिक रेजिन के साथ उत्पादन शुरू होगा। थर्मैक्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीष भंडारी ने कहा` कि ओसीक्यू अपने क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी है, और उनके साथ साझेदारी करने से हमें कई उद्योगों के लिए उच्च प्रदर्शन वाले रसायनों का निर्माण और वितरण करने में मदद मिलेगी।




# अमेजन ने दिव्यांग महिला विक्रेताओं का समर्थन करने यूथ4जॉब्स से साझेदारी की

**नई दिल्ली ।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने डिजिटल ई-कॉमर्स परिवेश में दिव्यांग महिला विक्रेताओं का समर्थन करने के लिए यूथ4जॉब्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। इसके तहत इन महिलाओं को जरूरी प्रशिक्षण, संसाधन और उपकरण दिए जाएंगे। कंपनी ने एक बयान में कहा कि साझेदारी के तहत, अमेजन सहेली कार्यक्रम कार्यशालाओं का आयोजन करेगी। इस साझेदारी का मकसद दिव्यांग महिलाओं और व्यापक बाजार अवसरों के बीच की खाई को पाटना और उन्हें अपने व्यवसाय को ऑनलाइन बढ़ाने के लिए अमेजन मंच का लाभ लेने में मदद करना है। अमेजन इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि यूथ4जॉब्स के साथ हमारे सहयोग का उद्देश्य दिव्यांग महिलाओं को हमारे ई-कॉमर्स मंच पर सफल व्यवसाय बनाने के लिए उपकरण और अवसर देकर उनका समर्थन करना है। हमारा मानना है कि यह पहल एक अधिक समावेशी डिजिटल बाजार बनाने में सहायता करेगी।

# हिंदुस्तान जिंक ने सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के साथ समझौता किया

**नई दिल्ली ।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने 530 मेगावाट तक हरित बिजली की आपूर्ति के लिए सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के साथ समझौता किया है। इस बिजली आपूर्ति समझौते (पीडीए) के साथ हिंदुस्तान जिंक की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 450 मेगावाट से बढ़कर 530 मेगावाट हो जाएगी। इसके साथ ही कंपनी की कुल बिजली जरूरत में हरित ऊर्जा का योगदान 70 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। हिंदुस्तान जिंक ने शेयर बाजार को बताया कि यह अपनी तरह का पहला चौबीसों घंटे चलने वाला नवीकरणीय ऊर्जा पीडीए है, जो हर 15 मिनट में न्यूनतम 315 मेगावाट निर्बाध बिजली आपूर्ति की गारंटी देता है।

# टेक्नो होली रंगोत्सवः रंग, त्यौहार और शानदार जीत का दमदार जश्न

**नई दिल्लीः** होली सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि जश्न, अपनापन और खुशियों का मौका भी है। इस बार टेक्नो, जो अपनी इनोवेशन और बेहतरीन सिग्नल कनेक्टिविटी के लिए जाना जाता है, इस त्यौहार को रंगोत्सव के साथ और भी खास बना रहा है, जहाँ खूब धमाल होगा, मस्ती होगी और ढेर सारे सरप्राइजेस भी। त्यौहार की खुशियों को दुगना करने के लिए टेक्नो ग्राहकों को शानदार इनाम जीतने का सुनहरा मौका दे रहा है। 7 मार्च से लेकर 31 मार्च, 2025 के बीच जो भी ग्राहक नजदीकी रिटेल स्टोर से कोई भी टेक्नो स्मार्टफोन खरीदेंगे, उन्हें सिर्फ एक क्यूआर कोड स्कैन करके और अपनी डिटेल सबमिट करके लकी ड्रॉ में शामिल हो सकते है और खास बात यह है कि 24 खुशकिस्मत विजेताओं को नया स्कूटर, गोल्ड वाउचर और लेटेस्ट टेक्नो स्मार्टफोन जीतने का मौका भी मिलेगा। लकी ड्रॉ का रिजल्ट 4 अप्रैल, 2025 को घोषित किया जाएगा, तो हो जाए तैयार जश्न के लिए। होली का जश्न सिर्फ ग्राहकों तक ही सीमित नहीं है। टेक्नो अपने रिटेल पार्टनर्स के सहयोग और विश्वास की कद्र करता है और इसलिए त्यौहार की खुशी उनके साथ भी बाँट रहा है। टेक्नो की ग्रोथ में उनके योगदान उनके भरोसे और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए, ब्रांड ने खासतौर पर रिटेल पार्टनर्स के लिए भी लकी ड्रॉ का आयोजन किया है, जहाँ उन्हें खास तोहफे जीतने का मौका मिलेगा। टेक्नो हमेशा से अपने रिटेल नेटवर्क को अहमियत देता आया है और भारतीय संस्कृति से जुड़ी ऐसी पहल के माध्यम से इन रिश्तों को और मजबूत करता रहता है। लेकिन, मजा यहीं खत्म नहीं होता। टेक्नो अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी होली का रंग जमाए रखेगा, जहाँ ढेरों सरप्राइजेस और कॉन्टेस्ट की झलकियाँ मिलती रहेंगी। तो जुड़े रहिए और इस खास मौके को मिस न करें। रंगों का त्यौहार खुशियाँ, इनाम और ढेर सारी मस्ती लेकर आया है, क्योंकि टेक्नो रंगोत्सव इसे और भी खास बनाने के लिए तैयार है।

# शेयर बाजार में सपाट कारोबार

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिय भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली से आई है। आज सुबह बाजार गिरावट पर खुला बीच में उसमें रिकवरी हुई पर अंत में इसके बाद भी बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 12.85 अंक तकरीबन 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ 74,102.32 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी अंत में 37.60 तकरीबन 0.17 फीसदी बढ़कर 22,497.90 पर बंद हुआ।

बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 0.7 फीसदी की बढ़त रही जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.7 फीसदी की गिरावट आई। निफ्टी में सबसे ज्यादा सन फार्मा, आईसीआईसीआई बैंक, श्रीराम फाइनेंस और बीपीसीएल के शेयर ऊपर आये। वहीं इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड कॉर्प और एमएंडएम के शेयरों में गिरावट रही। बीएसई पर 2,469 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1,499 शेयरों में बढ़त रही।

धातु , संपत्ति, टेलीकॉम, ऑयल एंड गैस में 0.5 से 3 फीसदी तक की बढ़त रही जबकि




ऑटो, आईटी और बैंक सेक्टर में 0.3 से 0.7 फीसदी की गिरावट रही। बाजार जानकारों ने कहा, ÷अमेरिका और अन्य एशियाई बाजारों में चल रहे ट्रेड वॉर और आर्थिक मंदी की चिंताओं से हुई भारी बिकवाली के बाद भी घरेलू बाजार धीरे-धीरे संभल रहा है।÷

वहीं एशियाई बाजारों में, टोक्यो और सियोल निचले स्तर पर बंद हुए, जबकि हांगकांग स्थिर रहा। शंघाई स्टॉक मार्केट हरे निशान में बंद हुआ। अमेरिकी बाजारों में गिरावट रही। एसएंडपी 500 में 2.6 फीसदी और नैस्डैक में 4 फीसदी की गिरावट रही। वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 485.41 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 263.51 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी। इससे पहले आज सुबह अमेरिकी और एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट की वजह से भारतीय बाजार की शुरुआत भी कमजोर रही। बीएसई सेंसेक्स 371 अंकों की गिरावट के साथ 73,744 पर खुला। एनएसई निफ्टी50 भी 100 अंक से ज्यादा टूटकर 22,346 पर कारोबार शुरू किया।

# सरकार ने उड़द शुल्क मुक्त आयात मार्च 2026 तक बढ़ाया

**नई दिल्ली ।** सरकार ने उड़द के शुल्क मुक्त आयात को 31 मार्च, 2026 तक एक और साल के लिए बढ़ा दिया है। एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। पहले यह प्रावधान इस साल मार्च तक था। म्यामां भारत को उड़द का मुख्य निर्यातक देश है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा` कि इस कदम से घरेलू बाजारों में दलहन कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में उड़द का आयात अप्रैल-नवंबर के दौरान 60.11 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। इसमें 54.9 करोड़ डॉलर का आयात म्यामां से किया गया। भारत, म्यामां के अलावा सिंगापुर, थाईलैंड और ब्राजील से उड़द का आयात करता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा उड़द उत्पादक और उपभोक्ता है।

# एलन मस्क की संपत्ति में भारी गिरावट, 301 अरब डॉलर रह गई

## - कुछ हफ्तों में 132 अरब डॉलर घटी दौलत

**वाशिंगटन ।**

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की कुल संपत्ति 301 अरब डॉलर हो गई है। हालांकि, उनकी नेटवर्थ में सोमवार को 29 अरब डॉलर की भारी गिरावट दर्ज की गई। इस साल की शुरुआत से अब तक उनकी संपत्ति में 132 अरब डॉलर की गिरावट आ चुकी है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार दिसंबर 2024 में उनकी कुल संपत्ति 486 अरब डॉलर के शिखर पर थी, लेकिन सोमवार को ही उनकी नेटवर्थ में 29 अरब डॉलर की भारी गिरावट आई। मस्क की संपत्ति में आई गिरावट का मुख्य कारण टेस्ला के शेयरों में गिरावट, निवेशकों की चिंता और प्रमुख बाजारों में बिक्री में कमी को माना जा रहा है। हालांकि, वे अकेले नहीं हैं जो इस वित्तीय संकट का सामना कर रहे हैं। अमेजान प्रमुख जेफ बेजोस, अल्फावेट के पूर्व प्रेसिडेंट सर्गेई ब्रिन, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग और एलवीएमएच के सीईओ बर्नार्ड अरनॉल्ट सहित कई अरबपतियों की संपत्ति घटी है। इन अरबपतियों ने डॉनल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद से अब तक 209 अरब डॉलर गंवा दिए हैं। बाजार में गिरावट और अमेरिका की सरकारी नीतियों में अस्थिरता को इसकी बड़ी वजह माना जा रहा है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की संपत्ति में गिरावट जारी है। इसकी बड़ी वजह उनके राजनीतिक विचार और अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के प्रमुख के रूप में उनकी भूमिका मानी जा रही है। मस्क के इन फैसलों का सीधा असर टेस्ला की बिक्री पर पड़ा है। जर्मनी में कंपनी की ऑर्डर बुक 70 फीसदी से ज्यादा गिर गई है। वहीं चीन से होने वाली टेस्ला की शिपमेंट में भी 49 फीसदी की भारी गिरावट आई है, जो जुलाई 2022 के बाद का सबसे निचला स्तर है। इसके अलावा, चुनाव के बाद टेस्ला के शेयरों में जो थोड़ी बढ़त देखी गई थी, वह भी खत्म हो गई है। निवेशकों का भरोसा भी कमजोर हो रहा है, जिससे मस्क की नेटवर्थ में गिरावट जारी है। एमेजना के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन जेफ बेजोस की संपत्ति में 29 अरब डॉलर की गिरावट आई है। यह गिरावट तब आई जब अमेज़न के शेयर 14 फीसदी टूट गए, जिसका असर बेजोस की नेटवर्थ पर पड़ा। रिपोर्ट के मुताबिक बेजोस ने डॉनल्ड ट्रंप के उद्घाटन समारोह के लिए 1 मिलियन डॉलर डोनेट किए थे, लेकिन बदलती सरकारी नीतियों और बाजार की अनिश्चितता की वजह से उनकी संपत्ति में भारी गिरावट देखी गई। मेटा के शेयर 2025 में शुरू में बढ़े, लेकिन बाद में सारे फायदे मिट गए। इस उतार-चढ़ाव की वजह से मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति में 5 अरब डॉलर की कमी आई। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फावेट के पूर्व अध्यक्ष और सह-संस्थापक सर्जरी ब्रिन को भी बड़ा झटका लगा है।

# अक्टूबर-दिसंबर में जापान की अर्थव्यवस्था 2.2 फीसदी दर से बढ़ी

**टोक्यो ।** जापान ने वर्ष 2024 की अंतिम तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 2.8 प्रतिशत से घटाकर 2.2 प्रतिशत वार्षिक कर दिया है। जापान के मंत्रिमंडल कार्यालय ने कहा कि उपभोक्ता खर्च में कमी से मांग प्रभावित हुई। सरकार का कहना है कि अर्थव्यवस्था में सामान्य सुधार हो रहा है। तिमाही आधार पर मौसमी रूप से समायोजित वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद 0.6 प्रतिशत बढ़ा। पहले इसके 0.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान था। समीक्षाधीन अवधि में निजी मांग में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई।



# इंडसइंड बैंक का शेयर 23 फीसदी टूटा

**नई दिल्ली ।** इंडसइंड बैंक के शेयर में मंगलवार को सुबह के कारोबार में 23 फीसदी की गिरावट आई। लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ इंडसइंड बैंक का शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। निजी क्षेत्र के बैंक ने अपने वायदा-विकल्प पोर्टफोलियो में कुछ विसंगतियों की सूचना दी थी, जिसके चलते यह गिरावट हुई। बीएसई पर इंडसइंड बैंक का शेयर 22.8 फीसदी गिरकर 695.25 रुपये प्रति शेयर के निचले सर्किट पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 21.67 फीसदी गिरकर 705.35 रुपये प्रति शेयर के 52 सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। इंडसइंड बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया था कि उसके वायदा-विकल्प पोर्टफोलियो से संबंधित प्रक्रियाओं की आंतरिक समीक्षा के दौरान, उसने कुछ विसंगतियां पाईं। बैंक ने कहा कि उसने विस्तृत आंतरिक समीक्षा में दिसंबर 2024 तक बैंक की कुल संपत्ति पर लगभग 2.35 प्रतिशत के प्रतिकूल प्रभाव का अनुमान लगाया है।

# कोच गंभीर के लिए इंग्लैंड दौरे के साथ शुरू होगा 2 साल का चुनौतीपूर्ण चक्र

**दुबई (एजेंसी)।** नई दिल्ली -गौतम गंभीर को जानने वाले लोग उन्हें 'उबाऊ रूप लगातार एक ही चीज करने वाले% व्यक्ति के रूप में वर्णित करते हैं। ऐसा व्यक्ति जिसने पिछले 20 वर्षों में अपने खाने के तरीके में भी कोई बदलाव नहीं किया है तो फिर प्रयोग का तो सवाल ही नहीं उठता। गंभीर को अनौपचारिक समारोहों में डेनिम पहनना बहुत पसंद है और उन्होंने वर्षों से इसमें कोई बदलाव नहीं किया है। लेकिन जब क्रिकेट की बात आती है तो उनका दिमाग हमेशा विभिन्न रणनीतिक समस्याओं के समाधान की तलाश में लगा रहता है।

जुलाई में टी20 विश्व कप जीत के साथ राहुल द्रविड़ के कार्यकाल का अंत होने के बाद गंभीर को राष्ट्रीय टीम की कमान संभाले हुए आठ महीने हो चुके हैं। दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर के गंभीर ने सफलता के साथ-साथ कुछ दिल तोड़ने वाली हार भी देखी हैं। उन्होंने दोनों ही तरह की परिस्थितियां देखी हैं जिसमें चैंपियन्स ट्रॉफी में खिताबी जीत का शीर्ष स्तर और छह टेस्ट मैचों की हार भी शामिल है।

चैंपियन्स ट्रॉफी की जीत ताजी हवा के झोंके की तरह आई है और 'गुरू गंभीर% को बड़ी तस्वीर का विश्लेषण करने का मौका मिलेगा क्योंकि अगले दो महत्वपूर्ण वर्षों में भारतीय क्रिकेट में बड़े बदलाव की उम्मीद है। गंभीर अब ऐसे दौर में पहुंचेंगे जहां उनके सामने तीन अलग-अलग चुनौतियां होंगी जिसकी शुरुआत इंग्लैंड के टेस्ट दौरे से होगी। यह हमेशा की तरह आईपीएल के बाद होगा जिसमें तैयारी के लिए बिल्कुल भी समय नहीं होगा।

गंभीर की दूसरी बड़ी चुनौती भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाला टी20 विश्व कप होगा जहां सूर्यकुमार यादव की टीम अपना खिताब बचाने उतरेगी। और आखिरी लेकिन सबसे बड़ी चुनौती दक्षिण अफ्रीका में होने वाला 2027 का एकदिवसीय विश्व कप होगा। अगर गंभीर की कोचिंग को अलग-अलग प्रारूप में देखा जाए तो उन्होंने सूर्या की अगुआई में टी20 टीम के लिए कोर खिलाड़ियों के समूह को पहले ही तैयार कर लिया है।

रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के छोटे प्रारूप से बाहर होने के बाद भी उनकी कमी महसूस नहीं हुई क्योंकि भारत टी20 में जिस तरह का क्रिकेट खेल रहा है, उससे उसे दुनिया भर में प्रशंसक मिल रहे हैं। गंभीर ने अभिषेक शर्मा के रूप में एक प्रभावशाली खिलाड़ी की खोज की है। जब वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह किसी वैश्विक प्रतियोगिता (विश्व टी20) में गेंदबाजी करेंगे तो ये आठ ओवर बल्लेबाजों के लिए बुरे सपने की तरह होंगे।

संजू सैमसन ने अपनी लय हासिल कर ली है, हालांकि ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल भी मौजूद रहेंगे। अर्शदीप सिंह के रूप में पावरप्ले में विकेट लेने वाला एक बेहतरीन गेंदबाज है और हार्दिक पंड्या, नितीश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे के रूप में कम से कम तीन तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं। हार्दिक के साथ सूर्यकुमार और अक्षर इस टीम के पुराने खिलाड़ी हैं। यह एक ऐसी टीम है जिसने अपने सभी विभागों पर ध्यान दिया है और यहां-वहां कुछ बदलाव के साथ स्वत- आगे बढ़ रही है। लेकिन यह अन्य दो प्रारूप हैं जहां गंभीर को नतीजों के



लिए रणनीतिकार, अनुशासित करने वाले और प्रबंधक के रूप में एक साथ काम करना होगा।

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे जल्द ही एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास नहीं ले रहे हैं। संन्यास एक व्यक्तिगत निर्णय है और दोनों ने चैंपियंस ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन 2027 विश्व कप के दौरान गंभीर के पास चार विशेषज्ञ स्पिनरों का उपयोग करने और 240-250 के स्कोर के साथ जादू पैदा करने का विकल्प नहीं होगा। बड़े स्कोर बनेंगे और सवाल यह है कि क्या रोहित अपनी छोटी और आक्रामक पारियों से कोहली के साथ मिलकर पर्याप्त योगदान दे पाएंगे।

# सैंटनर बोले रोहित को लेकर दबाव में थे हमारे गेंदबाज



**दुबई (एजेंसी)।** न्यूलीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा की है। सैंटनर ने कहा है कि रोहित कुछ अवसरों पर असफल हो सकते हैं पर उनका अंदाज ऐसा है कि वह बडे अवसरों पर निर्णायक साबित होते हैं। सैंटनर के अनुसार खिताबी मुकाबले में उनकी टीम के खिलाड़ी रोहित के खेलने के अंदाज से शुरुआत में ही दबाव में आ गये थे। फाइनल में रोहित की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत मिली। रोहित ने फाइनल में में 41 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया। उन्होने 76 रनों की पारी खेली। वह इस मैच में अलग अंदाज में बल्लेबाजी करते दिखे।

रोहित ने सिर्फ अपना रवैय बदला और वह टीम के लिए बड़ी पारी खेलने में सफल हो गये। उन्होंने ये पारी तब खेली जब टीम को सबसे ज्यादा जरुतर थी। सैंटनर ने कहा कि उनका रवैया गेंदबाजों में डल पैदा करता है। वे स्वभाव से आक्रामक हैं और मुझे लगता है कि वह और शुभमन गिल अच्छी तरह से तालमेल बिठाते हैं। शुभमन गिल खराब गेंद का इंतजार करते हैं पर रोहित गेंदबाजों को उनती लेंथ से ही खेलकर खुश होते हैं। वो इंतजार नहीं करते और उनका डर हमारी टीम के गेंदबाजों में भी था।

सैंटनर ने साथ ही कहा कि रोहित जिस तरह से खेलते हैं उसके बाद आप कुछ बार असफल हो सकते हैं लेकिन जैसा कि उन्होंने फाइनल में हमारे खिलाफ खिलाफ धीमी पिच पर खेला। वह दिखाता है कि अगर आप अपनी टीम को इस प्रकार से शुरुआत देते हैं तो फिर आप मैच में खुद को आगे रख सकते हैं। पावरप्ले के दौरान जिस प्रकार के आक्रामण उन्होंने किये उससे मैच हमारे हाथ से फिसलने लगा था।

# दीप्ति शर्मा ने अमेलिया केर को पछाड़ा, आईसीसी महिला रैंकिंग में शीर्ष में पर पहुंची



**दुबई (एजेंसी)।** भारत की दीप्ति शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय की नवीनतम महिला ऑलराउंडर रैंकिंग में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को पछाड़कर एक स्थान के फायदे से शीर्ष पांच में पहुंच गई। भारत की 27 वर्षीय ऑलराउंडर दीप्ति 344 अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

ऑस्ट्रेलिया की एशलेग गार्डनर शीर्ष पर काबिज हैं। दीप्ति टी20 ऑलराउंडर की रैंकिंग में तीसरे जबकि एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं। श्रीलंका की शीर्ष ऑलराउंडर चामरी अटापट्टू न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल में संपन्न श्रृंखला के बाद दो स्थान के फायदे से ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर है।

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला 2-0 से जीती थी जिसमें अटापट्टू ने 25 रन बनाने के अलावा तीन विकेट चटकाए थे। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में स्मृति मंधाना शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। वह दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। नैट स्किवर ब्रंट तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने अटापट्टू को पछाड़ा।

# दिल्ली कैपिटल्स नये कप्तान, कोच ओर मेंटोर के साथ उतरेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल 2025 में नये कप्तान केएल राहुल और नये को हेमंग बादानी के मार्गदशन में उतरेगी। वहीं इसके अलावा टीम ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को मेंटर बनाया है। अब देखना है कि राहुल , बादानी और पीटरसन की तिकड़ी कितनी सफल होती है। राहुल पहले भी कप्तान रहें है, वहीं बादानी भी कोच रहे हैं पर पीटसरन पहले बार मेंटोर बने हैं। ऐसे में उनका लक्ष्य इस बार दिल्ली कैपिटल्स को खिताब जिताना रहेगा। अब देखना होगा कि वह कितने सफल होते हैं। यह पहली बार होगा जब पीटरसन किसी क्रिकेट टीम के साथ सहायक स्टाफ की भूमिका निभाएंगे। पीटरसन अब डीसी कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच हेमांग बदानी, क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव, गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल और सहायक कोच मैथ्यू मोट के साथ काम करेंगे। वह पहली बार किसी टीम से जुड़ हैं। इससे पहले व कमेंट्री करते रहे हैं। पीटरसन ने आईपीएल 2012 और 2014 में डीसी की ओर से खेला था। इसमें उन्होंने 305 और 294 रन बनाए थे। उन्होंने 17 मैचों में फ्रेंचाइजी की कप्तानी भी की थी।

200 टी20 खेलने वाले पीटरसन के नाम पर 5,695 रन दर्ज है। उन्होंने आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और पुणे फ्रेंचाइजी के लिए 36 मैच खेलकर




साथ 1001 रन बनाये हैं। दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने कहा, पीटरसन आधुनिक समय के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक थे, और उनका हमारी टीम में होना एक मूल्यवान जुड़ाव है। इससे पहले इस सप्ताह की शुरुआत में ही दिल्ली कैपिटल्स ने कोच मैथ्यू मॉट को अपने सहायक कोच के रूप में नियुक्त करने की भी घोषणा की।

# पंकज आडवाणी ने सीसीआई स्नूकर खिताब की हैट्रिक बनाई

मुंबई । स्टार क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने यहां बेस्ट ऑफ 15 फ्रेम में फाइनल में ईशप्रीत चड्ढा को 8-6 से हराकर 13.5 लाख इनामी सीसीआई स्नूकर क्लासिक टूर्नामेंट में खिताब की हैट्रिक बनाई। गत राष्ट्रीय और एशियाई स्नूकर चैंपियन



आडवाणी ने रविवार रात कड़े फाइनल में ईशप्रीत के खिलाफ 15-57, 26-101, 18-75, 100-25, 36-93, 118-0, 59-68, 45-77, 64-47, 93-72, 70 -60, 75-32, 73-32, 75-47 से जीत दर्ज की। आडवाणी शुरुआत में लय हासिल करने के लिए जूझ रहे थे और एक समय 1-4 से पिछड़ रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह फ्रेम जीतकर जोरदार वापसी की और फिर मुकाबला जीत लिया।

# वरुण को मिलना चाहिये था प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अवार्ड : अश्विन

मुम्बई । भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में 9 विकेट लेने वाले वरुण चक्रवर्ती को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दिया जाना चाहिये था पर ये अवार्ड उपविजेता रही न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र को दे दिया गया। अश्विन ने कहा कि मैच विजेता होने के बाद भी वरुण को उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज नहीं चुना गया हैरानी की बात है। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम की जीत में वरुण की अहम भूमिका रही है। अश्विन ने कहा, जो भी कहा जाए मेरे हिसाब से प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट वरुण चक्रवर्ती थे। उन्होंने पूरा टूर्नामेंट नहीं खेला पर उन्होंने बहुत बड़ा अंतर पैदा किया। अगर वरुण नहीं होते, तो फाइनल मैच बहुत अलग होता। उन्होंने एक्स-फैक्टर जोड़ा। अगर मैं जज होता, तो मैं यह अवॉर्ड वरुण को देता। वो सबसे बड़ा अंतर थे। अश्विन, वरुण की उस गेंद से खासे प्रभावित हुए जिस पर उन्होंने ग्लेन फिलिप्स को आउट किया। उन्होंने कहा, फिलिप्स स्टंप्स कवर नहीं कर रहे थे, इसलिए वरुण क्रीज से बाहर गए और गुगली डाली। अश्विन ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 251 रनों पर रोकने के लिए भारतीय गेंदबाजों को सराहा। अश्विन ने कहा, मैं कप्तान रोहित शर्मा और कोच गौतम गंभीर के लिए बहुत खुश हूं। उल्लेखनीय रूप से, इस भारतीय टीम ने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना चैंपियंस ट्रॉफी जीती। यह आपको क्या बताता है? यह भारतीय क्रिकेट को कहां छोड़ता है? मैं बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि दुनिया को भारतीय क्रिकेट को समझने में कुछ समय लगेगा। वहीं वरुण ने माना कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका अभियान इस तरह से चलेगा। मैच के बाद उन्होंने कहा- मुझे उम्मीद नहीं थी कि यह ऐसा होगा। सपना सच हो गया। चक्रवर्ती की गेंदबाजी ने सबको हैरान कर दिया। उन्होंने अपनी फिरकी से बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। उनकी गेंदों को पढ़ पाना मुश्किल था। यही वजह थी कि वो इतने कामयाब रहे। अश्विन ने कहा कि टीम ने एकजुट होकर खेला जिसका फल उसे मिला।

# गलत फैसलों की वजह से पाकिस्तान क्रिकेट आईसीयू में है : पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी

**कराची (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने ऑलराउंडर शादाब खान की राष्ट्रीय टी20 टीम में वापसी पर सवाल उठाते हुए कहा कि गलत फैसलों की वजह से पाकिस्तान क्रिकेट आईसीयू में है। पिछले टी20 विश्व कप के बाद से बाहर चल रहे शादाब को वापस बुलाया गया है और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली श्रृंखला के लिए सलमान अली आगा की अगुआई वाली टीम का उप कप्तान भी नियुक्त किया गया है।

मीडिया से बातचीत के दौरान अफरीदी ने कहा, 'किस आधार पर उसे वापस बुलाया गया है। घरेलू क्रिकेट में उसका प्रदर्शन क्या रहा है या फिर ऐसा क्या है कि उसे फिर से टीम में चुना गया है।' इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि जब तक फैसले योग्यता के आधार पर नहीं लिए जाते, तब तक पाकिस्तान क्रिकेट में कुछ नहीं बदलेगा। अफरीदी ने कहा, 'हम हमेशा



तैयारियों की बात करते हैं और जब कोई प्रतियोगिता आती है और हम असफल हो जाते हैं तो हम इसका इलाज करने की बात करते हैं। सच्चाई यह है कि गलत फैसलों की वजह से पाकिस्तान क्रिकेट आईसीयू में है।'

उन्होंने कहा कि जब भी कोई नया अध्यक्ष कार्यभार संभालता है तो वह आकर सब कुछ बदल देता है। पूर्व कप्तान अफरीदी ने सवाल किया, 'बोर्ड के निर्णयों और नीतियों में कोई निरंतरता या एकरूपता नहीं है। हम कप्तान, कोच या कुछ खिलाड़ी बदलते रहते हैं लेकिन बोर्ड अधिकारियों की जवाबदेही क्या है।'

उन्होंने कहा कि कोच को अपनी नौकरी बचाने के लिए खिलाड़ियों पर दोष लगाते देखना दुखद है और प्रबंधन को अपनी जगह बचाने के लिए खिलाड़ियों और कोच पर दोष लगाते देखना दुखद है। अफरीदी ने कहा, 'जब कप्तान और कोच के सिर पर लगातार तलवार लटकी रहती है तो हमारा क्रिकेट कैसे आगे बढ़ सकता है।' उन्होंने यह भी महसूस किया कि पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी एक सकारात्मक व्यक्ति हैं लेकिन सच्चाई यह है कि उन्हें क्रिकेट के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।

# रोनाल्डो ने अल नासर को एएफसी चैंपियंस लीग एलीट क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया



रियाद (सऊदी अरब)। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से सऊदी अरब के अल नासर ने ईरान के एस्टेघलाल को 3-0 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग (एसीएल) एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल नासर से जुड़े थे लेकिन अभी तक रियाद के इस क्लब के लिए कोई ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। वह पिछले सप्ताह अंतिम 16 के दौर के पहले चरण के मैच में गोल नहीं कर पाए थे। पहले चरण का मैच गोल रहित बराबरी पर छूटा था और इस तरह से अल नासर ने 3-0 के कुल अंतर से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रोनाल्डो ने 26वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया। अल नासर की तरफ से उनके अलावा झोन डुरान ने दो गोल किए। इस बीच दो बार के चैंपियन कतर के अल साद ने संयुक्त अरब अमीरात के अल वास्ल को 4-2 की कुल योग से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

# आईसीसी ने अपनी टीम का कप्तान सेंटनर को बनाया, रोहित को नहीं मिली जगह

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के लिए अपनी टीम का कप्तान मिचेल सैंटनर को बनाया है। आईसीसी के इस फैसले पर हैरानी भी जतायी जा रही है क्योंकि सेंटनर की कप्तान में न्यूजीलैंड को दो बार रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने हराया है। सैंटनर की टीम एक बार लीग मैच में और एक बार फाइनल में रोहित की भारतीय टीम से हारी। ऐसे में माना जा रहा था कि आईसीसी टीम की कप्तान रोहित को मिलेगी। जिस टूर्नामेंट में किसी टीम ने 3 से ज्यादा मुकाबले नहीं जीते, उस टूर्नामेंट में रोहित ने सभी पांच मैच जीते।

रोहित फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी थे। भले ही उन्होंने 200 से कम रन इन पांच मैचों में बनाए पर जिस तरह से उन्होंने टीम का नेतृत्व किया, उस वजह से उनको टीम ऑफ द टूर्नामेंट के लिए चुना जाना चाहिए था और कप्तानी दी जानी चाहिए। ऐसे में कहा जा रहा है कि उन्हें किसी भी हाल में जगह मिलनी चाहिये थी पर नहीं मिली। आईसीसी पहले भी ऐसे ही फैसले करती रही है। विश्कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को एकदिवसीय विश्वकप जीतने के बाद भी आईसीसी टीम में जगह नहीं मिली थी। आईसीसी की टीम में विराट कोहली और केएल राहुल सहित छह भारतीय खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

आईसीसी की बेस्ट टीम ऑफ द टूर्नामेंट- मिचेल सैंटनर (कप्तान) (न्यूजीलैंड), रचिन रविंद्र (न्यूजीलैंड), इब्राहिम जादरान (अफगानिस्तान), विराट कोहली (भारत), श्रेयस अय्यर (भारत), केएल राहुल (विकेट कीपर) (भारत), ग्लेन



फिलिप्स (न्यूजीलैंड), अजमतुल्लाह उमरजई (अफगानिस्तान), मोहम्मद शमी (भारत), मैट हेनरी (न्यूजीलैंड), वरुण चक्रवर्ती (भारत) और अक्षर पटेल (भारत).

# हॉकी इंडिया 12 करोड़ रुपये के पुरस्कार बांटेगी

नई दिल्ली । अब भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों पर पैसा बरसेगा। हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की है। इसमें आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामांकित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को होगा। इमसें साल 2024 सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान होगा।

पुरस्कार समारोह में प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिया जाएगा। ये सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कार दिया जाएगा। जुगरात सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को मिलेगा। इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए बलजीत सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए परगट सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए अजीत पाल सिंह पुरस्कार और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए धनराज पिल्ले पुरस्कार दिया जाएगा। इन खिलाड़ियों को मिलेगा पुरस्कार

सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार- बिचू देवी खारीबाम, कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सविता

सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कार- लालरेम्सियामी, अभिषेक, सुखजीत सिंह, नवनीत कौर।

सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार- संजय, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, उदिता।

के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार, जरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलाकांता शर्मा, सुमित।

# 231 किमी/घंटा की रफ्तार से सर्विस कर रहा यह फ्रांसीसी प्लेयर, दिग्गज भी हैरान

**खेल डैस्क ।** जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड इन दिनों टेनिस कोर्ट पर लगातार रॉकेट की रफ्तार से सर्विस करने के लिए जाने जा रहे हैं। उनकी औसत स्पीड ही 200 किमी/घंटा से ऊपर है। बीते दिनों उन्हें 231 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सर्विस करते देखा गया। 6 फीट 8 इंच लंबे 21 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी फिलहाल दुनिया में 30वें नंबर का खिलाड़ी है। उसने अपनी तेजतर्रार सर्विस के कारण 89 प्रतिशत सर्विस गेम जीते हैं। यही नहीं उन्होंने 70 प्रतिशत ब्रेकपॉइंट बचाए हैं और औसतन 18 ऐस प्रति मैच लगाता है।

अपनी प्रतिभा पर उभरते हुए स्टार ने कहा कि आपको यह स्वीकार करने की आवश्यकता है कि आप कभी-कभी चूक सकते हैं। मैं आक्रामक हूं। लेकिन यहां खुद को तैयार करने के बारे में है। आप कई बार चूक जाते हैं तो कई बार सफल हो जाते हैं। मैं जब भी सर्विस करने जाता हूं तो मेरे दिमाग में दो आवाजें गूंजती हैं। एक कहती है, गेंद को कोर्ट में डालो। दूसरी कहती है, अगर आप सीमा के करीब जाते हैं तो आपके पास पॉइंट जीतने का बड़ा मौका है। मैं अक्सर मैं वह चुनता हूं जिसमें पॉइंट जीतने का अधिक मौका हो। सामने वाले प्लेयर को सावधान रहने की जरूरत है।

फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने कहा कि दुनिया के नंबर 6 खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव हर बड़े सर्वर के खिलाफ एक रणनीति अपनाते हैं। वे सभी बहुत अच्छी सर्विस करते हैं, सिर्फ आंकड़ों के हिसाब से वे साल के दौरान अपनी सर्विस इतनी ज्यादा नहीं खोते हैं। आपको अपनी सर्विस पर वाकई मजबूत होना चाहिए, इसे टाईब्रेक तक ले जाने की कोशिश करनी चाहिए, शायद फिर उनकी सर्विस पर दबाव डालने की कोशिश करनी चाहिए।

फ्रांसीसी खिलाड़ी के पिता गाइलेन एमपेट्शी एक पूर्व फुटबॉलर हैं जबकि मां सिल्वी पेरीकार्ड गृहिणी हैं। अपने खेल के बारे में उन्होंने कहा कि मुझे बहुत कुछ सुधारना है। मुझे अपने मूवमेंट, बैकहैंड में बेहतर होना होगा... जब मेरी सर्विस सही नहीं लगती, तो मुझे बैकहैंड या फोरहैंड खेलते समय बहुत अच्छा होना होगा। पेरीकार्ड पहले दो-हाथ से बैकहैंड खेलते थे लेकिन 9 साल की उम्र में सिंगल-हैंडर में बदल गए। उन्होंने कहा कि मुझे वन-हैंड बैकहैंड के साथ अधिक आत्मविश्वास महसूस हुआ। पेरीकार्ड के साथ उनकी छोटी बहन डेफनी भी खेलती हैं। वह अभी जूनियर टूर पर हैं। वह अपनी मां को अपना हीरो बताती हैं। पेरीकार्ड ने बहन पर बात करते हुए कहा कि उसने मेरे पिता की तुलना में एक अलग तरीके से मदद की। इसी तरह मां सिल्वी ने उनसे ऐसे शब्द कहे जोकि उसके लिए जरूरी थे। वह कहती थी, तुम यहां किसी कारण से हो।



# मॉरिशस पीएम के पैतृक गांव भोजपुर में जश्न का माहौल

## दो दिवसीय दौरे पर हैं PM मोदी, परिजन बोलें- हरिगांव आने का न्योता दें नरेंद्र मोदी

**आरा।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मॉरीशस पहुंचे हैं। मॉरीशस के 57वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देश ने पीएम मोदी को गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में आमंत्रित किया है। मॉरीशस के ढट डॉ. नवीन चंद्र राम गुलाम ने प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण स्वीकार करने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी करना हमारे देश के लिए एक सौभाग्य की बात है। वहीं इस मौके पर भोजपुर में भी खुशी मनाई गई है। PM डॉ. नवीन चंद्र राम गुलाम के पैतृक गांव भोजपुर के हरिगांव में PM नवीन चंद्र राम गुलाम और उनके दादा मोहित राम गुलाम की तस्वीर पर अबीर गुलाल



लगाकर खुशी जाहिर की गई है। वहीं सर शिवसागर राम गुलाम की चौथी पीढ़ी यानी हरिशंकर महतो के बेटे संतोष कुमार ने कहा कि अब इससे बड़ी खुशी की क्या होगी। जब एक देश के प्रधानमंत्री उस देश में जा रहे है, जिसे एक छोटा भारत कहा जाता है। उस देश के प्रधानमंत्री का इस हरिगांव से खून का रिश्ता है। इस गांव के लिए और भोजपुर जिले के लिए बहुत खुशी की बात है है। यहां के लोग उस देश में जाकर फ्रांसीसी से आजाद दिलाए अब उससे ज्यादा खुशी की क्या बात हो सकती है। वहीं मॉरिशस के प्रधानमंत्री डॉक्टर नवीन चंद्र राम गुलाम के परिजनों की मांग है कि मॉरिशस के



राष्ट्रपिता सर शिवसागर राम गुलाम का स्टेच्यू हरिगांव में लगे, जैसे पटना में गांधी मैदान के कोने में लगा हुआ है वैसे ही इस गांव में लगे। इसके साथ ही डॉक्टर नवीन चंद्र राम गुलाम को हरिगांव लेकर आए जैसे 2008 में लेकर आए थे। हम लोग चाहते हैं कि इस परिवार से डॉक्टर नवीन चंद्र राम गुलाम मिले क्योंकि इस परिवार से खून का रिश्ता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वहां जा रहे हैं, तो उनसे निवेदन है कि वहां के प्रधानमंत्री को हमारा परिवार मिलना चाहता है। 2008 में आए थे, लेकिन प्रोटोकॉल की वजह से नहीं मिल पाए। संतोष ने मांग की है पटना के तर्ज पर उनके गांव हरिगांव में मॉरिशस के प्रथम प्रधानमंत्री सह राष्ट्रपिता सर शिवसागर राम गुलाम की आदमकद प्रतिमा लगाया जाए। सरकार उन्हें उनके परिवार से मिलाए नवीनचंद्र राम गुलाम के रिश्ते में भतीजे लगने वाले सुनील कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, डॉक्टर नवीन चंद्र राम गुलाम के वंशजों की तरफ से निमंत्रण देते हुए कहें कि वह अपने पैतृक गांव हरिगांव आएं और वंशजों से जरूर मिले। 2008 में वंशजों से नहीं मिलने दिया गया था यह काफी दुख की बात थी। वहीं पंचायत के मुखिया विजय शंकर चौबे ने कहा कि गांव में काफी खुशी मनाई जा रही है। इस मिट्टी का लाल PM मोदी, मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉक्टर नवीन चंद्र राम गुलाम की आमंत्रण पर मिलने जा रहे हैं

## शेखपुरा से लापता नाबालिग दिल्ली से बरामद

**शेखपुरा।** में एक महीने पहले लापता हुई 16 वर्षीय छात्रा को पुलिस ने दिल्ली से बरामद कर लिया है। नगर थाना पुलिस ने बताया कि किशोरी दसवीं कक्षा की छात्रा है और स्कूल जाते समय लापता हो गई थी। पुलिस इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि 12 फरवरी को किशोरी के पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में गांव के युवक विक्रम कुमार पर अपहरण का आरोप लगाया गया था। पुलिस सब इंस्पेक्टर प्रीति कुमारी के नेतृत्व में टीम ने किशोरी को दिल्ली से बरामद किया। किशोरी को मेडिकल जांच के बाद शेखपुरा सिविल कोर्ट



में पेश किया गया। वहां उसका बयान धारा 164 के तहत दर्ज किया गया। सूत्रों के अनुसार, यह प्रेम प्रसंग का मामला है। किशोरी विक्रम कुमार के साथ दिल्ली भाग गई थी, जहां दोनों ने मंदिर में शादी कर ली। पुलिस ने भी इस घटना को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा है। हालांकि, आरोपी विक्रम कुमार अभी तक गिरफ्तार नहीं हो पाया है।

# पटना में ग्राम रक्षा दल का प्रदर्शन



**पटना।** में मानदेय बढ़ाने और स्थाई नौकरी की मांग को लेकर ग्राम रक्षा दल सह पुलिस मित्र ने प्रदर्शन किया। कारगिल चौक से विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे। इससे पहले पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को जेपी गोलंबर को रोक दिया। जिसके बाद प्रदर्शनकारी जेपी गोलंबर पर ही बैठ गए। प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर पासवान ने बताया कि वेतनमान और स्थाई नौकरी हमारी प्रमुख मांग है। लंबे समय से सिर्फ आश्वासन ही मिलता आ रहा है। बीजेपी-जेडीयू और आरजेडी-जेडीयू गठबंधन की सरकार ने हमलोगों के लिए कुछ नहीं किया। कोई सुनवाई नहीं हो रही है।कैमरे के सामने रोते हुए प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कोई सुनने वाला नहीं है। हमलोग कहां जाएं। ग्राम रक्षा दल के सदस्यों से थानों पर पुलिस की तरह काम लिया जाता है। बड़े-बड़े सरकारी आयोजनों में ड्यूटी लगाई जाती है। इसके बदले वेतन भी नहीं मिलता है। नौकरी भी स्थाई नहीं है। घर चलाना मुश्किल हो रहा है। काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# होली पर शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन सतर्क



**तारापुर।** होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर तारापुर थाना में शांति समिति की बैठक हुई। अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में सामाजिक और राजनीतिक कार्यकताओं के साथ नगर पंचायत और त्रिस्तरीय पंचायत के सदस्य भी शामिल हुए। अनुमंडल पदाधिकारी ने क्षेत्र में होली को लेकर जानकारी ली। तय हुआ कि प्रशासन 12 से 15 मार्च तक लगातार सक्रिय रहेगा। 13 मार्च को होलिका दहन को लेकर विशेष निर्देश दिए गए। पंचायत के मुखिया को भी जिम्मेदारी दी गई कि वे सतर्क रहें। किसी की संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचे। सरकारी सड़कों पर होलिका दहन नहीं हो। अगर मजबूरी हो तो नीचे ईंट की परत बिछाकर ही दहन करें। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने भी सतर्कता बरतने की अपील की। छुट्टी में घर लौट रहे लोगों को जबरन कीचड़ या रंग नहीं लगाया जाए। इसके लिए पुलिस की गश्त लगातार जारी रहेगी। इस बार होली और रमजान एक ही दिन पड़ने से मस्जिदों और आसपास के इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत बताई गई। किसी को जबरन रंग नहीं लगाया जाए। एक-दूसरे के त्योहारों का सम्मान किया जाए। नशे की बिक्री और सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। वाहनों, डीजे और अन्य जगहों पर अश्लील गानों पर रोक रहेगी। केमिकल वाले रंगों का इस्तेमाल नहीं होगा। दुकानों में बिक रहे रंगों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। अग्निशमन और चिकित्सा पदाधिकारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। राजनीतिक और सामाजिक कार्यकताओं से अपील की गई कि वे अफवाहों और छोटे विवादों को बढ़ने से रोकें। जरूरत पड़ने पर प्रशासन को तुरंत सूचना दें।बैठक के उपरांत सभी पदाधिकारी ने एक दूसरे अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। बैठक में थानाध्यक्ष राजकुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार, अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी ऋचा प्रभा, मिथिलेश सिंह मौजूद रहे।


# BJP में एडवोकेट स्मृति कुमारी को बड़ी जिम्मेदारी

**सुपौल।** भारतीय जनता पार्टी सुपौल ने संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बड़ा फैसला लिया है। बीजेपी ने नगर पंचायत सिमराही निवासी और वार्ड पार्षद सह एडवोकेट स्मृति कुमारी को जिला मंत्री पद की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल की सहमति और भाजपा सुपौल जिलाध्यक्ष नरेंद्र ऋषिदेव के निर्णय अनुसार की गई। स्मृति कुमारी ने पार्टी नेतृत्व का जताया आभारइस अवसर पर स्मृति कुमारी ने पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और जनसेवा को प्राथमिकता देने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगी। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से सहयोग एवं समर्थन की अपील की।भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों में खुशीएडवोकेट स्मृति कुमारी की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों में जश्न का माहौल



है। कार्यकताओं ने आशा जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा। स्थानीय जनता ने भी उनके समाजसेवा के प्रति समर्पण की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्मृति कुमारी की इस नियुक्ति से भाजपा कार्यकताओं में नया उत्साह देखने को मिल रहा है।बीजेपी नेताओं और कार्यकताओं ने दी बधाईपार्टी पदाधिकारियों और स्थानीय कार्यकताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि स्मृति कुमारी संगठन को नई दिशा प्रदान करेंगी और पार्टी को अधिक सशक्त बनाएंगी। उनके जिला मंत्री बनने पर भाजपा नेता सचिन माधौगरिया, बैद्यनाथ भगत, नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता, महामंत्री राजकुमार पोद्दार, प्रशांत वर्मा, मंडल अध्यक्ष भरत सिंह सहित अन्य कार्यकताओं ने उन्हें बधाई दी।

## पुलिस में सिपाही के 19,838 पदों के लिए भर्ती



**पटना।** बिहार पुलिस में सिपाही के 19,838 पदों पर नई भर्ती होगी। महिलाओं के लिए 6 हजार 17 पद आरक्षित है। 18 मार्च से 18 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे। सभी अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करेंगे। CSBC के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने इसकी घोषणा मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की है। आयोग के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने कहा इसके लिए विज्ञापन आज प्रकाशित कर रहे हैं। विज्ञापन को आज वेबसाइट पर जारी कर दिया जाएगा। 18 मार्च 2025 से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। 18 अप्रैल 2025 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि सभी अभ्यर्थियों से अपील है कि विज्ञापन को अच्छे तरीके से पढ़ें। इसके बाद ही ऑनलाइन फॉर्म को भरना शुरू करें। आवेदन पत्र जमा करने के बाद उम्मीदवारों को निर्धारित शुल्क का भुगतान भी ऑनलाइन माध्यम से करना होगा। लिखित के बाद फिजिकल भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा (ढएळ) होगी। इसमें सामान्य ज्ञान और बुनियादी विषयों से प्रश्न पूछे जाएंगे। इसके बाद योग्य उम्मीदवारों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा, जिसमें दौड़, ऊंची कूद और गोला फेंक जैसी गतिविधियां शामिल होंगी। इस चरण में सफल उम्मीदवारों की अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी।

# बिहार में चुनाव से पहले 52,525 अफसरों की नियुक्ति होगी

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले 52 हजार 525 अफसरों की नियुक्ति होगी। इनमें 12 हजार 437 से ज्यादा बिहार कर्मचारी आयोग से तो 16 हजार 513 अफसरों की नियुक्ति BPSC के जरिए होगी। ये जानकारी बिहार सरकार में मंत्री विजय चौधरी ने मंगलवार को विधानसभा में दी। दरअसल, विधानसभा में बजट सत्र के आठवें दिन मंत्री विजय चौधरी सामान्य प्रशासन विभाग का बजट सदन में पेश कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, 'चुनाव से पहले नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसमें 176 न्यायिक सेवा के अधिकारी हैं।'विजय चौधरी ने कहा, 'बिहार में 38 लाख हेक्टेयर जमीन की सिंचाई हो रही।है। 15 लाख हेक्टेयर जमीन की सिंचाई शेष है। इसको कवर करने की कोशिश की जा रहीं है। बाढ़ नियंत्रण को लेकर भी सरकार गंभीर है और कम कर रही है। राज्य के खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है। बाढ़ नियंत्रण को लेकर हाइलेवल डैम बनाने की जरूरत है। इसको लेकर नेपाल में जगह चिन्हित कर लिया गया है, लेकिन नेपाल बनने नहीं देता है।' मंत्री विजय चौधरी के जवाब के बाद सदन की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले BJP विधायक हरिभूषण बचौल ने बाबा बागेश्वर के बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा- 'भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा। बिहार में पहले से हिंदू राज है। देख लीजिए, मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री सब हिंदू है।' 'जब हिंदू मुसलमान का बंटवारा हुआ था। तब से भारत हिंदू राष्ट्र है ही। बाबा धीरेंद्र शास्त्री सनातनी को एकजुट करने आए हैं।'RJD विधायक रामवृक्ष सदा ने बाबा



बागेश्वर पर निशाना साधते हुए कहा- 'वो अगर हिंदू रहते तो हर हमेशा हिंदू की रट नहीं लगाते। सबसे पहले बाबा बागेश्वर हिंदू बनने के लिए कहिए। उसके बाद दूसरे को कहिए।'

बचौल के बयान पर आरजेडी विधायक ने कहा- 'देश संविधान से चलता है। किसी के बोलने से नहीं। आगे बिहार में चुनाव है। ये लोग दंगा करवा कर सत्ता हासिल करना चाहते हैं। हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी आपस में भाई-भाई हैं।'बचौल बोले- मेरा बाप चारा चोर नहीं था सोमवार को BJP विधायक हरिभूषण सिंह बचौल ने होली पर मुसलमानों को घर में रहने की सलाह दी थी। उनके बयान पर सियासत गरमा गई है। बचौल के बयान के बाद तेजस्वी ने कहा था- 'बचौल या उसके बाप का राज है क्या।' नेता प्रतिपक्ष के इस बयान पर बचौल ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा- 'मेरा बाप सजायाफ्ता नहीं है। किसी के पिता की तरह मेरा बाप जेल नहीं गया है। चारा चोर नहीं था। ना ही पशुओं का चारा खाया है।' विधानसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई जो एक बार बीच में ब्रेक हुई। लंच के बाद कार्यवाही फिर शुरू हुई जो शाम 5 बजे तक चली। इसके बाद कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।आरा में सोमवार को 25 करोड़ के गहनों की लूट पर विधान परिषद में सीएम नीतीश कुमार ने कहा, 'जहां कहीं भी पता चलता है, तुरंत हम लोग एक्शन लेते हैं। हमको भी ऐसी घटना पर दुख होता है। पता नहीं कौन गड़बड़ करता रहता है। हम तो तुरंत एक्शन लेते हैं। जहां के बारे में शिकायत है लिखकर दीजिए एक्शन होगा।' 38 जिलों में सावित्रीबाई फुले के नाम पर अस्पताल बनेंगे सम्राट चौधरी ने विधान परिषद में कहा, 'बिहार के सभी 38 जिलों में सावित्रीबाई फुले के नाम पर सरकार हॉस्टल बनवाएंगे। बिहार के सभी प्रखंड में डिग्री कॉलेज बनाने का संकल्प सरकार ने लिया है। साथ ही 223 करोड़ रुपए से वीमेंस हॉस्टल भी बनाया जाएगा। इसमें भारत सरकार भी राशि दे रही है।' स्वास्थ्य विभाग में 11, 925 नियुक्तियां होंगी विधान परिषद में प्रोफेसर संजय कुमार के सवाल का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि 'फार्मासिस्ट पद के लिए 2473, एक्स-रे टेक्नीशियन के लिए 1232, ECG टेक्नीशियन के लिए 242, लैब टेक्नीशियन के लिए 2969, सर्जरी असिस्टेंट के लिए 1683, ड्रेसर के लिए 3326 पदों पर भर्ती होगी। बहाली के लिए विज्ञापन को सहमति दी जा चुकी है।

## संक्षिप्त डायरी

### योग दर्शन के लिए है, शक्ति प्रदर्शन के लिए नहीं



**मुंगेर।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर ने सोमवार को मुंगेर के जेएसए मैदान में उज्जवल बिहार महासत्संग को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि योग शक्ति प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि दर्शन के लिए होता है। आर्ट ऑफ लिविंग का दिया मूल मंत्री रविशंकर ने श्रद्धालुओं को स्वस्थ और प्रसन्नचित रहने के मूल मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को हर परिस्थिति में प्रसन्नचित रहना चाहिए। मनुष्य को ज्ञान के पथ पर चलना चाहिए। ध्यान से शरीर को शक्ति मिलती है। इससे बुद्धि में तीक्ष्णता आती है।मां चंडिका धाम में की पूजा-अर्चना कार्यक्रम के बाद श्री श्री रविशंकर को अंगवस्त्र और फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद वे मां चंडिका स्थान पहुंचे और पूजा-अर्चना की। वहां से वे बोधगया में होने वाले अगले कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। उनके आगमन को लेकर सफियावाद स्थित हवाई अड्डे पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई। मुंगेर से जमालपुर कार्यक्रम स्थल तक भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

### सड़क हादसे में 1 मौत, 2 घायल



**बेगूसराय।** में तेज रफ्तार बाइक के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए हैं। घटना मंझौल-गढ़पुरा सड़क पर महुआ मोर के समीप की है। मृतक की पहचान मंझौल पंचायत-3 के वार्ड नंबर-3 निवासी धनिक सदा के पुत्र बुग्गी सदा (37) के रूप में हुई है। हादसे में छोटे सदा का पुत्र संजय सदा (30) एवं जंगली सदा का पुत्र रविन्द्र सदा (32) गंभीर रूप से घायल है। घटना के संबंध में वार्ड सदस्य सुधीर सदा ने बताया कि पल्सर बाइक पर सवार तीनों युवक रात में मंझौल बाजार से लौट रहा था। इसी दौरान महुआ मोड़ के समीप ट्रक ने ठोकर मारकर कुचल दिया। जिसमें बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। थोड़ी देर बाद मौके पर से गुजर रही पुलिस ने तीनों को उठाकर अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई, सूचना मिलते ही हम लोग पहुंचे। इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल बुग्गी सदा की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले की जांच में जुटी पुलिस संजय सदा और रविन्द्र सदा का इलाज चल रहा है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक को छह बच्चे थे, जिनके भरण-पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। मंझौल थाना की पुलिस मामले की जांच-पड़ताल और आगे कार्रवाई कर रही है।

### कटिहार में 2 किशोरी की खंभे से बांध कर पिटाई



**कटिहार।** में दो किशोरी को खंभे से बांध कर उनकी पिटाई की गई है। बारसोई प्रखंड के भवानीपुर पंचायत में स्थित तलवा चौक सरस्वती मंदिर के पास दो किशोरियों के साथ स्थानीय लोगों ने दुर्व्यवहार किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पिंकी कुमारी और शकुंतला कुमारी नाम की दोनों किशोरियां तलवा गांव की रहने वाली हैं। वे मंदिर के चारों ओर लगी लकड़ी के बाड़ को हटा रही थीं। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने उन्हें देख लिया। गुस्साए ग्रामीणों ने दोनों किशोरियों को सीमेंट के खंभे से बांध दिया और आबादपुर पुलिस को सूचना दे दी। फिलहाल, पुलिस ने इस मामले में एक बदमाश को अरेस्ट किया है। पुलिस ने किशोरियों को रस्सी से छुड़ाया सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरियों को रस्सी से छुड़ाया। किशोरियों का कहना है कि मंदिर उनके पिता की जमीन पर स्थापित है, इसलिए वे लकड़ी के बाउंड्री को हटा रही थीं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि दिन में इस तरह की कार्रवाई उचित नहीं है।अंचल पदाधिकारी श्यामसुंदर शाह और थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि दोनों किशोरियों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जमीन के स्वामित्व की भी जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस ने दोनों किशोरियों को पूछताछ के लिए आबादपुर थाने ले गई है। इस मामले में एसपी वैभव शर्मा ने बताया है कि बारसोई अनुमंडल के आबादपुर थाना क्षेत्र में भवानीपुर पंचायत में दो युवतियों को बांधकर कुछ लोगों ने पीटा। इसका वीडियो वायरल हुआ है । वीडियो के संज्ञान में आने के बाद पुलिस गश्ति टीम मौके पर पहुंची और पूछताछ के बाद उसके परिवार के सुपुर्द किया गया। मामले में एफआईआर भी दर्ज हुआ है। मामले में वीडियो में दिख रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया हैं। बाकी लोगों की पहचान की जा रही हैं। जो भी लोग इसमें दोषी होंगे उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया कि अनुसंधान की जा रही है की लड़कियों को क्यों बांधा गया । कुछ बातें सामने आई है की जमीन के मामले में टट्टी हटाने का प्रयास किया गया था, इन सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है।

### पूर्णिया में बेटे ने पिता की कर दी हत्या

**पूर्णिया ।** में बेटे ने पिता की मारपीट कर हत्या कर दी। मारपीट के दौरान बेटे ने पिता को इस कदर धक्का दिया, कि सर सीधे दीवार से जा टकराई। सिर में चोट लगने के कुछ ही मिनटों के भीतर तड़पकर पिता ने बेटे और पोते की आंखों के आगे दम तोड़ दिया। घटना रूपौली की है। मृतक की पहचान रूपौली थाना क्षेत्र के गिद्दा गांव निवासी श्यासर साह के बेटे राम विलास साह के रूप में हुई है। जिनकी मौत के बाद से परिजनों में मातम पसरा है। घटना के बाद से घर के बाहर लोगों की भीड़ लगी है। हत्या का आरोप बड़े बेटे गोपाल साह पर है।घटना की जानकारी देते हुए रिश्तेदार नीरज साह ने बताया कि वे 4 भाई हैं। सभी रूपौली के गिद्दा गांव में रहते हैं। राम विलास साह अपने पोते की गलती पर उन्हें डांट रहे थे। जिद करने पर उन्होंने पोते को थोड़ी पिटाई भी लगाई। बच्चे ने ये बात जाकर अपने पिता गोपाल साह को बताई।बेटे की पिटाई से भड़के गोपाल साह की अपने पिता से कहासुनी हो गई। इस पर पिता ने बेटे पर एक थप्पड़ जड़ दिया। इसी के बाद बेटे ने पीटा के साथ धक्कामुक्की और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान जोर का धक्का देने पर राम विलास साह का सिर दीवार से जा टकराया। इसके कुछ ही देर बाद घरवालों के आंखों के सामने उनकी जान निकल गई।

